वर्ष- 11 अंक-233
लखनऊ, शनिवार 13 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण : मुख्य सचिव 03

मोदी ने सामरिक दृष्टि से भारत को किया मजबूत : पुष्कर सिंह धामी 02

# जम्मू व कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा

## प्रधानमंत्री मोदी ने उधमपुर में जनसभा को किया संबोधित, सत्ता के लिए पूर्व सरकारों ने जम्मू-कश्मीर में बनाई थी 370 की दीवार

### जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी

**उधमपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उधमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे और जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। अब तक जो हुआ वह केवल ट्रेलर था, मुझे तो नए जम्मू कश्मीर की नई और शानदार तस्वीर बनाने में जुट जाना है।

मोदी विकसित भारत के लिए जम्मू-कश्मीर के निर्माण की गारंटी दे रहा है लेकिन कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, जम्मू-कश्मीर को फिर उन पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्ता के



लिए पूर्व सरकारों ने जम्मू-कश्मीर में 370 की दीवार बनाई थी। यहां के नेताओं ने लोगों में खौफ भर दिया था लेकिन मोदी ने अनुच्छेद 370 की दीवार को ध्वस्त कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यह लोग कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता ने इन्हें आईना दिखाते हुए इनको इनकी असलियत बता दी। यही लोग अब जम्मू-कश्मीर के बाहर देश के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आपसे कहा था कि आप मुझ पर भरोसा कीजिए, मैं 60 वर्षों की समस्या का समाधान करके दिखाऊंगा। तब मैंने यहां माताओं-बहनों के सम्मान की गारंटी दी थी, गरीब को दो वक्त के खाने की चिंता न करनी पड़े, इसकी गारंटी दी थी। आज जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों के पास अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं भारत के किसी भी राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे, यह देश उनकी ओर देखेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि इन परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू कश्मीर का जितना नुकसान किया, उतना नुकसान किसी ने नहीं किया। जम्मू-कश्मीर अब पर्यटन के साथ स्टार्टअप के लिए जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत विरोधी है। कांग्रेस और उनका गठबंधन राम मंदिर का विरोध करता रहा, तुष्टिकरण की राजनीति कर एक बड़े वर्ग को चिढ़ाता रहा।

### पीएम 16 को पूर्णिया में करेंगे सभा

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को बिहार आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दरभंगा विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की चुनावी रैली पूर्णिया में अभूतपूर्व होगी और इस रैली में दो लाख से ज्यादा लोग मौजूद होंगे। राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में पूर्णिया आए थे और एक बार फिर प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को पूर्णिया आ रहे हैं।

### दुनिया ने माना भारत तेजी से बढ़ती शक्ति : राजनाथ



**गौचर (चमोली)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया ने स्वीकार किया है कि भारत विश्व की तेजी से बढती शक्ति है। श्री सिंह ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में यहां जनसभा को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि आज भारत के हर निर्णय पर दुनिया के देशों की नजर टिकी रहती है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव बढा है। श्री सिंह ने उत्तराखंड के लोगों में राष्ट्र की रक्षा, सैन्य सेवा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राज्य वीरों की भूमि है। उन्होंने यहां की धरती को देवभूमि बताते हुये कहा कि पूरी दुनिया उत्तराखंड को देव भूमि और आध्यात्म की भूमि मानकर सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की वन रैंक वन पेंशन की मांग लम्बे अर्से से की जा रही थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर कार्य सम्भालते ही सबसे पहले सेना में 'वन रैंक वन पेंशन' की मांग को पूरा किया।

### सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का किया विरोध



**मुरादाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प भाजपा सरकार ने पूरा किया। पांच सौ साल बाद रामलला टेंट से निकल कर भव्य मंदिर में विराजे। आगामी रामनवमी पर पहली बार भगवान राम का जन्मोत्सव भव्य मंदिर में मनाया जाएगा। सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा राम मंदिर का विरोध किया। इन दलों ने राम मंदिर उद्घाटन का भी विरोध किया। अमित शाह शुक्रवार को मुरादाबाद और संभल लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त रैली को संबोधित कर रहे थे। मुरादाबाद जिले के सेंट मैरी स्कूल के पीछे मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि मेरे उप्र ने वर्ष 2014 में 73 सीटें दीं और वर्ष 2019 में 65 सीटें। इसकी वजह से नरेन्द्र मोदी दो बार प्रधानमंत्री बने। इस बार मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट भाजपा की झोली में डालकर लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। वर्ष 2014 से पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में ग्यारहवें स्थान पर थी। बीते 10 वर्षों में मोदी के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर आ गई।

### पंचमं स्कन्दमाता



**सिंहसनगता नित्यं पद्मश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की पूजा का दिन होता है। इनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। इनका वाहन सिंह है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूर्ण होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस्थापितों के लिए फॉर्म एम भरने की प्रक्रिया खत्म

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आम चुनाव-2024 में कश्मीरी प्रवासियों को मतदान की सुविधा देने से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने जम्मू और उधमपुर में रहने वाले घाटी के विस्थापित लोगों के लिए फॉर्म-एम भरने की बोझिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त जम्मू और उधमपुर के बाहर रहने वाले प्रवासियों (जिनके लिए फॉर्म एम जमा करना जारी रहेगा) के लिए ईसीआई ने फॉर्म-एम के साथ संलग्न प्रमाणपत्र के स्व-सत्यापन को अधिकृत किया है। इससे प्रमाणपत्र को राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराने की परेशानी दूर हो गई है। आयोग ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ एक बैठक में यह निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि आयोग को फॉर्म-एम भरने में आने वाली कठिनाइयों पर कई कश्मीरी प्रवासी समूहों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे।

### सड़क हादसे में दो परिवारों के चार लोगों की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जनपद के वृन्दावन में ठाकुर बांकेबिहारी के मंदिर से गुरुवार को दर्शन कर कार से वापस दिल्ली लौट रहे चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जैंत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के मोतीनगर निवासी और पेशे से सीए विशाल त्यागी कार चला रहे थे। वृन्दावन से जैसे ही उनकी कार अल्हैपुर कट से होते हुए राजमार्ग की दिल्ली वाली लेन पर पहुंची, पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने बताया कि कार में विशाल के दोस्त दीपक के पिता ज्ञानचंद अगली सीट पर बैठे थे। वहीं विशाल की पत्नी प्रीति (26), उसकी चार महीने की बच्ची दिविशा, विशाल का दोस्त दीपक कनौजिया (32) और दीपक की मां स्नेहलता कार की पिछली सीट पर बैठे थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए बन रहे थे असलहे, पकड़ी फैक्ट्री

**फिरोजाबाद।** टूण्डला थाना पुलिस टीम ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री को पकड़ा है। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना टूण्डला प्रभारी अनुज कुमार ने पुलिस टीम के साथ सूचना पर अभियुक्त रवि पुत्र अशोक निवासी छिकाऊ थाना पचोखरा को किशन होटल के पीछे पुराना पशु हाट में बने खण्डहर टूण्डला से गिरफ्तार किया है। चार तमंचे 315 बोर, एक पौनिया 315 बोर, दो अधबना तमंचा 315 बोर, तीन नाल छोटी बड़ी 12 बोर, तीन नाल छोटी बड़ी 315 बोर, सात छोटी बड़ी रेती, दो छोटी बड़ी रेती नाल, चार छोटी बड़ी छैनी, एक कारतूस 315 बोर जिंदा, चार आरी पत्ता बड़े आदि सामान बरामद किया है।

### दिल्ली के मुख्य सचिव व अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज

**अल्मोड़ा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार और उनके अधीनस्थ काम करने वाले अधिकारी वाईवीवीजे राजशेखर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश के बाद राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अदालत ने बीते 2 मार्च को अफसरों के खिलाफ एक गैर सरकारी संगठन प्लेज़ेंट वैली फाउंडेशन की शिकायत को स्वीकार किया था।

### दरोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर जिले के मछरेहटा थाने में तैनात एक दरोगा ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि दरोगा ने थाने के पीछे जाकर खुद को गोली मारी है। दरोगा के पास से सुसाइड नोट मिलने की चर्चा है। सीतापुर जिले के मछरेहटा थाने में तैनात प्रोन्नति दरोगा मनोज कुमार (55) वर्ष थाने के परिसर में ही रहते थे। शुक्रवार की सुबह वह तैयार होकर ड्यूटी पर आ गए। मामले में सुसाइड से पहले एसएचओ पर गंभीर आरोप हैं कि वह बिना रुपये लिए मछरेहटा के एसएचओ कोई काम नहीं करते थे। और दरोगा ने मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर खुद को गोली मारी है। मामले में एसपी ने जांच कमेटी गठित कर दी है।

## निर्वाचन आयोग ने की लोकसभा की 94 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

▸ 20 को होगी पर्चों की जांच, 22 तक नाम लिए जा सकेंगे वापस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे।

भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान सात मई को करायें जायेंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरु हो गयी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे। मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान के लिए अलग से अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी की गई। इस सीट के लिए दूसरे चरण में होने वाला चुनाव बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया था।

## रामेश्वर कैफे विस्फोट का मास्टरमांइड बंगाल में गिरफ्तार

▸ आरोपियों की पहचान मुसाविर हुसैन व अब्दुल मथीन के रूप में हुई

एजेंसी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद निरोधक बल ने शुक्रवार को बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे विस्फोट के दो मुख्य आरोपियों को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले से गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

एनआईए ने अपने बयान में कहा कि एजेंसी विस्फोट मामले की जांच कर रही है और दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रुप में की गयी है। शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली



का निवासी मुसाविर हुसैन शाजिब इसका मास्टरमाइंड था और उसने ही विस्फोट को अंजाम दिया था। बयान में कहा कहा गया है कि मुसाविर हुसैन शाजिब वह आरोपी है जिसने कैफे में आईईडी रखा था और अब्दुल मथीन ताहा विस्फोट की योजना बनाने, उसे अंजाम देने और उसके बाद कानून के चंगुल से बचने का मास्टरमाइंड है। बयान के मुताबिक एनआईए आज सुबह कोलकाता के पास फरार आरोपियों का पता लगाने में सफल रही, जहां ये लोग झूठी पहचान बताकर छिपे हुए थे।

एनआईए द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया यह प्रयास केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल पुलिस की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच ऊर्जावान समन्वित कार्रवाई और सहयोग द्वारा समर्थित था। बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। जांच में मुख्य आरोपी का पता लगाने के लिए 1,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की समीक्षा शामिल है।

### एनआईए की अदालत ने चार माओवादियों को सुनाई कैद की सजा

**नई दिल्ली।** केरल पुलिस कर्मियों के खिलाफ धमकी, हमले और आगजनी के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने चार माओवादियों को कैद की सजा सुनाई है। एनआईए की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान के मुताबिक वर्ष 2014 के इस मामले में अदालत ने इन सभी आरोपितों को 9 अप्रैल को सजा सुनाई थी। एनआईए की अदालत ने आरोपित रूपेश को 10 साल की कैद एवं 2.35 लाख रुपये जुर्माने, आरोपित कन्या कुमारी को 6 साल की कैद एवं 1.05 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है जबकि आरोपित अनूप को 8 साल की कैद एवं 60 हजार रुपये के जुर्माने एवं इब्राहिम को 6 साल की कैद और 40 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में स्थानीय वेलमुंडा थाने की पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसके बाद एनआईए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। घटना 24 अप्रैल 2014 की है। एनआईए ने इन आरोपितों के खिलाफ 30 जनवरी 2018 को चार्जशीट दाखिल की थी। एनआईए ने इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ, यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

## कौशाम्बी-कुशीनगर से सपा के उम्मीदवार घोषित

▸ बदायूं में आदित्य यादव के नाम से खरीदा गया पर्चा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही बदायूं सीट पर पार्टी के घोषित उम्मीदवार शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव के चुनाव मैदान में उतरने की बात साफ हो गई है। उनके नाम से सपा जिलाध्यक्ष ने नामांकन पत्र खरीदा है।

सपा ने कौशांबी सीट पर विधायक इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज को टिकट दिया है। इंद्रजीत सरोज सपा के राष्ट्रीय महासचिव और मंझनपुर से पांचवीं बार विधायक हैं। वहीं कुशीनगर लोकसभा सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को चुनाव मैदान में



उतारा गया है। सपा की बदायूं सीट पर प्रत्याशी बदलने की चल रही अटकलों पर आज विराम लग गया। यहां से अब शिवपाल यादव की जगह उनके बेटे आदित्य यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव या पार्टी की ओर से घोषणा तो नहीं की गई लेकिन औपचारिकता के लिए आज सपा जिलाध्यक्ष ने आदित्य यादव के नाम से नामांकन पत्र खरीदा है। जिलाध्यक्ष ने बदायूं से आदित्य यादव के प्रत्याशी होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में आदित्य यादव नामांकन करेंगे।

### बसपा ने जारी की नौ प्रत्याशियों की एक और सूची आजमगढ़ से भीम राजभर को बनाया उम्मीदवार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को 9 उम्मीदवरों की एक और लिस्ट जारी की है। ये बसपा की चौथी लिस्ट है। इस लिस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। इसका अलावा बसपा ने एटा लोकसभा सीट से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्टगंज से धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि बसपा ने अभी तक 45 प्रत्याशियों का एलान कर दिया है।

### बीजेपी नेता ने खुद को मारी गोली, मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर मे शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में भाजपा नेता निधीश राज गर्ग ने स्वयं को लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी से सटाकार गोली मार ली, जिसमें इलाज के दौरान मौत हो गई। वही पुलिस गहनता से जांच-पड़ताल मे जुट गई। दरअसल थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत महावीर चौक मार्ग पर अल गर्ग नामक क्लिनिक पर स्वयं बीजेपी नेता निधीश राज गर्ग ने शनिवार को उस अपने प्रतिष्ठान पर संदिग्ध परिस्थिति के चलते स्वयं को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। निधीश राज गर्ग भी अपने पिता के कार्य मे सहयोग और राजनितिक कार्यों मे भी जुटे रहते थे। कुछ समय पूर्व से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लगातार भाजपा प्रत्याशियों के कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे थे।

## आतंकवादी भर्ती, सहायता और फंडिंग के मॉड्यूल का पर्दाफाश

▸ एसएसओसी ने प्रभप्रीत सिंह को दिल्ली हवाई अड्डे से दबोचा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** आतंकवाद के विरुद्ध चल रही मुहिम के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने आतंकवादी भर्ती करने, फंडिंग और सहायता करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है।

एसएसओसी अमृतसर ने जर्मनी आधारित संचालक प्रभप्रीत सिंह सिद्धू को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से गिरफ़्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में कुछ नामवर शख्सियतों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और इस काम को पूरा करने के लिए उसने अपने भारत आधारित साथियों को हथियार और वित्तीय सहायता की थी। पंजाब पुलिस ने इस मॉड्यूल के चार गुर्गों को गिरफ़्तार करके इसका पर्दाफाश किया और उनके कब्ज़े से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये थे। इस सम्बन्धी पुलिस ने 19 दिसंबर 2020 को थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सैल, अमृतसर में मामला दर्ज किया गया था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ़्तार किए गए मुलजिमों ने खुलासा किया था कि वह वांछित आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा और उसके करीबी प्रभप्रीत सिंह के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ़्तार किये गए मुलजिमों ने यह भी खुलासा किया था कि वह नामवर शख्सियतों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

### मुनाफावसूली के दबाव में लुढ़का बाजार, निवेशकों के 2.42 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चौतरफा गिरावट का शिकार हो गया। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से बिकवालों का कब्जा हो गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.06 प्रतिशत और निफ्टी 1.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही।

## माफिया नहीं तय करेंगे उत्तर प्रदेश की व्यवस्था : मुख्यमंत्री योगी

समृद्धि न्यूज

**सहारनपुर।** देश में आम चुनाव के लिए पहले चरण में चुनाव प्रचार जोरों-शोरों से चल रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों में पहले चरण का चुनाव प्रचार अंतिम चरण की ओर है। अगले हफ्ते बुधवार को चुनाव प्रचार थम जाएगा और शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को पहले चरण में वोटिंग होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर भी चुनाव होंगे। इनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत सीट शामिल हैं।

सहारनपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि माफिया प्रदेश की व्यवस्था तय नहीं



करेंगे। उन्होंने कहा कि माफिया वहीं जाएगा, जहां उसकी जगह है। कोई समझौता नहीं करेंगे। योगी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के लोग कैसे उनके सामने दुम दबाकर चलते थे। कांग्रेस के लोग कैसे नतमस्तक हुआ करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था पर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की।

चुनाव

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया

## उत्तर प्रदेश के 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रारम्भ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 12 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

नामांकन करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य की जा सकेगी। तृतीय चरण के प्रथम



दिन केवल एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूं में भारतीय जनता पार्टी से दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2024 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को की जायेगी। 22 अप्रैल को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तृतीय चरण का मतदान 07 मई को सम्पन्न होगा।

उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। 06 जून से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.01 करोड़ पुरूष मतदाता, 87.48 लाख महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 12339 मतदान केन्द्र तथा 20415 पोलिंग बूथ हैं।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनुजाति, अनुजनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय,राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावकों की आवश्यकता होगी।

### तृतीय चरण के तहत आते हैं 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत 8-सम्भल, 16-हाथरस अजा, 18-आगरा अजा, 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न होना है। तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों में 08 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

# डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम (निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल) का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। डीएम ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों व कार्मिकों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई गई है, वे सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम श्रद्धा सिंह, विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ईवीएम-वीवी पैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन आज

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय पर शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन होगा। शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन की तैयारी का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।बताते चलें कि स्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियां की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन प्रथम रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इसके पश्चात लोकसभा चुनाव के लिए बीयू, सीयू एवं वीवी पैट का विधानसभावार आवंटित हो जायेगी। इसके पश्चात विधानसभावार वीवी पैंट वेयरहाउस में सीयू, बी यू एवं वी वी पैंट को अलग अलग रूम में शील्ड कराया जायेगा।

## बीईओ ने केजीबीवी का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय महमूदाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के लिए सम्बंधित को निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी अवर अभियंता लघु सिंचाई सतीश कुमार श्रीवास्तव ग्राम पंचायत सचिव धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, अखिलेश वर्मा तकनीकी सहायक आदि के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय बंद पाया गया। अनुचर सूर्य नारायण गिरी व होमगार्ड रामकुमार मौजूद रहे। अन्य कोई कर्मचारी मौजूद नहीं थी छात्रायें उपस्थित नहीं थीं।विद्यालय में लगे वाटर कूलर व हैण्ड पम्प क्रियाशील पाये गये।

# अर्बन बैंक ने कमाया सर्वाधिक लाभ, हुई बैठक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक लखीमपुर ने बैंक के सभागार में एक बैठक का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय परिणामो को बंक की अंतरिम प्रबंध कमेटी के सम्मुख प्रस्तुत किये।

बैठक की अध्यक्षता बैंक की अंतरिम प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष रजनीश प्रताप सिंह सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता लखीमपुर ने की। बैंक बैठक में राजेश सिंह ए डी सी ओ ,सदस्य , अंतरिम प्रबंध कमेटी,बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शवल गुप्ता तथा बंक के सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिर रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय परिणामो को रखते हुए



बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शवल गुप्ता ने बताया की इस वर्ष बैंक की सभी क्षेत्रो में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। बैंक की जमाओं में 3285 लाख, ऋणों में 1968 लाख की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में बैंक के विनियोजन 823 लाख बढ़े ओर बैंक की कार्य में 3582 लाख रूपये की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा की यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि बैंक के एन पी ए विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक न्यूनतम स्तर पर रहे है ओर शुद्ध एन पी ए शून्य रहा। बैंक का शुद्ध लाभ अब तक का सर्वाधिक मु 471.00 लाख रहा ओर बैंक ने इस लाभ पर सरकार को 114.00 लाख रुपया का आयकर भी दिया।

बैठक में बैंक अंतरिम प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अधिकारियो/कर्मचारियों की प्रशंसा की तथा किये गए प्रयासो की सराहना करते हुए बधाइयाँ दी, तथा विश्वास प्रकट किया कि बैंक का सभी स्टाफ इसी प्रकार से बैंक की प्रगति में अपना योगदान देता रहेगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी शवल गुप्ता द्वारा बैंक प्रबंध का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आग में 27 हजार नगदी समेत सामान जलकर खाक

**बाबू जी कैसे होगा बेटी का ब्याह, आगजनी में सब कुछ हो गया खाक**

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांप में 10 अप्रैल की देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई ,महिला ने जैसे तैसे खुद को और बच्चो को बचा लिया पर कोई भी सामान न बचा सकी। घर मे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।

थाना भीरा क्षेत्र के कांप गांव की निवासी शिवरानी पत्नी स्व0 लालजीत के घर में दस अप्रैल की देर रात अचानक आग लग गई जब आग



तेज हुई तब जानकारी हुई जैसे तैसे परिवार को बचाया लेकिन घर का कोई भी समान नही बचा पाई।

शिवरानी ने बताया मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करती हैं ,एक बेटी है जिसका विवाह तय है बेटी के विवाह के लिए जो भी पूंजी इकठ्ठा की थी वो सब जलकर राख हो गई। घर ग्रहस्ती का सारा सामान,धान, गेहूं, आटा ,चावल,चारपाई,व अन्य सामान सहित 27 हजार रुपये नगद भी जलकर खाक हो गयी।पीड़िता ने बताया ग्राम प्रधान द्वारा आग लगने की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई हैं।

### 25अप्रैल को होना था बेटी का विवाह

शिवरानी ने रोते हुए बताया 25 अप्रैल को बिटिया की शादी होनी है, अब कैसे होगा गरीब की बेटी का ब्याह। जब सब कुछ जलकर खाक हो गया।

## चुनावी चौसर में जुट गए राजनैतिक पार्टियों के नेता कार्यकर्ता

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई है। सभी दल अपने चुनावी कैंपेन को अंतिम रूप देने में लगे हैं और साथ ही समर्थकों के साथ गांव-गांव पहुंचकर जन संपर्क अभियान की शुरुआत भी कर दी है। इसी क्रम में लोकसभा 53 बाराबंकी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थकों द्वारा आज विधानसभा हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत सहावर और पोखरा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया और लोगों से तनुज पुनिया के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राम मगन रावत युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी दुखहरण यादव कांग्रेसी नेता सरवर सिद्दीकी वीरू यादव कल्लू शर्मा वसीम सिद्दीकी आदिल आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे एसपी सिंह




**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला लखीमपुर खीरी पूरी तरीक़े से कटिबद्ध है। जि़ला रैली से लेकर स्कूल रैली एवं डोर टू डोर कैम्पेन के साथ ही हर एक वोटर पर नज़र बना रखी है , कि आने वाली 13 मई को हर वोटर वोट करे । महिला एवम पुरुष मतदाताओं को जागरूक करने के साथ साथ थर्ड जेंडर/ट्रांसजेंडर मतदाताओं से भी निरंतर मुलाकात करके उनको भी जागरूक किया जा रहा है। इलेक्शन आइकॉन एस पी सिंह ने तहसील गोला के ब्लाक बिजुआ के कस्बा बिजुआ में जूली, नैना, नगीना और रेशमा से मिले और बैठकर मतदान के विषय में चर्चा की। बता दें 13 मई को जनपद में मतदान है जिसमे सबकी प्रतिभागिता के बारे में बताया। एस पी सिंह ने जिला अधिकारी खीरी/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में सबको बैठकर बताया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम पर चर्चा की। सहायक जिला स्वीप नोडल प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक बृजभूषण चौधरी के निर्देशन में स्वीप आइकॉन ट्रांस जेंडर मतदाताओं से मिलने पहुंचे थे और सभी को मतदाता जागरूकता के विषय में बताने के उद्देश्य से पहुंचे थे। अंतर्राष्ट्रीय ट्रांस जेंडर विजिबिलिटी दिवस 31 मार्च को मनाया जाता है उसी के क्रम में निर्वाचन कार्यालय उत्तर प्रदेश एवम जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखीमपुर खीरी के आदेश के क्रम में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक थर्ड जेंडर/ ट्रांस जेंडर मतदाताओं की सहभागिता हेतु मतदाता शिक्षा एवम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं । एस पी सिंह ने बताया जनपद के समस्त ट्रांस जेंडर मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी को अपने मताधिकार के महत्व के बारे में बताना बहुत महत्वपूर्ण है।

एसपी सिंह ने संवाददाता विकास वर्मा से बातचीत में बताया कि हर किसी का वोट लोकतंत्र के पर्व में महत्वपूर्ण है , यह हमारे लोकतंत्र को और सुदृढ़ करेगा । जिला लखीमपुर खीरी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करेगा और समाज को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

### मतदाता जागरूकता बाइक देखकर खुश हुई किन्नर जूली

किन्नर जूली एस पी सिंह की मतदाता जागरूकता बाइक देखकर अत्यंत प्रसन्न हो गई। बोली ,सर मैं आपकी बाइक के साथ एक फोटो जरूर खिंचाऊंगी। किन्नर जूली पढ़ी लिखी हैं उन्होंने बाइक देखते ही बाइक पर लिखा संदेश देखकर बाइक की सराहना करते हुए कहा , ये बाइक स्वयं अपने आप में एक मतदाता जागरूकता संदेश है , जिधर से निकल जाय उधर ही लोग जान जायेंगे कि वोट देना बहुत जरूरी है। उन्होंने जनपद वासियों को वीडियो संदेश के माध्यम से संदेश देते हुए कहा , हम सब 13 मई के लिए तैयार हैं , क्या आप तैयार हैं ? साथ ही इन सबके गुरु रेशमा ने बताया हम सबको बताएंगे की 13 मई को वोट देने जाना है।

### जहां बधाई लेने जाएंगे वहां देंगे मतदाता जागरूकता संदेश: रेशमा

गुरु रेशमा ने एस पी सिंह से कहा हम लोग रोज क्षेत्र में बधाई लेने जाते हैं। उनके क्षेत्र में लगभग 14 गांव आते हैं , हम सभी लोग उन सब गांवों में घर घर जाकर मतदाता संदेश देंगे। जहां बधाई लेने जाएंगे वहां मतदाताओं को समझाएंगे कि आने वाली 13 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट जरूर करें।

## खबरें एक नजर में

### गरीबी से तंग आकर युवक ने दी जान

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के कस्बा मोहम्मदी में गरीबी से तंग आकर एक 25 वर्षीय युवक ने तालाब में छलांग लगा दी। युवक को अचानक तालाब में कूदता देख लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई। गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से निकाला गया। लेकिन तब तक युवक की जान जा चुकी थी। पुलिस ने बताया कि, मृतक रक्षपाल 24 पुत्र महेश कस्बा मोहम्मदी के मोहल्ला देवी स्थान का रहने वाला है, जो मजदूरी कर अपना और अपने भाई बहनों पालन पोषण करता था। युवक काफी दिनों से गरीबी के चलते परेशान रहता था। इसी के चलते उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### मुखबिर की सूचना पर युवक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस के जवानों द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर एक आरोपी को घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया जिसके के पास एक अदद अवैध चाकू बरामद कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सिपाही रितुराज अरविन्द्र शैलेश सहित पुलिस के जवानों के साथ गश्त को निकले थे।और मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मोहल्ला बडापूरा ईदगाह के पास बहुत ही चलाकी के साथ घेराबंदी कर असलम पुत्र अनवर मोहल्ला मुक्खिन थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफतार किया गया? जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के पास एक अदत अवैध लोहे का चाकू बरामद करने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया आरोपी को गिरफतार कर चाकू बरामद किया गया है।

### जिलाधिकारी ने किया गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को एसडीएम नवाबगंज और डिप्टी आरएमओ के साथ तहसील नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत सफदरगंज मंडी स्थित गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहाँ पर कुछ किसान अपना गेंहू लेकर तौल कराने आये थे उनसे बातचीत की एवं क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद सफदरगंज पल्हरी क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। उपस्थित गांव के किसानों से बातचीत की, गेंहू लेकर आने वाले किसानों को कोई असुविधा न हो। इसके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा रामनगर तिराहा बाईपास स्थित राजकीय गेंहू क्रय केंद्र पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला मजिस्ट्रेट ने सम्बंधित अधिकारियों को रबी विपणन वर्ष, 2024-25 में प्राथमिकता के आधार पर जनपद हेतु प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत गेहूं क्रय किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही क्रय केंद्र परिसर की साफ सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

# एमएलसी अवनीश पटेल ने की राजरानी रावत को जिताने की अपील



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही सभी राजनीतिक दलों ने जनसंपर्क अभियान और बैठको का कार्यक्रम तेजी से शुरू कर दिया है पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में लोकसभा 53 बाराबंकी से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत पश्चिम में मतदान के लिए बाराबंकी जनपद के प्रभारी एमएलसी अवनीश पटेल के नेतृत्व में दहिला चौराहे पर एक बैठक आहूत की गई जिसमें क्षेत्रीय भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं और जनता के बीच पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और भाजपा प्रत्याशी को जीतने की अपील करें।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंबरशरण जायसवाल सुशील पटेल लंबरदार प्रधान प्रतिनिधि त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला मिथिलेश रावत मंडल महामंत्री ओबीसी मोर्चा अरविंद वर्मा प्रधान सोनू सिंह ताराचंद वर्मा सनी वर्मा रामराज वर्मा महेश वर्मा अंकुर वर्मा राकेश वर्मा वासुदेव सुनील वर्मा पूर्व प्रधानमंत्री मंसाराम वर्मा ललित वर्मा राजबहादुर वर्मा भूपेंद्र सिंह अखिलेश वर्मा लवकुश पांडे सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एहतराम के साथ मनाई गई ईद

**जैदपुर बाराबंकी।** अकीदत व एहतेराम के साथ कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अदा की गयी ईद नमाज। मौके पर क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस के जवान व राजनीतिक दल के लोग भी मौजूद रहे। ज्ञात होकि खुशियों के पर्व ईद के मद्देनजर नगर पंचायत जैदपुर सहित आस पास क्षेत्र में शांति पुर्वक बहुत ही अकीदत व एहतेराम के साथ ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों द्वारा एक दूसरे को गले लगाकर हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाया गया लोग अपनी बहन बेटियों दोस्त रिश्तेदारों के घर जाकर बधाई देने के साथ सिवाईयों व अन्य पकवानों का जायका लेते नजर आये। पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद व समाजसेवी सलिम के आवास सहित अन्य लोगों के यहां आज भी लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। ईद के पर्व को लेकर क्षेत्र में काफी चहल-पहल होने के साथ मासूम बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। अपने बड़ों से त्योहारी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।वहीं कई जगह ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जहां दिलों से तमाम नफरतों को भूल एक दूसरे को गले से लगाकर ईद के महा पर्व की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

## ईदगाहों में ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्वक अदा कर गले मिले लोग



**मितौली खीरी।** कस्बा सहित क्षेत्र के ईदगाहों में ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी। रंग बिरंगी पोशाकों से ईदगाहों से लेकर मस्जिदों तक नूरानी शमां नजर आई। मितौली कस्बे में गुरुवार को ईद उल फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कस्बे की नई ईदगाह में सबसे पहले सुबह 8 : 30 बजे ईद की नमाज अता की गई। यहाँ पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एजाज ने ईद की नमाज अदा कराई। पुरानी ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा की गई। यहाँ पर नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इरफान ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई। वहीं कादरी मस्जिद इस्लामनगर में सुबह 9ः30 बजे नमाज अदा की गई। यहां पर मस्जिद के इमाम हाफिज राशिद खान ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। बच्चों ने भी नमाज पढ़कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद हिन्दू भाईयों ने मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व विधायक सुनील लाला, जिला मंत्री भाजपा ब्रजेश सिंह भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद बाद दी। ईदगाहों के बाहर लगे मेले में बच्चे लुफ्त उठाते नजर आए। इस मौके पर ईदगाह और मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, थाना प्रभारी मितौली राजू राव, इस्पेक्टर क्राइम सन्तोष कुमार ने ईदगाहों और मस्जिदों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# ग्राम्यांचल पीजी कॉलेज में मेधावियों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम्यांचल पीजी कॉलेज में संचालित सभी संकाय में एक-एक मेधावी छात्र-छात्रा को निशुल्क पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की जिम्मेदारी का एक अभिनव प्रयास शुरू किया जा रहा है, जिसका संपूर्ण खर्चा कॉलेज प्रशासन बहन करेगा। कॉलेज के निदेशक पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने आज एक प्रेस वार्ता में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया की मेरे पिता ग्राम्यांचल शिक्षा संकुल के संस्थापक पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी व मेरी माता स्वर्गीय श्रीमती प्रेमा अवस्थी का यह मानना था कि मेधावी गरीब छात्र-छात्राएं धनाभाव के चलते शिक्षा से वंचित न रह जाए। पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने कहा कि माता-पिता के इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पहली मई से प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना 2024 को लागू किया जा रहा है। इस योजना में प्रतिभाग करके



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की पाठ्यक्रम शिक्षक निशुल्क होगा। इस परीक्षा में गैर जनपद के भी मेधावी छात्र हिस्सा ले सकते हैं।

इस योजना में प्रतिभाग करने के लिए 1 मई से 15 मई तक कॉलेज के कार्यालय में फार्म उपलब्ध होंगे। सत्र 2023 24 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होने वाले समस्त छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। महाविद्यालय की चेयरपर्सन डॉ सुप्रिया पाठक ने बताया कि इस परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्रा आगामी वर्ष 2024 25 से प्रतिवर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी कृषि, बीएड,बीपीएड कक्षाओं में एक विद्यार्थी को निशुल्क पाठ्यक्रम के शिक्षक की सुविधा प्रदान की जाएगी। गत वर्ष इस योजना से जुड़े एक छात्र आशू मौर्य को आज उसके अभिभावक संग पंडित सिद्धार्थ

**इस योजना में प्रतिभाग करने के लिए 1 मई से 15 मई तक कॉलेज के कार्यालय में उपलब्ध होंगे फार्म**

अवस्थी ने सम्मानित भी किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा चलाई जा रही इस अनूठी योजना गरीब छात्रों के लिए बहुत बड़ी पहल है। इस योजना के लागू होने से गरीब मेधावी छात्रों का भविष्य संवारने का काम विद्यालय प्रशासन का सराहनीय कार्य है।

इस मौके पर प्राचार्य लालमणि शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ राजेंद्र यादव, कोऑर्डिनेटर इंजीनियर परिणय श्रीवास्तव, इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रेम कुमार गुप्ता प्राध्यापक डॉक्टर सुधीर मिश्रा विष्णु कांत मनीष मिश्रा तरुण यादव आदि सहित कॉलेज के विभिन्न संकायों के प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

# बीएसए ने चलाया चेकिंग अभियान, 5 शिक्षक,10 शिक्षा मित्र मिले गैर हाजिर

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शुक्रवार को जिले में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न विकास खण्डों में 67 विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान 01 प्रधानाध्यापक, 05 सहायक अध्यापक व 10 शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले।प्राथमिक विद्याल मंजीठा, बंकी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय बंकी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्याल मंजीठा पहुंचे, यहां पर 01 सहायक अध्यापक छुट्टी पर मिले। नामांकित 96 बच्चों के सापेक्ष 41 बच्चे उपस्थित मिले। बीएसए ने परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। बीएसए ने प्रधानाध्यापक को नामांकन के सापेक्ष शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए।

**02- प्राथमिक विद्यालय बरहाहार, बंकी:** इसके उपरांत बीएसए द्वारा इसी विकास खण्ड के बरहाहार विद्यालय का निरीक्षण किया गया। मुख्य गेट के पास से लेकर पूरे परिसर में बड़ी-बड़ी घास व झाड़ियां उगी मिलीं। दिव्यांग शौचालय तक आवागमन सर्वसुलभ नहीं पाया गया। मुख्य गेट से विद्यालय भवन तक मुख्य खण्ड़ंजे पर भी घास उगी मिली। प्रधानाचार्य कक्ष के विंडो जर्जर होने से ईंट आदि भरी हुईं पायी गयीं। विद्यालय में पंजीकृत 34 के सापेक्ष 11 बच्चे ही उपस्थित मिले।

**03- प्रा.विद्य नानमऊ, हरख:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय हरख विकास खण्ड के प्रावि नानमऊ का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर नामांकित 65 बच्चों के सापेक्ष 27 बच्चे उपस्थित मिले। कार्यरत 7 स्टाफ के सापेक्ष 02 सहायक अध्यापक अवकाश पर तथा 01 शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं। बीएसए ने प्रधानाध्यापक को नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा निर्माणाधीन शौचालय का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बीएसए द्वारा शिक्षामित्र की 02 फरवरी से लगातार अनुपस्थिति के सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

**04- प्राथमिक विद्यालय मेंहदीपुर, हरख:** बीएसए द्वारा मेंहदीपुर विद्यालय का निरीक्षण किया गया। नामांकित 46 के सापेक्ष 22 छात्र/छात्राएं उपस्थित मिलीं। उपस्थित शिक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानाध्यापिका विद्यालय के कार्य से बाहर गयी हुईं। कक्षा-5 में शिक्षिका द्वारा पढ़ाये जा रहे जोड़, घटाव व गुणा के सवाल के सम्बंध में बीएसए द्वारा जब बच्चों को ब्लैकबोर्ड पर हल करने हेतु बुलाया गया तो बच्चे हल नहीं कर पाए।

**05- प्रावि न्योली, हरख:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय न्योली का निरीक्षण किया गया। यहां पर मात्र 22 बच्चे नामांकित हैं, जिनके सापेक्ष 15 छात्र/छात्राएं उपस्थित मिले। 01 सहायक अध्यापक अवकाश पर मिलीं। विद्यालय में नामांकन बेहद कम पाए जाने पर बीएसए ने समस्त स्टाफ को नवीन नामांकन हेतु विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित गया गया।

**06- प्राथमिक विद्यालय रतन बाजार, हरख:** बीएसए द्वारा विद्यालय रतन बाजार का निरीक्षण किया गया, यहां पर नामांकित 49 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 38 बच्चे उपस्थित मिले। 01 शिक्षामित्र अवकाश पर थीं। बीएसए द्वारा कक्षा-4 के बच्चे से गिनती एवं पहाड़ा पूछा गया तो बच्चा उत्तर नहीं दे पाया।

**07- प्राथमिक विद्यालय सरॉय हिजरा, हरख:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्तोष कुमार देव पाण्डेय इसी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय सरॉय हिजरा का निरीक्षण करने पहुंचे।

यहां पर नामांकित 101 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष मात्र 22 बच्चे ही उपस्थित मिले। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई भी नहीं पायी गयी। अनुपस्थित बच्चों के सम्बंध में अभिभावक सपंर्क पंजिका पूर्ण नहीं थी। बीएसए ने 02 अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से मोबाइल के माध्यम से वार्ता भी की गई। बीएसए ने प्रधानाध्यापक समेत समस्त स्टाफ को नामांकन के सापेक्ष शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।



## भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार पकड़ रहा जोर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भाजपा द्वारा लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद राजरानी रावत ने तेजी से जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा करना चालू कर दिया है। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने पूर्व विधायक शरद अवस्थी के साथ सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा गांव में जनसंपर्क बैठककर इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत में चलाई गई प्रधानमंत्री मोदी की विकास की यात्रा को रोकने के लिए सारे भृष्टाचारी एक हो गए है। भाजपा की जिलापंचायत अध्यक्ष व लोकसभा प्रत्याशी राजरानी ने करौनी, कोटवाधाम,सनावा, बदोसराय, हजरतपुर, रमसहांय सहित आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर रामसहाय प्रधान दया शंकर शुक्ला, पूर्व प्रधान पवन पाण्डेय,वीरेंद्र तिवारी ,रामफेर तिवारी ,राहुल तिवारी,मंडल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, मेढीलाल मौर्य,बलवंत प्रजापति अमरेंद्र सिंह बब्लू अखिलेश सिंह,रामसागर कनौजिया मुकेश यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुविधा : राजधानी के 12 मुख्य मार्गों पर एसी ई-बसों का संचालन शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज निगम के तहत राजधानी लखनऊ में चलने वाली 80 एसी ई-बसों को यात्रियों की मांग पर लखनऊ के एक दर्जन से अधिक रूटों पर लगाया गया है जहां यह बसे यात्रियों को गर्मी से राहत देने के साथ सुगम व आरामदायक सफर कराएंगी।

गर्मी में सिटी बसों से सफर करने वाले दैनिक यात्रियों को भीड़ से सबसे अधिक परेशानी होती हैं। ऐसे में अब निम्न मार्गों पर हर आधे घंटे पर ई बसों



की सेवाएं शुरू की गई है। चिन्हित रूटों पर करीब 80 एसी ई बसों का बेड़ा लगाया गया है। इन बसों से रोजाना 18 से 22 हजार यात्री सफर कर सकेंगे। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या से लौटकर लखनऊ पहुंची 50 एसी ई बसों का संचालन दुबग्गा डिपो से लखनऊ में किया जा रहा है। दुबग्गा से मोहनलालगंज तक, बालागंज-दुबग्गा-विराजखंड तक, दुबग्गा चारबाग-गंगागंज तक, घंटाघर चौक-संडीला-नीमसार तक, बालागंज जेहटा मॉल-अतरौली-गोड़वा तक, घंटाघर चौक-कसमंडी-मॉल तक, राजाजीपुरम-चारबाग देवा तक, स्कूटर इंडिया-चारबाग-निशातगंज-इंजी. कॉलेज तक, चारबाग से चंद्रिका देवी तक, पीजीआई-चारबाग इंजी. कॉलेज तक, दुबग्गा टेढ़ी पुलिया बडूपुर तक और घंटाघर चौक-संडीला के बीच ई बसों की सेवाएं मिलेंगी।

# श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हो रही राम नगरी अयोध्या

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब पहली चैत्र रामनवमी पर अयोध्या में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध रामनवमी मेले को लेकर शासन ने विशेष तैयारी की है। चैत्र रामनवमी मेले में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे, जिसे देखते हुए शुद्ध पेयजल, उनके ठहरने की व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालय आदि के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

अयोध्या नगर निगम ने पेयजल के लिए भक्ति पथ, धर्म पथ, रामपथ, सरयू घाट, पार्किंग स्थल क्षेत्र, राम की



पैड़ी क्षेत्र, दर्शन पथ व अयोध्या धाम के अन्य स्थलों पर 132 स्थानों पर जलापूर्ति की व्यवस्था की है और इसके अलावा 143 स्थान पर अस्थाई तौर पर जल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। 955 स्थान पर हैंड पंप लगाए गए हैं, इसके अलावा 322 स्थान पर पहले से नगर निगम ने स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 30 वॉटर टैंकर लगाए गए हैं और 30 अन्य निकायों से मांगे गए हैं। नगर निगम ने मेला क्षेत्र में रामपथ क्षेत्र, धर्मपथ क्षेत्र, भक्ति पथ, निकास मार्ग, लता मंगेशकर चौराहा, दर्शन पथ, अयोध्या क्षेत्र के अन्य स्थानों पर 35 स्थाई एवं 467 अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की है।

### राम नवमी मेले के मौके पर स्वच्छता व्यवस्था

मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर निगम की ओर से 2065 सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ये तीन पालियों में मेला क्षेत्र में सफाई कार्य करेंगे। सफाई कार्य की देखरेख के लिए 66 पर्यवेक्षक भी लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र से कूड़ा-कचरा बाहर करने के लिए विभिन्न प्रकार के 86 वाहन मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं। 395 स्थानों पर डस्टबिन रखी जा रही है। जिससे मेला क्षेत्र में गंदगी न दिखे। इसके अलावा जेटिंग मशीन, डम्पर एनीमल लिफ्टिंग, स्वीपिंग मशीन, पानी का टेंकर आदि की भी व्यवस्था की गई है। मच्छरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए फागिंग एवं एनटी लार्वा का छिड़काव प्रतिदिन किया जाएगा।

### धूप से बचाने के लिए व्यवस्था

रामनवमी के मौके पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को धूप से बचने के लिए नगर निगम ने सड़कों पर कारपेट बिछाने की व्यवस्था की है, जिससे नंगे पैर चलने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। इसके अलावा सड़कों के किनारे उनके ठहरने, पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्थाएं की गई हैं। यह व्यवस्थाएं पूरे मेला क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### योगी ने ज्योतिराव फुले को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को प्रख्यात समाज सुधारक ज्योतिराव फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, और सामाजिक समानता के लिए समर्पित उनका जीवन जन-जन के लिए प्रेरणा-पुंज है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महान समाज सुधारक, शोषितों एवं वंचितों के प्रखर स्वर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, और सामाजिक समानता के लिए समर्पित उनका जीवन जन-जन के लिए प्रेरणा-पुंज है। गौरतलब है कि समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के उद्धार के लिए आंदोलन के प्रतीक माने जाने वाले 19वीं सदी के सुधारक ने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले भी एक अग्रणी समाज सुधारक थीं, जिन्हें विशेष रूप से महिलाओं को शिक्षित करने में उनकी भूमिका के लिए सराहा जाता है।

### मोहनलालगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह पुलिस चौकी के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार कर मौके से भाग निकला। टक्कर लगने से घायल युवक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। राहगीर और स्थानीय निवासी उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाए विडियो बनाते नजर आए। काफी देर बाद पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने घायल को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नगराम थाना क्षेत्र के बिराहिम बाग, समेसी में रहने वाला पवन कुमार 38 वर्ष अपने साथी अखिलेश कुमार के साथ बाइक से मजदूरी करने जा रहे थे, वह अभी मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरीकंश गढ़ी पुलिस चौकी के पास पहुंचे ही थे कि इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस चौकी से कोई भी नही पहुंचा था मौके पर इसके अलावा राहगीर वीडियो नाते रहे। सूचना के करीब पचास मिनट बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने पवन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं अखिलेश की हालत गंभीर बताई जा रही हैं ।

### रालोद ने झोंकी एनडीए उम्मीदवारों के लिए ताकत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा रालोद समन्वय समिति के सदस्य रामाशीष राय पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एनडीए के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाएं तथा गांव-गांव, गली-गली जनसम्पर्क करते हुये जनता से सीधे संवाद स्थापित कर रहे है। गाजियाबाद, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, कैराना, सहारनपुर, शामली तथा मेरठ लोकसभा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी दौरे युद्धस्तर पर हो रहे हैं। 27 से 30 अप्रैल तक आगरा और मथुरा लोकसभा में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार प्रसार करेंगे। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में एनडीए के 80 के 80 उम्मीदवार जीतेंगे। भाजपा सरकार के किसान हित के मुद्दे वहीं हैं जो रालोद के एजेंडे में हैं। इण्डिया गठबंधन प्रत्याशियों नहीं तय कर पा रहा है। इंडिया गठबंधन और उसके उम्मीदवार भ्रम की स्थिति में हैं, नेता जनता के बीच में जाने से कतरा रहे हैं। रालोद और भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आम जनमानस में जबरदस्त उत्साह है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में धुआंधार विशाल जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों को सभी वर्गों और जातियों का वोट मिल रहा है आम जनमानस का अपार समर्थन मिल रहा है।

### चलती स्कूटी में लगी आग, दमकल की गाड़ी ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज थाना क्षेत्र में छत्ते वाले पुल के पास शुक्रवार दोपहर अचानक चलती स्कूटी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों तरफसे यातायात रोक दिया। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

### मुरादाबाद में 15 को होगी बसपा सुप्रीमो की जनसभा

**लखनऊ/मुरादाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुरादाबाद के लाइनपार स्थित रामलीला ग्राउंड में 15 अप्रैल पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की चुनावी जनसभा संपन्न होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष डा सुनील कुमार आजाद एडवोकेट ने दी । बसपा की जिला इकाई की बैठक शुक्रवार चुनाव कार्यालय फैजगंज में संपन्न हुई। सभा को सफल बनाने के लिए विधानसभावार जिम्मेदारियां दी गई है।

### लोहिया संस्थान में सुपर स्पेशयलिटी आईसीयू का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को लखनऊ के डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग में 4 बेड के आईसीयू वॉर्ड की शुरुआत हुई। संस्थान के निदेशक डॉ.सीएम सिंह ने फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग में आईसीयू वॉर्ड की ये सुविधा शुरू होने से किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। खासतौर पर किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों के इलाज में बेहद सहायक होगा। निदेशक डॉक्टर सीएम सिंह ने कहा कि संस्थान के सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकीय स्तर को राष्ट्रीय मानकों और अंतर्राष्ट्रीय आयामों पर पहुंचना लक्ष्य हैं। नेफ्रोलॉजी सुपर स्पेशलिटी आईसीयू का उद्घाटन इस कड़ी में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस दौरान प्रो. एके सिंह, डॉ.विक्रम सिंह, डॉ.अभिलाष चन्द्रा, विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी, डा.नम्रता राव,एडीशनल प्रोफेसर, डा. मजीबुल्लाह अंसारी,एपी जैन, मीना जौहरी और निमिषा सोनकर मौजूद रही।

# कानून व्यवस्था दुरुस्त, अपराधी छवि के व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

▸ 2024 केंद्रों पर रेड में 103 केन्द्रों को किया गया सीज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4098 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 22,44,118 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस



प्रेषित किये गये है, जिनमें से 15,60,732 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 5774 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5895 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 314 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2024 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 103 केन्द्रों को सीज किया गया। 11 अप्रैल को 14 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 43714 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 217 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 233 कारतूस व 34 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 106 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 6 केन्द्रों को सीज किया गया।

## हटाई गई 89,80,275 प्रचार-प्रसार सामग्री

बिना अनुमति के सभा व भाषण, मतदाताओं को नकदी बांटने, बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग व अन्य मामलों में 48 एफआईआर

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 89,80,275 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 54,17,848 तथा निजी स्थानों से 35,62,427 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,77,027, पोस्टर के 25,48,399, बैनर के 15,47,646 एवं अन्य 7,44,776 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,63,229, पोस्टर के 16,25,451 बैनर के 8,67,789 एवं अन्य 6,05,958 मामलों में कार्यवाही की गयी। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1214 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 48 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित 53 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 2319.44 लाख नकद धनराशि, 3410.83 लाख रुपये कीमत की शराब, 5279.49 लाख कीमत की ड्रग, 1876.08 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1134.98 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 11 अप्रैल को कुल 107.39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 13.55 लाख नकद धनराशि,46.39 लाख रुपये कीमत की 17361.67 लीटर शराब, 47.45 लाख रुपये कीमत की 23594.25 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

# मंत्री राजभर की मां के इलाज में मेदांता पर लापरवाही का आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की मां का निधन हो गया। वह केजीएमयू में भर्ती थीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओम प्रकाश राजभर की मां के निधन पर शोक जताया है।

उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष श्री ओपी राजभर की पूज्य माता जी के देहावसान की दुःखद सूचना प्राप्त हुई। प्रभु श्री राम से पूजनीय माता जी की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए



शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट करता हूँ।

वहीं मां के निधन के पहले उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओपी राजभर ने मेदांता हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चार दिन में 4 लाख रुपए ले लिए लेकिन इलाज के नाम पर फाइल पर फाइल बनाएगी। उनकी सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ है।

### ओपी राजभर की मां के निधन पर योगी ने जताया दुःख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की मां के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश राजभर की पूज्य माता के देहावसान की दुखद सूचना प्राप्त हुई। प्रभु श्री राम से पूजनीय माता की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट करता हूँ। ओम: शांति! बता दें कि ओम प्रकाश राजभर की मां का गुरुवार देर रात निधन हो गया। उनकी मां जीतन देवी का इलाज लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में चल रहा था और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। वह 85 वर्ष की थीं। राजभर ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उनकी मां का अंतिम संस्कार शुक्रवार को वाराणसी में होगा। जीतन देवी के चार बेटे और एक बेटी हैं।





उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ईदगाह में ईद-उल-फितर के अवसर पर मुस्लिम श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए।

### उत्तर प्रदेश में धनगर अनुसूचित जाति नहीं : दारापुरी

मुख्य चुनाव आयुक्त को धनगर के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी को रोकने के लिए भेजा गया पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में धनगर अनुसूचित जाति नहीं यह बात आज एस आर दारपुरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने प्रेस को जारी बयान में कही है तथा मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेज कर धनगर के नाम पर गलत ढंग से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र लेकर आरक्षण का लाभ उठाने की चल रही धोखाधड़ी को रोकने का अनुरोध किया है। चुनाव आयोग को भेजे गए पत्रक में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों की सूची के क्रमांक 27 पर अंकित जाति का नाम अंग्रेजी में धनगर तथा हिंदी में धन्गड़ है जोकि अधिकतर सोनभद्र जिले में निवास करती है। इसका यह अभिप्राय है कि यह जाति धन्गड़ है न कि धनगर जैसाकि अंग्रेजी के हिज्जों से लगता है। यह देखा गया है कि उत्तर प्रदेश की पिछड़ी जाति पाल, बघेल तथा गड़ेरिया के कुछ लोग जिनका गोत्र धनगर है, दहंत (धनगर) नाम से अनुसूचित जाति का गलत ढंग से जाति प्रमाण पत्र जारी करा कर अनुसूचित जाति के राजनीतिक आरक्षण का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके पूर्व भी कई लोग जैसे एस. पी. सिंह बघेल जो पिछड़ी जाति के हैं, धनगर के नाम से अनुसूचित जाति की विधायक तथा आगरा संसद की आरक्षित सीट जीत कर अनुचित लाभ उठा चुके हैं तथा वर्तमान में भी कुछ लोग धनगर नाम से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुनाव लड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण

▸ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल, अपंग अथवा मृत्यु हो जाती है, जिसका प्रभाव उसके पूरे परिवार पर पड़ता है। यह एक संवेदनशील मुद्दा है, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। गत वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास करें। सड़क दुर्घटना में घायलों के लिये गोल्डेन ऑवर महत्वपूर्ण होता है। घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिये गोल्डेन ऑवर में उसे समुचित इलाज दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव एवं वैवाहिक कार्यक्रम आदि होने के कारण लोगों का मूवमेंट



बढ़ेगा। उन्होंने 22 अप्रैल से 04 मई, 2024 तक विशेष अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान शैक्षिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में चर्चा की जाये। इसके अलावा पुलिस अधिकारी भी जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। आम नागरिकों को जागरूक करने के लिये बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली जा सकती है।

सभी ट्रैक्टर व ट्राली में रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिये। रिफ्लेक्टिव टेप लगा न होने पर सम्बन्धित से दोगुना चार्ज वसूल किया जाये। उन्होंने रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिये वेण्डर को पेट्रोल पंप पर स्टॉल लगाने का सुझाव दिया, इससे वाहन चालक सुगमता से अपने वाहन में रिफ्लेक्टिव टेप लगवा सकेंगे। सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित फिल्म, जिंगल बेल आदि बनाकर तथा सोशल मीडिया, एसएमएस आदि विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से आम नागरिकों के मध्य प्रसारित किया जाये। जिस समय, स्थान, मेला, पर्व या त्योहार पर सड़क दुर्घटनायें अधिक होती हैं, ऐसे समय में सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को विशेष तौर पर जागरूक करें और सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिये प्रभावी कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये रोड सेफ्टी क्लब, रेड क्रास सोसाइटी, सिविल डिफेन्स जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं को भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर अवैध कट को बंद कराया जाये। अवैध कट बनाने वाले लोगों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करायी जाये।

**शुभारंभ** | राज्यपाल ने राजभवन में भिक्षावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के लिए सृजन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

# सोच कमिटमेंट में बदलती है तो आते हैं अच्छे परिणाम : आनंदीबेन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में भिक्षावृत्ति से जुड़ी वंचित महिलाओं एवं लड़कियों को सशक्त बनाने हेतु कौशल सह आजीविका सृजन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इन महिलाओं हेतु ब्यूटी एण्ड वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज अच्छे काम की शुरुआत हो रही है।

आज इन महिलाओं ने भिक्षावृत्ति की सोच छोड़ दी है। उनमें बच्चों और परिवार को आगे बढ़ाने की सोच विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि सोच कमिटमेंट में बदलती है तो अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। ये महिलाएं अपने





बच्चों को स्कूल भी भेज रही हैं। बच्चे को स्कूल भेजने और प्रेरित करने का काम माताएं ही करती हैं। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में सीखा गया कार्य तुरंत याद हो जाता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और आज पूरे भारत में लाखों महिलाएं समूह से जुड़ी हैं और अच्छा कार्य कर रही हैं। आज समूह की महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए नेतृत्वकर्ता की भूमिका का भी निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं की सोच को परिवर्तित किया है। राज्यपाल ने कहा कि जब समूह में कार्य होते हैं तो परिवार भी महिलाओं को बाहर निकलने की अनुमति दे देते हैं। उन्होने ऐसे प्रकरण भी बताए जहाँ महिलाओं ने पारिवारिक विरोध के बाद भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कार्य सीखा और अपने साथ-साथ परिवार का विकास भी किया। उन्होंने बताया महिलाएं जब आत्मनिर्भर होती हैं. तो अपने साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने राज्यपाल द्वारा किए गए अभिनव कार्यों की चर्चा करते हुए भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों और महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों को अद्वितीय बताया।

उन्होंने 'उम्मीद' संस्था द्वारा प्रारम्भ से इस दिशा में किए गए कार्यों से राज्यपाल के जुड़ाव और सहयोग की जानकारियां भी दी । उन्होंने कहा कि देश में हर परिवार रोजगार से जुड़े तथा हर बच्चा शिक्षा से जुड़े। इस अवसर पर सूडा के निदेशक अनिल पाठक ने वंचित वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न अनुदानों, योजनाओं, एन.जी.ओ. द्वारा दी जाने वाली सहायता सम्बन्धी जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम आयोजन में सहयोगी सिडबी के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि सिडबी का प्रयास है कि इन महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में भिक्षावृत्ति छोड़ ब्यूटी पार्लर हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने जा रही महिलाओं व क्राइस्ट चर्च स्कूल द्वारा गोद लिए गए बच्चों ने अपनी आपबीती सुनाई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जहर देकर मारने का आरोप

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । गुरुवार सुबह पड़ोसी मोटरसाइकिल से अपने साथ ले गया था और वापस बेहोशी की हालत में घर छोड़ गया। युवक के मुंह से झाग निकल रहा था। तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई । परिजनों ने जहर दे कर मारने का लगाया आरोप। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के रामपुर बेहडा गांव निवासी शैलेन्द्र उर्फबबलू उम्र लगभग 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । गुरुवार सुबह 9.30 बजे बड़े ताऊ भगवादीन का बेटा अरविंद उसे अपनी मोटरसाइकिल से लेकर कहीं गया था वहीं अरविंद 11 बजे के करीब बबलू को बेहोशी की हालत में घर छोड़ गया था।

# बीजेपी ने संस्थाओं का गलत इस्तेमाल करके सरकार बनाने का किया काम

समृद्धि न्यूज

▸ यह तानाशाह हुकूमत के खिलाफ लोगों को एकमत होने का चुनाव

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा, ये चुनाव सामान्य परिस्थितियों में नहीं हो रहा है। पूरी दुनिया की नजर इस चुनाव पर है। दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है। इंस्टीटयूशन का गलत उपयोग हो रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री के साथ क्या हुआ, उसे भी सभी जान रहे है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ जो हुआ उसे दुनिया भर में बदनामी हो रही है। बीजेपी ने इंस्टीट्यूशनल का गलत इस्तेमाल करके अपनी सरकार बनाने का काम किया है।

ये बातें अखिलेश यादव ने गुरुवार को सपा कार्यालय में कही। वह आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

यह तानाशाह हुकूमत के खिलाफ लोगों को एकमत होने का चुनाव है। हम यूपी का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। हमारा कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। यूपी में किसी सीट की मांग नहीं है, हम लोकतंत्र को बचाने के लिए साथ दे रहे हैं। यूपी में कांग्रेस से बात होना बाकी है। आप सांसद संजय सिंह ने आज शाम को सपा कार्यालय पर अखिलेश यादव से मुलाकात की।

# सिर्फ खानापूर्ति होकर रह गया पौधारोपण का कार्य

रूपईडीह/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़




प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए जनपद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा 27.26लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य विकास विभाग के द्वारा निर्धारित किया गया था । जनपद के 1214ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 1193 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कराने का लक्ष्य मनरेगा के द्वारा किया गया ।जनपद का सबसे बड़ा ब्लाक रूपईडीह होने पर यहां का लक्ष्य ज़िले के अन्य ब्लाक से अधिक पौधे रोपड़ करने को मिला था। मनरेगा योजना के तहत ब्लाक वार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए खंड विकास अधिकारीयों के साथ ही मनरेगा से जुड़े सभी कर्मियों व ग्राम पंचायतों को दायित्व सौंपा गया था निर्धारित किए गए लक्ष्य के तहत सबसे ज्यादा 106 ग्राम पंचायत वाले ब्लाक रूपईडीह को 262000पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था लेकिन जिम्मेदार लोगों के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति कर हरा भरा प्रदेश के दावे को साकार कर रहे हैं । जनपद का सबसे बड़ा ब्लाक रूपईडीह के 106ग्राम पंचायतों में लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण का कार्य किया गया जिसमें ब्लाक के अधिकारी व सम्बंधित कर्मचारियों का दायित्व था लेकिन आज ब्लाक के सभी 106ग्राम पंचायतों में लगाए गए पौधारोपण का 1 प्रतिशत भी पौधे नहीं लग पाए। जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान। सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधारोपण का कार्य कर देश को हरा भरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सरकार के मंशानुरूप कार्य न कर सिर्फ खानापूर्ति कर कार्यो को कागजों में इति श्री कर दिया जाता है।


जनार्दन प्रसाद यादव
उपायुक्त श्रम रोजगार

सूत्रों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कराने के लिए चार से दस पौधों को लगातार अधिकारियों के द्वारा फोटो खींच लिया जाता है तथा उसके बाद अन्य पौधों को लगाने की जिम्मेदारी शुभ चिंतको को सौप दिया जाता है। धरातल पर नहीं दिखाई दे रहे लगायें गये पौधे। ब्लाक के 106 ग्राम पंचायतों में किए गए पौधारोपण नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिसका मूल कारण रोपित किए गए पौधे की देखभाल नहीं हो सका।

इस सम्बन्ध में उपायुक्त श्रम रोजगार अधिकारी जनार्दन प्रसाद यादव से जब जानकारी मांगा गया तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा यह प्रकरण हमारे संज्ञान में लाया गया है हम इसकी जांच कराएंगे जो सही होगा वही काम होगा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# धूम धाम से मनाया गणगौर महोत्सव

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को रानी बाजार स्थित श्रीरामजानकी मारवाड़ी धर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा धूमधाम से गणगौर महोत्सव मनाया गया। जिसमें सुबह सभी महिलाएं अपने अपने घर से गणगौर माता जी को लेकर मंदिर प्रांगण में एकत्र हुईं जहां पर सभी नवविवाहित महिला दीपाली शाह,अंजलि अग्रवाल,चंचल गोयल, नविका नेवटिया, पल्लवी शर्मा के अलावा समाज की सभी महिलाओं ने पूजन पाठ किया और अपने पति के लम्बी दीर्घायु होने की कामना की। उसके बाद गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का मारवाड़ी गीतों पर नृत्य हुआ। इसके अलावा समाज की महिलाओं सहित सास सबिता–और बहू चंचल ने मंच पर गणगौर माता जी की भजनों पर एक साथ नृत्य किया।महिलाओं के लिए वन मिनट शो का कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। और बीच–बीच में सरप्राइज प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम हुआ।सही जवाब देने वाले को मंडल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया क्या।और भारतीय वेशभूषा में कल्चर वाक का विशेष आकर्षक केन्द्र रहा। महिला मंडल द्वारा हाउजी गेम भी हुआ। मंदिर परिसर में साड़ी सूट,कपड़े, आइसक्रीम एवं खाने पीने के स्टाल लगाए गए थे जिसमें सभी महिलाओं ने व्यंजन का खूब लुफ्त उठाया इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल की प्रांतीय सदस्य नीलम जैन, शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग , सविता गोयल, गायत्री माहेश्वरी, भावना सोमानी, सरिता महेश्वरी, रीता काबरा, प्रेमलता सिंघल, संगीता अग्रवाल, ज्योति शर्मा, सुप्रिया सिंघल, सोनम अग्रवाल, अंशु पचेरिया, अनीता नहरिया, संगीता भावसिंहका, भावना सोमानी, पुष्पा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल के अलावा व्यवस्थापक एवं प्रांतीय पदाधिकारी विकास जैन, मुकेश नहरिया, शैलेंद्र गोयल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

- पुरस्कार जीतने में महिलाओं की लगी रही होड़
- भारतीय भेष- भूषा रहा आकर्षक का केंद्र

# स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं से वंचित न्यायालय परिसर : अध्यक्ष

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी व महामंत्री चंद्रमणि ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए मीडिया के समक्ष न्यायालय एवं कलेक्ट्री परिसर तथा तहसीलों में व्याप्त गंदगी तथा अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घोर लापरवाही तथा भ्रष्टाचार पर अपना पक्ष रखा। जिला बार के अध्यक्ष तहसील ने संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्विवाद वादों में भी पक्षकारों को नहीं मिल पाता न्याय उन्हें लगाना पड़ता है तहसील का चक्कर अधिकारी नहीं सुनाते अपना कोई फैसला जिस मामले मेंअध्यक्ष ने कहा कि शायद 35 दिनो के अंदर विवाद को निपटाने वाली फाइलों में भी अधिकारियों का अपना कोई स्वार्थ छिपा होता जिसमे सफल न होने परअधिकारी उक्त मामलों में अपना निर्णय सुनाना मुनासिब नहीं समझते और पक्षकारों के माध्यम से अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सिविल कोर्ट परिसर में बने सुलभ शौचालय में इतनी गंदगी है कि कोई फरियादी उसमें प्रवेश नहीं कर सकताऔर कुछ ऐसे है जिनकी चाबियां दीवानी परिसर की महिला कर्मचारी अपने पास रखती। दीवानी परिसर मे न तो पानी पीने की कोई व्यवस्था है और न ही फरियादियों को बैठने के लिए कोई उचित प्रबन्ध है इतना ही नहीं जहां अधिवक्ता बैठते वहां भी गंदगियों का अंबार लगा रहता जिसकी सूचना कई बार सम्बन्धित को देने पर भी संबंधित अधिकारी मामले को नजर अंदाज करते रहे अन्त मे

- तहसील के अधिकारी आर्थिक लोभ में निर्विवाद फाइलों को नहीं करते निस्तारित, महीनों चक्कर काटते रहते हैं फरियादी

जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्रमणि तिवारी ने पत्रकारों से कहा कि यदि हमारी उक्त मांगों को नगर प्रशासन या संबंधित अधिकारी नहीं मानते तो हमें मजबूरन आंदोलन करके उक्त मांगों को मनवाना पड़ेगा खैर देखना यह होगा कि आंदोलन के लिए अपनी पहचान बनाए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा लगाएं गए अधिकारियों पर गंभीर आरोप जिसमें जनपद न्यायालय परिसर में गंदगी,लाखो रूपये से बने शौचालयों में गंदगी का अम्बार,तहसील में भ्रष्टाचार की भ्रष्टाचार बिना लेन देन फाइलों का निस्तारण होना असम्भव ,एक दो शौचालयों की चाभी कर्मचारियों के हाथ जो उनका निजी शौचालय बना,करोड़ो से बिल्डिंग में अव्यवस्थाओं का अम्बार,आने वाले फरयादियों और आम जनता को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं की मांगों को लेकर सम्बन्धित अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

# बृजभूषण शरण सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



आचार संहिता उल्लंघन में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह फंस गए हैं। गोंडा की डीएम नेहा शर्मा के तेवर सख्त होने के बाद बिना अनुमति के वाहनों का काफिला निकालने के मामले में बृजभूषण शरण पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही उन्हें नोटिस जारी किया गया है।इसके अलावा सांसद के काफिले के बारे में सूचना न देने वाले तीन पुलिस निरीक्षकों से भी जवाब तलब किया गया है।

उपजिलाधिकारी कर्नलगंज की ओर से सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किया गया है। पूर्वानुमति के बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला निकालने तथा धारा 144 का उल्लंघन करने के चलते मुकदमा दर्ज कराया गया है। उनसे जवाब तलब किया गया है। वहीं, इस प्रकरण में कटराबाजार, परसपुर व कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षकों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें स्पष्ट करना होगा कि उनके क्षेत्रों में धारा 144 के उल्लंघन के संबंध में सूचना उपजिलाधिकारी कर्नलगंज के कार्यालय में क्यों उपलब्ध नहीं कराई गई। साथ ही, उन्हें इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई कर सूचित करने के भी आदेश दिए गए हैं।

# पोषाहार वितरण में हो रही धांधली, जिम्मेदार मौन

- तीन माह में एक बार बांटा जाता है पोषाहार, ग्रामीणों में आक्रोश

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



सरकार ने बालविकास एवं पुष्टाहार योजना को और सुदृढ़ बनाते हुए नौनिहालों को व गर्भवती धात्रियों को दलिया,रिफाइंड व दाल भी देना प्रारंभ कर दिया है। लेकिन विकास खंड कर्नलगंज की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गड़वार के आंगनबाड़ी केंद्र बसेरिया प्रथम में पोषाहार वितरण में धांधली किए जाने से लोग परेशान हैं।

गांव में कई महीने का नौनिहालों व गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषाहार नहीं दिया गया है। जिससे बच्चो व गर्भवती महिलाओं में आक्रोश है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए आक्रोशित महिलाओं ने अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि सरकार छोटे बच्चों व गर्भवती धात्री महिलाओं को प्रत्येक माह का पोषाहार दे रही है तो वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा एक माह का वितरण कर तीन माह का पोषाहार हजम कर लिया जाता है। जिससे कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों को स्वस्थ सशक्त बनाने के साथ ही गर्भवती व धात्री महिलाओं को शत प्रतिशत पोषाहार वितरण का विभाग का दावा खोखला साबित हो रहा है और नौनिहालों तक पोषाहार नहीं पहुंच पा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को मिलने वाले पोषाहार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री ही हजम कर रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर मनमाने तरीके से अपनी चहेतों को पोषाहार देकर खानापूर्ति कर पोषाहार का बंदरबांट कर लेने का आरोप है। सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना पर जिम्मेदार कर्मचारी पानी फेरते नजर आ रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मनमाने ढंग से विभागीय सांठ-गांठ से पोषाहार हजम करने में सफल हो रहीं है। बच्चे व महिलायें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के भ्रष्टाचार व तानाशाही रवैए को बयां कर रही है। विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पोषाहार नहीं बांट रही है। गांव में कई महीने का नौनिहालों व गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषाहार नहीं दिया गया है। जिससे बच्चो व गर्भवती महिलाओं में आक्रोश है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए आक्रोशित महिलाओं ने अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नर्सिंग कालेज के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र, थाने पर दिया तहरीर

- कालेज पर अवैध वसूली कर प्रवेश न दिए जाने का लगाया आरोप

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत गोंडा बहराइच हाइवे पर स्थित नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के छात्रों ने कालेज पर अवैध वसूली कर प्रवेश न दिए जाने का आरोप लगाया है।शुक्रवार को थाने में पहुंचकर छात्रा पुष्पा त्रिपाठी ,मनीषा देवी,पूजा,अभिलाषा,सुखदेव सहित दर्जनों लोगों ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कालेज के प्रबंधक अमर श्रीवास्तव ने छात्रों से सत्तर हजार से अधिक फीस लेकर जीएनएम, डी फार्मा,सहित अन्य नर्सिंग कोर्स में प्रवेश दिलवाने के नाम पर वसूल लिया।

आज कल सुर्खियों में है वजह है अवैध तरीके से संचालित मेडिकल इंस्टिट्यूट जिसमे भोले भाले छात्र छात्रों को तरह तरह का प्रलोभन देकर फ्रॉड करने वाले उनसे फीस के नाम पर मोटी रकम वसूल कर अचानक कालेज बंद करके फरार हो जाते है पता लगने पर छात्र छात्राएं दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो जाते है। ताजा मामला जनपद बहराइच के विशेश्वरगंज थाना के समीप संचालित नंद इंस्टीटयूट आफ हायर एजुकेशन का है। जहां पर प्रदेश के कई जिलों के बच्चों को प्रलोभन देकर उनसे पढ़ाई के नाम मोटी फीस वसूल कर उन्हे कालेज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की बात की गई और बच्चों को हॉस्टल में रोक कर जैसे तैसे पढ़ाई शुरू कराई गई। लेकिन बच्चो के सेमेस्टर की परीक्षा नहीं कराई गई। तब तक बहराइच में एक नए इंस्टिट्यूट नंदा इंस्टिट्यूट में बच्चों के साथ बड़ा फ्रॉड का मामला प्रकाश में आ चुका था और इसको लेकर वहां के छात्र छात्राओं ने उग्र होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर सड़कों तक धरना प्रर्दशन शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी होने पर बहराइच के विशेश्वरगंज में संचालित नंद इंस्टीटयूट आफ हायर एजुकेशन ने अपना बोरिया बिस्तर समेट कर गोंडा चले गए और यहां पर संचालित इंस्टिट्यूट बंद हो गया।

इस बात की जानकारी जैसे ही छात्रों को हुई तो सभी छात्र एक जुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर सिटी मजिस्ट्रेट को जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्र सौप कर करवाई की मांग की।

## छात्रों से फीस के नाम पर मोटी रकम की वसूली

छात्रों का कहना है कि विद्यालय के प्रबंधक अमर श्रीवास्तव डायरेक्टर सुरेंद्र श्रीवास्तव व गीता त्रिपाठी आंचल एवं कृष्णा द्वारा अप्रैल 2023 में यह कहा गया था कि आप हमारे इंस्टिट्यूट में काउंसलिंग के बाद एडमिशन कराएं बाद में आप लोगों को कॉलेज एलाट कर दिया जाएगा आप लोग अपने–अपने कॉलेज में अपने कोर्स की ट्रेनिंग पढ़ाई कर लेना। उपरोक्त लोगों के द्वारा छात्रों से फीस के नाम पर मोटी रकम भी वसूल ली गई और छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी किया। जिसकी शिकायत लेकर एक बार फिर सभी छात्र छात्राएं स्थानीय थाना विशेश्वरगंज में उपरोक्त सभी लोगों पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है ,जांचकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पहले अपहरण फिर सामूहिक दुष्कर्म धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह

- पांच लोगों ने लूटी नाबालिग की आबरू, केस दर्ज
- एसपी ने पीड़िता के घर पहुंच कर की जांच पड़ताल



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

दो माह पहले दबंगों ने ननिहाल में रह रही किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद धर्म परिवर्तन कराते हुए निकाह करने के बाद बेहोशी की हालत में घर पर छोड़ गए। लोक लाज के भय से परिजन चुप्पी साधे रहे। इसके बाद आरोपी लगातार किशोरी को विदा न करने पर परिजनों को किशोरी सहित जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़िता की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी है।हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया। उसकी वृद्ध मां की देखभाल के लिए उसकी गूंगी बहन अपनी 15 वर्षीय पुत्री के साथ रहती है। बीती तीन फरवरी को उनके पड़ोस में रहने वाले अनीस, सद्दाम, मोहितदीन, अलीम और बऊरा जबरदस्ती उसकी बहन की नाबालिग पुत्री को उठा ले गए। काफी प्रयासों के बाद तीन दिन बाद किसी से शिकायत न करने की शर्त पर बेहोशी की हालत में उसके घर पर छोड़ गए।

हालत में सुधार होने के बाद किशोरी ने परिजनों को बताया कि उक्त लोग उसको जबरदस्ती किसी दूसरे गांव में ले गए थे। जहां बंधक बनाकर तीन दिनों तक लगातार पांचो लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अपहरण के दूसरे दिन मौलवी को बुलवाकर उसका धर्म परिवर्तन कराते हुए जबरदस्ती निकाह करा दिया। लोक लाज की वजह से वह लोग चुप रहे। लेकिन अब आरोपी किशोरी को अपने साथ भेजने की जिद कर रहे हैं ना भेजने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

तहरीर पर पुलिस ने पांचो आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म, एससी एसटी एक्ट, अपहरण, पाक्सो, धर्म परिवर्तन सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## घटना से उच्च अधिकारियों में मचा हड़कंप

किशोरी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर एसपी वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ महसी अनिल कुमार सिंह, थानाध्यक्ष हरदी संतोष कुमार ने पीड़िता के घर पहुंच कर जांच पड़ताल कर घटना की जानकारी ली।

## गिरफ्तारी के लिए गठित की गईं कई टीमें

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज किए गए हैं। संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगा दी गई है।

# अज्ञात कारणों से तीन घरों में लगी आग

**बालपुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** तहसील कर्नलगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगिया मजरा डोमा अहलाद में बृहस्पतिवार को अज्ञात कारणों से तीन घरों में आग लग गई। बताते चलें कि सूत्रों के प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोगिया मजरा डोमा अहलाद निवासी 1. राहुल पुत्र प्रयागदत्त, 2. राज नारायन पुत्र छेदी, 3. दीपक मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा तीन घरों में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे तीनों घरों की गृहस्ती का सारा सामान व अनाज सहित कुछ नगद रूपये लगभग 1 लाख 50 हज़ार रुपए जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना थाना कोतवाली देहात व फायर ब्रिगेड को दी गई सूचना पाते ही थाना कोतवाली देहात के क्षेत्रीय उपनिरीक्षक विजय कुमार शर्मा व आरक्षी अभिमन्यु गुप्ता व तहसील करनैलगंज के क्षेत्रीय लेखपाल पवन यादव और ग्राम प्रधान सालिक राम तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय व ग्रामीणों के मदद से आग को बुझाया गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग बुझ चुकी थी। ग्राम प्रधान सालिक राम ने बताया कि लेखपाल पवन यादव के मौके पर पहुंच कर लिखा पढ़ी कर ली गईं हैं। और सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक मदद तीनो पीड़ितो को जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।

# नवरात्रि संस्कार उत्सव समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

- भक्तों ने की मां दुर्गा के विविध स्वरूपों स्तुति

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




नवरात्रि संस्कारोत्सव समिति के द्वारा माता के विविध स्वरूपों के पूजन अर्चन कार्यक्रम नगर में आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के तीसरे दिन अकबरपुरा स्थित राम जानकी मंदिर में मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नवरात्रि संस्कार उत्सव समिति के संयोजक रजनीश एवं संचालन डॉ. देवेंद्र उपाध्याय ने किया।

तृतीय दिवस आयोजित कार्यक्रम का आयोजन डॉ अनीता जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है माता का स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है माता के मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है इसी कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। माता की आराधना करने से साधक में वीरता निर्भरता के साथ-साथ सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता है। इससे पूर्व प्रथम दिवस माता शैलपुत्री का पूजन अर्चन कार्यक्रम सचिन श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित हुआ। द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप के पूजन अर्चन कार्यक्रम का संयोजन श्रवण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रचारक अशोक केडिया, जिला कार्यवाहक भूपेंद्र, जिला प्रचारक अजय, रमेश पाठक, विनोद सिंह, नरेंद्र शंकर शुक्ला, प्रेम प्रकाश, नगर कार्यवाह शिवम, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय शर्मा, सचिन श्रीवास्तव, आयुष जायसवाल, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, अमित द्विवेदी, सरदार जसवीर सिंह, रवि, भानु जायसवाल, रमेश जायसवाल, एकता जायसवाल, हेमा निगम आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, बिजली गुल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहीपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 तमोलिनपुरवा के मोहल्ला पांडेयपुरवा में सड़क किनारे लगा विद्युत पोल गुरुवार रात एक बजे ओवरलोड गन्ना ट्रक से टकराकर छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में आकर झूला भी टूट गया है। झूले में सो रहा ग्रामीण बाल बाल बच गया। पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है।वार्डवासी अवनीश त्रिपाठी द्वारा वार्ड के सभासद राजेश चौरसिया को सूचना दी गई। इस संबंध में सभासद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि टोल फ्री नंबर पर शिकायत करवा दी गई है।जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

# देश की सलामती व अमन-चैन के लिए उठे हाथ

- नमाज के बाद एक दूसरे को दी ईद की बधाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




जिले में ईद पर्व बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। एक माह से चल रहे रमजान के पाक महीने का बृहस्पतिवार को ईद के साथ सभा पर हो गया।ईद को लेकर मुस्लिम समाज के लोग सुबह समय के अनुसार क्षेत्र के मस्जिदों में पहुंचे। इसके बाद सभी ने नमाज पढ़ी। मस्जिद में क्षेत्र के मौलाना ने समाज के लोगों को नमाज पढ़ाया। देश के साथ प्रदेश में अमन चैन और सलामती के लिए सभी ने दुआ की। इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद को लेकर जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। भारत नेपाल सीमा पर ड्रोन उड़कर सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी गई। वहीं अन्य स्थानों पर सकुशल ईद निपटाने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। ईद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी खुशी दिखी। फोन करके भी सभी ने अपने रिश्तेदारों और हितमित्रों को ईद की बधाई दी।

## कंट्रोल रूम से लिया जायजा

ईद को लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कंट्रोल रूम से जायजा लिया। घंटाघर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच कर सभी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ईद पर्व को लेकर पल पल की जानकारी ली।

# सर्पदंश से बीएससी के छात्र की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुआ गांव निवासी किसान निरंजन सिंह के 18 वर्षीय पुत्र सत्यवीर सिंह को खेत पर काम करते समय सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान उसने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने बताया की वह शहर स्थित केडीसी कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर का था। पिता खेती–बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मौत से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।परिवार में तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने घर आया था। परिजनों ने बताया कि सत्यवीर पढ़ाई लिखाई में मेधावी था। बुधवार को ही शहर से गांव परिवार में तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने घर आया था।

# सेंडबोआ सांप के साथ तस्कर गिरफ्तार

- जाँच के दौरान डिक्की में बरामद हुआ दुर्लभ सैंड बोआ सांप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन कर्मियों ने बाइक स्वरों को दुर्लभ रेड सैंड बोआ सांप के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट रेंज में वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार द्वितीय, वन दरोगा मयंक पांडे, वन दरोगा ऋषभ प्रताप सिंह, वनरक्षक अब्दुल सलाम और गेटमैन असगर की टीम जंगली जीवों के अवैध शिकार और अवैध कटान पर अंकुश के लिए ग्रस्त कर रही थी। उन्होंने बताया कि गश्ती दल को जंगल में बाइक सवार दो लोग आते दिखे। जिस पर वन कर्मियों की टीम ने बाइक को रोक कर तलाशी ली तो डिक्की में दुर्लभ रेड सैंड बोआ (दो मुंहा) सांप बरामद हुआ। पूछताछ करने पर बाइक सवार लोग सही जवाब नहीं दे पाए, जिस पर उन्हें रेंज कार्यालय लाया गया। डीएफओ ने बताया कि सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है जबकि बाइक और बरामद रु. 270 नकदी को सीज कर दिया गया है। रेंजर रामकुमार ने बताया कि पकड़े गए वन्य जीव तस्करों की पहचान लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली अंतर्गत सिसैया गांव निवासी यासीन पुत्र रहमतुल्ला और फहीम खान पुत्र सब्बन के रूप में हुई है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दोनों के विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पैसे के लालच में लोग रेड सैंड बोआ (दो मुंहा) सांप की बिक्री करते हैं। जबकि ऐसा कुछ नहीं है।

# व्रत पर महंगाई की मार फलों के दाम में दोगुना उछाल आलू भी हुआ महंगा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवरात्र में व्रत रखने वाले लोगों पर फलों की महंगाई भारी पड़ रही है। केला और संतरा के रेट में जहां दोगुना इजाफा हुआ है। वहीं अनार और अंगूर के रेट भी बढ़ गए हैं। ऐसे में व्रत रखने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।चैत्र नवरात्र का शुभारंभ मंगलवार से हुआ है। लेकिन गर्मी में व्रत रखने वाले लोगों को महंगाई से भी दो चार होना पड़ रहा है। आलम यह है कि फलों के साथ सब्जियों के कीमत आसमान छू रहे हैं।

# ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न, लोगों ने एक दूसरे को दी मुबारकबाद

**महाराजगंज/रायबरेली**



महराजगंज कस्बा समेत क्षेत्र भर में गुरुवार को ईद की नमाज अता की गई। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। महाराजगंज नगर सहित क्षेत्र भर में गुरुवार को ईद मनाई जा रही है। मुस्लिम समुदाय के लोग मक्का मस्जिद सहित क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नवाज के लिए जमा हुए। नवाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से ईद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कस्बा महाराजगंज के सभी मस्जिदों और ईदगाहों में उल्लास के साथ ईद मनाई जा रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने नवाज अता की और एक दूसरे को मुबारकबाद पेश किया, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य/महराजगंज चेयरमैन पति व भाजपा नेता प्रभात साहू शामिल रहे। इस मौके पर बच्चों ने भी जमकर खुशी मनाई।

पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी और कहा कि, महाराजगंज नगरवासियों समेत बछरावां विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रहमतों बरकतों और मगफिरत के पाक महीने रमज़ान शरीफ़ की इबादत का इनाम ईद-उल-फ़ितर की बहुत-बहुत मुबारकबाद। एक माह तक चले पवित्र रमजान के बाद बुधवार शाम आखिर ईद के चांद का दीदार हो गया, इसलिए गुरुवार को ईद मनाई गई मैं सभी जनपद वासियों विशेष रुप से मुस्लिम भाइयों एवं बहनों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देता हूं। चेयरमैन पति व भाजपा नेता प्रभात साहू ने मस्जिदों/ईदगाहों के साथ-साथ नगर में घर-घर जाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिले और उन्हें ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि, रमजान के पावन महीने के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है। खुशियां बांटने का यह त्यौहार क्षमा और दान करने की प्रेरणा देता है। मैं इस पवित्र अवसर पर कामना करता हूं कि, हमारा नगर निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़े और सभी नगरवासी सदा अमन चैन से रहे।

### क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया ईद-उल- फ़ितर का त्यौहार



क्षेत्र में प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से ईद–उल–फ़ितर का त्यौहार मनाया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बछरावां ईदगाह में सुबह ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। इस मौके पर उर्स कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी गण मौजूद रहे। वहीं भैय्यन हुसैन के नेतृत्व में सारी व्यवस्थाओं का इंतजाम किया गया। वहीं इस मौके पर ईदगाह पर सदर निजामुद्दीन मंसूरी, शदाबुद्दीन, रेशू, तुषार, राजू, अद्दू, इमरान, इरफान, जागीर, मेराज, अंटू, खादीम मौजूद रहे। इसके साथ बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी और पूर्व विधायक रामलाल अकेला में देश में अमन चैन की दुआ भी किया। वहीं संवेदनशील थुलेंडी ईदगाह में इमाम हाफिज राशिद साहब की सरपरस्ती में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई और ईद के पर्व के शुभ अवसर पर इमाम हाफिज राशिद साहब द्वारा मुल्क में अमन एवं चैन की दुआ भी की गई। नमाज अदा करने के पश्चात थुलेंडी ईदगाह पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत बछरावां अध्यक्ष पद प्रत्याशी शिवेंद्र सिंह उर्फ़ राम जी, पूर्व प्रधान थुलेंडी राजू रायनी, युवा नेता गोलू रायनी, आसिफ खान, जैद हाशमी, फहद मंसूरी, अदनान अंसारी, आरिफ खान, मोहम्मद कैफ, परवेज, समीर सहित काफी संख्या में नमाजिया मौजूद रहे। और सभी ने नमाज अदा करने के पश्चात देश में शांति एवं सौहार्द की प्रार्थना की। इस मौके पर थाना क्षेत्र के संवेदनशील थुलेंडी, राजा मऊ, रामपुर सुदौली व कुण्डौली ग्रामसभा मे प्रशासन भी शांति व्यवस्था बरकरार करने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

# कनिका सक्सेना मिस यूपी ऑफ एक्सीलेंस की रहीं फर्स्ट रनरअप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्रिएटिव आई फाउंडेशन की ओर से लखनऊ के रेनेंट होटल में आयोजित मिस यूपी ऑफ़ एक्सीलेंस प्रतियोगिता में शहर की कनिका सक्सेना फर्स्ट रनरअप और मिस पापुलर चुनी गईं।

मिस फेमिना इंडिया 2020 की विजेता मान्या सिंह ने कनिका को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अन्य जज के रूप में मिसेज इंडिया एलीगेंस कीर्ति नारंग, वर्ल्ड वियांड गिविंग सुकेशिनी अग्रवाल, मिसेज इंडिया बॉडी ब्यूटीफुल रिंकी वर्मा शाहिद अप की कई हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को होस्ट सेलिब्रिटी अमन वर्मा ने अपनी शानदार अंदाज में किया। कनिका शहर के कचहरी रोड पर रहने वाले भूपेश एवं रजनी सक्सेना की पुत्री हैं। विजेता बनने पर घर में खुशी का माहौल है। यूथ एक्टिविटी फोरम के अध्यक्ष अमर द्विवेदी, महामंत्री करुणा शंकर मिश्रा, महिला बैंक की अध्यक्ष श्रीमती क्षमता मिश्रा संरक्षक मुक्ता भार्गव, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला महामंत्री अनिल मिश्रा संयोजक गौरव अवस्थी ने बधाई दी है।

## खबरें एक नजर में

### बदहाल मार्ग से गुजरने को मजबूर ग्रामीण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** निर्माणाधीन बदहाल संपर्क मार्ग से लोग गुजरने को मजबूर है निर्माणाधीन मार्ग का कार्य 3 माह पूर्व पूर्ण हो जाने को प्रस्तावित था लेकिन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा बर्ती जा रही मनमानी के चलते कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा घुरवारा से करकसा तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी बनने वाली सड़क जिसकी लागत 5 करोड़ से अधिक है का निर्माण कार्य 1 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था कार्य समाप्त की प्रस्तावित समय सीमा बीत जाने के 3 माह बाद भी अभी तक सड़क जस की तस पड़ी हुई है ठेकेदार द्वारा बरती गई मनमानी के चलते सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करके छोड़ दिया गया जिससे सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील है ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की कंपनी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को सड़क निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है कार्य पिछले दिसंबर माह में पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है आगामी लोकसभा चुनाव में इसी मार्ग से प्रतिदिन आलाधिकारियों का गुजरना भी होगा लेकिन सड़क की हालत बद से बदतर है सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने की वजह से ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है किसान अजमेर सिंह का कहना है कि सड़क निर्माण में मनमानी बरती गई है ठेकेदार द्वारा समय सीमा बीत जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ग्रामीण अनिल सिंह की माने तो विभाग द्वारा मामले की जांच पड़ताल भी नहीं कराई गई सड़क की हालत बद से बदतर है ग्रामीण जितेंद्र चौरसिया ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य 1 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था सड़क को खोदकर गड्ढा में तब्दील कर दिया गया लेकिन अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ग्राम प्रधान घोरवारा राम आधार मौर्य ने बताया कि सड़क निर्माण में बरती जा रही मनमानी को लेकर कई बार विभाग को अवगत कराया गया लेकिन अधिकारी मामले में रुचि नहीं ले रहे हैं जिससे राहगीर आए दिन परेशान हो रहे हैं।

### किसान उन्नतिशील अगेती प्रजाति के गन्ने की करें बुवाई



**गोंडा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** वसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु गन्ना विकास परिषद नवाबगंज के ग्राम धनेश्वर में उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मंडल डॉ. आर.बी. राम व कुंदरखी चीनी मिल के यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने किसान गोष्ठी कर गन्ना बुवाई की आधुनिक तकनीकि पर किसानों से विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने अस्वीकृत गन्ना प्रजाति सी.ओ.पी.के. 05191 तथा रेड रॉट से प्रभावित को. 0238 की बुवाई न करने की सलाह दी। उप गन्ना आयुक्त ने बीज बदलाव पर बल देते हुए गन्ने की नवीन स्वीकृत प्रजातियों जैसे– को. 0118, को. लख. 14201, को.शा. 17231, को.शा. 13235 तथा को. 15023 आदि की ही बुवाई करने की सलाह दी। गोष्ठी में कमल बहादुर सिंह, शिव शंकर वर्मा, राम अनुज वर्मा, जय प्रकाश सिंह , गुड्डू सिंह, अर्जुन वर्मा, पहलवान सिंह आदि किसान उपस्थित उपस्थित रहे ।इसके साथ ही उप गन्ना आयुक्त ने धनेश्वर ग्राम के कृषक दिनेश कुमार के सहफसली प्लॉट गन्ना व धनिया का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त नबाबगंज समिति क्षेत्र के ग्राम उदयपुर के किसान नीबू लाल के को. लख. 14201 प्रजाति के ट्रेंच विधि से बोए गए प्लॉट का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम बडेलिया के किसान शमसुल हक के पेड़ी प्लॉट, ग्राम कुरदा के अब्दुल समद के को. 0118 प्रजाति के पौधा एवं पेड़ी प्लॉट को देखा। इसी प्रकार ग्राम बंधवा के किसान कर्मवीर के गन्ना व खीरा के सहफसली प्लॉट का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के समय कुंदरखी चीनी मिल के ए.जी.एम. रमापति त्रिपाठी, फील्ड स्टाफ अभिषेक सिंह एवं अंकित सिंह उपस्थित रहे।

# डीएम ने क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गेहूं की पैदावार की हकीकत देखने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शुक्रवार को सदर तहसील क्षेत्र के हरचंदपुर ब्लॉक के गुलुपुर गांव में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी मौसम में फसल कटाई के कुल छह खेतों मे प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है।

इसके के अंतर्गत दो खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 1665 में लगभग 9 कुंतल प्रति हेक्टेयर के हिसाब से तथा गाटा संख्या-1068 में 55 कुंतल प्रति हेक्टेयर के हिसाब से उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार क्रॉप कटिंग एक्सप्रीमेंट के अंतर्गत खेतों में फसल कटाई हुई, जिसमें गाटा संख्या 157 में 36 कुंतल प्रति हेक्टियेर, गाटा संख्या 1044 में 63 कुंतल प्रति हेक्टियर, गाटा संख्या 315 में53 कुंतल प्रति हेक्टियर और गाटा संख्या 922 में 37 कुंतल प्रति हेक्टेयर के अनुपात में उपज प्राप्त हुई।

बता दें कि क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए।

# संदिग्ध परिस्थितियों अधेड़ महिला का शव फांसी से लटकता मिला

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के बरवलिया मजरे बेलवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ महिला का शव बरामदे की छत में लगे कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरवलिया गांव के रहने वाले रामदेव पासी की 48 वर्षीया पत्नी कलावती का शव अज्ञात कारणो से घर के बरामदे की छत में लगे लोहे के कुंडे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। जब घर वालों ने देखा तो कोहराम मच गया। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम का कहना है कि, घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या ही प्रतीत हो रही है। किंतु मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

### ट्रक-मोटरसाइकिल के भिड़ंत में युवक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पारा अचंलेश्वर गांव का रहने वाला अनुज कुमार 26 वर्ष मोटरसाइकिल से बछरावां की ओर आ रहा था ।वह जैसे ही थाना क्षेत्र के अघौरा चौराहे पर पहुंचा पीछे से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसको गंभीर चोटे आ गई। नाजुक हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया ।वहां पर चिकित्सक गणनायक पांडे ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिली हैद्य तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला पहुंचीं रायबरेली

## सरेनी विधानसभा क्षेत्र मे आयोजित नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी रायबरेली में कमल खिलाने के लिए शहर से लेकर गांव तक चुनाव प्रचार में जुटी हुई है आज राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सरेनी विधानसभा क्षेत्र के गेगासो गांव में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आयोजित की गई नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को ग्रामीणों के सामने रखा और सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को भी गिनाया राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस अपना प्रत्याशी घोषित करने में डर रही है क्योंकि पता है कि इस बार रायबरेली में कमल खिलने जा रहा है यही नहीं प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि मोदी जी की गारंटी का मकसद ही यही है भले ही रायबरेली में प्रत्याशी बीजेपी का भी अभी घोषित नहीं हुआ है लेकिन बीजेपी में मोदी जी की गारंटी है कोई भी प्रत्याशी आए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# हाई टेंशन की चिंगारी से आठ बीघा गेहूं जलकर राख



**महाराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हाई टेंशन विद्युत तारों से निकली चिंगारी से किसानों की लगभग आठ बीघे तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि सूचना के 2घंटे बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंचा तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे।

घटना बीते गुरुवार शाम 5:00 बजे के आसपास की है। खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी ने गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। क्षेत्र में लगातार आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। इसके बावजूद भी बिजली विभाग के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। खेतों में आग लगने की जानकारी होते ही मौके पर सैकड़ो ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना दमकल कर्मियों को दी गई, किंतु दमकल विभाग मौके पर 2 घंटे बाद पहुंचा, इससे पहले ही ग्रामीणों की कड़ी मस्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान विनोद से मिली जानकारी के मुताबिक तौली गांव के रहने वाले राजेश कुमार डेढ़ बीघा, मातादीन पुत्र नाथू तीन बीघा और काली देवी पत्नी लक्ष्मी का एक बघा के अलावा रामगांव के रहने वाले किसानों ओम प्रकाश शुक्ला पुत्र विशेषर एक बीघा, रवि शंकर पुत्र नंद राई एक बीघा और बनवारी पुत्र नंद राई का एक बघा मिलाकर लगभग 8 बीघे के आसपास गेहूं की फसलें हाई टेंशन विद्युत तार से निकली चिंगारियों से जल जल कर राख हो गई है। जब हल्का लेखपाल से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ जा रहा था। वहीं उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि, क्षेत्रीय कानूनगो और हल्का लेखपाल को मौके पर भेज कर क्षति का सही आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई है। सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि पीड़ित किसानों को दिलाई जाएगी।

### गांधी विद्यालय के साइकिल स्टैंड प्रांगण में अज्ञात कारणों से लगी आग मचा हड़कंप



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित गांधी विद्यालय के साइकिल स्टैंड प्रांगण में कूड़े के ढेर में आग लग जाने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। घटना दिनांक 11 अप्रैल गुरुवार शाम 6:00 बजे के आसपास गांधी विद्यालय के साइकिल स्टैंड प्रांगण में एकत्रित कूड़े के देर में अज्ञात कर्म से आग लग गई। आग लगते ही मोहल्ले वासियो में हड़कंभ मच गया। जिसकी सूचना स्थानी लोगों के द्वारा फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं नगर पंचायत के टैंकर की मदद से जलती हुई आग पर काबू पाया गया। समय रहते आज पर काबू पा लिया गया नहीं तो आसपास बस्ती होने के चलते बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी।

# सेक्टर अधिकारियों और मजिस्ट्रेटों ने एसडीएम के खिलाफ खोला मोर्चा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



▸ मीटिंग के दौरान एसडीएम द्वारा अभद्र व्यवहार और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

निर्वाचन ड्यूटी में लगे सेक्टर अधिकारियों और मजिस्ट्रेटों ने एसडीएम डलमऊ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया । सामान्य निर्वाचन 2024 में लगे एक दर्जन से सेक्टर मजिस्ट्रेटो ने एसडीएम डलमऊ आशुतोष राय पर आरोप लगाया कि मीटिंग के दौरान उन्होंने उनके साथ अभद्र व्यवहार और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इतना ही नही माफी मांगने के बाद भी उन्होंने इंजीनियर्स को पुलिस को सौप दिया। एसडीएम की तानाशाही से पीड़ित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने आज इस मामले की शिकायत डीएम हर्षिता माथुर से की। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सिंचाई, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य कई विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सेक्टर अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है, लेकिन डलमऊ तहसील में लगे सेक्टर अधिकारी और मजिस्ट्रेट एडीएम के व्यवहार को लेकर आक्रोशित है।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव ने ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचकर दी ईद की शुभकामनाएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने ईद के अवसर पर ऊंचाहार में ईदगाह व विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर एवं विभिन्न लोगों से मिलकर, ऊंचाहार नगर, मतीनगंज, कजियाना, धमधमा, सवैया,जलालपुर धई, गौरा, जगतपुर, पूरबगांव आदि स्थानों के साथ-साथ रायबरेली नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं दी एवं आपस में भाईचारा बनाए रखने के अपील की।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार आपस में भाईचारे के साथ रहने का संदेश देता है, देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सभी का योगदान है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडेय, शैलेंद्र सिंह, मोहम्मद फारुकी, मोहम्मद शाजू, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद गुड्डू,मेहंदी हसन, शहनाज बानो, गुड्डी देवी, प्रधान मोबिन अंसारी, मोहम्मद आजम, मोहम्मद सल्लन,डॉ राकेश यादव, प्रमोद यादव, रवि सिंह, गोलू अग्रहरि, राहुल सिंह, देवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, धुन्नी द्विवेदी, प्रेम नारायण श्रीवास्तव, मोहम्मद अकबर, अनुराग गुप्ता, हारून सिद्दीकी, विनोद मौर्य, रमेश मौर्य, रामकुमार सरोज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### अवैध शस्त्र कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शहजाद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम राजामऊ थाना बछरावां जनपद रायबरेली को अवैध शस्त्र कारतूस के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गयाद्य जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गयाद्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

# भाजपा ने किया नुक्कड़ सभा आयोजित




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नुक्कड़ सभा का हुआ आयोजन आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने लोगों के बीच जाकर अपनी पैठ बनाना शुरू कर दिया इसी कड़ी में शुक्रवार को हसनपुर ग्राम पंचायत में केशव चौधरी के प्रतिष्ठान पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

नुक्कड़ सभा के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह रहे पूर्व प्रमुख ने कहा कि आगामी समय में लोकसभा का चुनाव होने हैं अतः पार्टी के सभी पदाधिकारी लोगों के बीच में जाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें और लोगों से मिलते जुलते रहे सत्येंद्र सिंह ने कहा कि अबकी बार 400 पार के तहत हम लोगों को आगे बढ़ना है और रायबरेली मे कमल खिलाना है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे सेक्टर संयोजक सोमेंद्र पटेल गजेंद्र तिवारी पवन सिंह केशव चौधरी विनोद तिवारी शिव शंकर शुक्ला सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### बकाया पैसे देने के बहाने घर बुलाकर बुजुर्ग को लाठी-डंडे से पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नगर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी हफीजुर्रमान (60) सेंवई कारोबारी है। बुजुर्ग से शहर के बख्शीपुरा मोहल्ला निवासी मोहम्मद इरफान ने कुछ दिन पूर्व सेंवई उधार लिया था। पैसा न मिलने पर बुजुर्ग ने मांग की तो युवक ने घर आकर पैसा लेने की बात कही ।बुजुर्ग बुधवार शाम को युवक के घर गया तो उस पर युवक लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग का सिर फट गया। वहीं आरोप है कि युवक पर हमला किया गया। वहीं बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडे ने जिला अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

# चाय का भगोना गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम झुलसी

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अटरा में गरम चाय का भगोना गिरने से डेढ़ वर्षीय बालिका गंभीर रूप से झुलसी, जिला अस्पताल रेफरद्य गरम चाय का भगोना गिरने से मासूम बालिका झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

घटना आज दिनांक 11 अप्रैल गुरुवार शाम 4ः00 बजे के आसपास की है। ग्राम अटरा थाना क्षेत्र बछरावां निवासिनी नैसा पुत्री देशराज उम्र डेढ़ वर्ष पड़ोस के घर में अपनी मां के साथ बालिका खेलने के लिए गई थी। खेलते खेलते अचानक घर में बने किचन में पहुंच गई। किचन में उसे समय चाय बनाकर गरम खोलती चाय का भगोना रखा हुआ था। बालिका अचानक पहुंची और भागोने में हाथ लग गया। परिणाम स्वरूप पूरी चाय बालिका के ऊपर गिर गई। चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनकर मां दौड़कर पहुंची तब तक बालिका झुलस चुकी थी, पारिवारीजनो के द्वारा बछरावां सीएचसी लाया गया। जहां बालिका का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरो के द्वारा उसे गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# सड़क हादसा! तेज रफ्तार डीसीएम ने कार को मारी टक्कर

▸ कार सवार दो की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा तेज रफ्तार डीसीएम ने कार को मारी जोरदार टक्कर एक युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं तीन युवक गंभीर रूप से हुए घायल मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुचरिया गांव के पास का है जहां प्रयागराज से लखनऊ जा रहे हैं कार सवार चार युवकों को सामने से आ रही थी जब तक डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कर सवार सोम प्रकाश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं विनय केसरवानी रोशन पटेल व किशन गंभीर रूप से घायल हो गए सभी प्रयागराज के करछना निवासी है, सूचना पर पहुंची पुलिस में स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां किशन और रोशन पटेल की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया?

## पर्यावरणीय जवाबदेही

यह जानते हुए भी कि प्रकृति के साथ इंसानी क्रूरता से उपजे ग्लोबल वार्मिंग संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है, हमारी सरकारें इस गंभीर चुनौती के मुकाबले को लेकर उदासीन नजर आती हैं। आज दुनिया में हर साल करोड़ों लोगों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखे, बाढ़ व चक्रवातों की वजह से विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर खेतों में खाद्यान्न उत्पादकता में कमी आई है। साथ ही लाखों लोगों को अपने जीवन से हर साल हाथ धोना पड़ता है। लेकिन विकसित देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर बड़े सम्मेलनों के आयोजन के अलावा इस संकट से निपटने के लिये युद्धस्तर पर कोई कोशिश होती नजर नहीं आती। सिर्फ जुबानी जमाखर्च के अलावा कोई ठोस पहल विकसित व विकासशील देशों के स्तर पर अब तक नहीं हुई है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभाव के प्रति सरकारी निष्क्रियता को चुनौती देने वाली स्विस वृद्ध महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला सरकारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक आदेश इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन प्रभावों से सुरक्षा मांगना एक मौलिक मानव अधिकार है। निस्संदेह फैसला पूरे यूरोप के लिये एक नजीर होनी चाहिए। यह फैसला बताता है कि जलवायु संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। सरकारों को जलवायु अनुकूल नीतियों को लागू करने में दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी। साथ ही सरकारों को जवाबदेह बनाने वाले सार्वजनिक दबाव व नागरिक सक्रियता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह नागरिकों की जागरूकता को कमतर नहीं आंका जा सकता। जाहिर बात है कि यदि लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता व प्रत्याशा को जलवायु संकट बुरी तरह प्रभावित कर रहा हो तो सरकारें कैसे उदासीन बनी रह सकती हैं। तमाम अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से जहां हमारी खाद्य शृंखला खतरे में है, वहीं तमाम तरह के नये-नये घातक रोग सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।निश्चित रूप से यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय का फैसला पूरे विश्व के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जीवन रक्षा को हमारे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा था। कोर्ट ने माना था कि जलवायु परिवर्तन का असर सीधा जीवन के अधिकार पर पड़ता है। अदालत ने एक फैसले में कहा था कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिये नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया जाना चाहिए।

# देशभर में स्कूली बच्चों की सेफ्टी का सवाल, जिम्मेदारी किसकी?

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

इं वैश्विक स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत चहुंमुखी विकास के एक पहिए शिक्षा क्षेत्र को विकसित व आधुनिक बनाने के लिए संकल्प के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तेजी से शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है जो काबिल ए तारीफ है। परंतु नीति निर्धारकों को शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के साथ गलत होना,दुर्घटना होना या अन्य किसी घटनाचूंकि स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही के चलते हो रही है, इसकी जवाबदेही स्कूल प्रबंधन प्रशासन पर तय कर उन्हें कठोर सख्त सजा का प्रावधान नियम अधिनियम बनाने की जरूरत अब आन पड़ी है,जिसके लिए संबंधित कानून में संशोधन करनेकी घड़ी भी अब आन पड़ी है, क्योंकि जिस तरह दिनांक 11 अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में एक स्कूल बस पलट गई जिसमें 6 मासूम बच्चों का जीवन चला गया,जो अत्यंत खेद जनक है जिसपर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने भी हादसे पर अपने संवेदनाएं जताकर दुख प्रकट किया है। हालांकि इसके पूर्व भी अनेक बार इस तरह की घटनाएं दुर्घटनाएं स्कूल अधिकार क्षेत्र में बच्चों की हत्या सहित अनेक आपराधिक कृत्य हो चुके हैं, यहां तक कि राजधानी दिल्ली में 1997 में यमुना में बस गिरी थी जिसमें 28 बच्चों की मौत हुई थी तो इसी वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल बसों के लिए गाइडलाइंस जारी की थी,जिसका पालन अनेक स्कूलों द्वारा अभी भी नहीं किया जा रहाहै,परिणाम पर 11 अप्रैल 2024 को फिर एक बार हादसा हुआ परंतु अब शिक्षा विभाग को अति सख्त होना होगा, इस तरह के हादसों के लिए अब स्कूल मैनेजमेंट व प्रशासन पर बहुत गहरी सख्त जवाबदारी जिम्मेदारी का नियम विनियम बनाना होगा, ताकि इस तरह के हादसों के लिए आईपीसी की धारा 34 के तहत सह अपराधी बनाया जाए और सख्त सजा का प्रावधान किया जाए। चूंकि देशभर में स्कूली बच्चों की सेफ्टी का सवाल उठा है और जिम्मेदारी किसकी? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, स्कूलों में घटित अपराधिक घटना दुर्घटना लापरवाही से बच्चों को क्षति की जवाबदेही स्कूल प्रबंधन व प्रशासन पर तय करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 11 अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूली बस हादसे की करें तो, गुरुवार की सुबह स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में 6 छात्रों की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा घायल बताये जा रहे हैं। सबसे ज्यादा दहलाने वाली बात ये है कि स्कूल की प्रिंसिपल को इसका पता था कि ड्राइवर ने शराब पी है। मीडिया में बताया जा रहा है कि हादसे से करीब 30 मिनट पहले ग्रामीणों ने रास्ते में बस को रोका था।उन्हें पता चला कि ड्राइवर शराब के नशे में है। लोगों ने इसकी जानकारी प्रिंसिपल को दी लेकिन प्रिंसिपल ने बात को हवा में उड़ा दिया और उसी ड्राइवर को बस चलाने की अनुमति दे दी, ग्रामीणों ने जब प्रिसिंपल को फोन करके बताया कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में है, तो उसके करीब 30 मिनट बाद ही आग जाकर बस पलट गई, जिसमें 6 बच्चों की जान चली गई। हादसे के बाद घायल बच्चों ने भी अस्पताल में ये बात बताई कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। बच्चे ने ये भी कहा कि वो बस को करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चला रहा था। अचानक मोड़ आया तो वो बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और बस पलट गई। प्रिंसिपल को फोन करने वाले लड़के का बयान लिया गया।इस बात की पुष्टि डीएसपी ने भी किया है, कहा कि उन्हें पता चला है कि रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने बस को रोककर स्कूल के प्रिंसिपल को फोन पर बताया था कि ड्राइवर ने शराब पी रखी है। डीएसपी के मुताबिक जिस लड़के ने प्रिंसिपल को फोन किया था, उसका भी बयान दर्ज किया गया है, आगे की जांच की जा रही है। स्कूल के सभी संचालकों की जानकारी ली जा रही है, डीएसपी पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है, बताया कि शिक्षा विभाग से इसकी जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं,उनकी क्या भूमिका थी। सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा।




डीएसपी के मुताबिक जिस लड़के ने प्रिंसिपल को फोन किया था, उसका भी बयान दर्ज किया गया है, आगे की जांच की जा रही है। स्कूल के सभी संचालकों की जानकारी ली जा रही है डीएसपी पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है, बताया कि शिक्षा विभाग से इसकी जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं,उनकी क्या भूमिका थी। सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा। पुलिस के मुताबिक गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था। उसको लेकर भी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा लगाई गई है। जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं, उनकी क्या भूमिका थी, सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा।

पुलिस के मुताबिक गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था। उसको लेकर भी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा लगाई गई है। जानकारी ली जा रही है कि स्कूल के संचालन में कौन-कौन लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं, उनकी क्या भूमिका थी, सभी जानकारी मिलने के बात उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किया जायेगा। ड्राइवर के मेडिकल में शराब की पुष्टि डीएसपी ने ये बात स्वीकार की है कि पुलिस की जांच में ये बात सच पाई गई है कि ड्राइवर ने शराब पी थी। ड्राइवर के मेडिकल टेस्ट में शराब पीने की पुष्टि हुई है महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

इनमें स्कूल की प्रिंसिपल,सचिव और ड्राइवर शामिल है। साथियों बात अगर हम 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूली बसों के लिए जारी गाइडलाइंस की करें तो, राजधानी दिल्ली में 1997 में यमुना में स्कूली बस गिरी थी, जिसमें 28 स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उसी साल स्कूली बसों के लिए गाइडलाइंस जारी की थीं। इन गाइडलाइंस में सेफ्टी के तमाम इंतजाम किए गए थे। (1) स्कूली बस ड्राइवर का अनुभव 5 साल से ज्यादा का होना चाहिए। (2)गाड़ी की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। (3)हर गाड़ी में प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स होने चाहिए। (4)आग बुझाने के उपकरणों का इंतजाम होना चाहिए। (5) स्कूली बच्चों को ले जाने वाले गाड़ियों की खिड़कियों पर ग्रिल होनी चाहिए।(6)गाड़ी में पीने के पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। (7)बस पीले रंग की होनी चाहिए और उस पर स्कूल का नाम और फोन नंबर होना चाहिए। (8) अगर बस को हायर किया गया हो, तो उसके आगे ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए। (9)बस में बच्चों के साथ कोई टीचर या अभिभावक होना चाहिए। (10)गाड़ी में सीटों की क्षमता जितनी होगी, उससे 20 फीसदी ज्यादा बच्चे ले जाए जा सकते हैं, ज्यादा नहीं (11) गेट ऐसे होने चाहिए, जो बंद हो सकें यानी प्रवेश द्वार ओपन न हो।दिल्ली पुलिस ने भी स्कूली बच्चों, पैरेंट्स व टीचर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं। बच्चों को यह कहा गया है कि वह समय पर घर से निकलें, ताकि बस पकड़ने के दौरान कोई जल्दबाजी न हो।

## विचार

# लोकसभा चुनावों में भ्रष्टाचार जनता के सामने कोई मुद्दा नहीं

नन्तू बनर्जी

भ्रष्टाचार से कौन डरता है? निश्चित रूप से भारत के राजनीतिक दल तो बिल्कुल नहीं, जो वर्तमान लोकसभा चुनाव अभियान में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। न ही आम जनता, जो वर्षों से देश की भ्रष्टाचार की दुष्ट व्यवस्था का हिस्सा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों, जैसे कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग, द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर चुनिंदा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों और राज्य नेताओं के परिसरों पर छापे और गिरफ्तारियों से आम जनता की यह धारणा बदलने की संभावना नहीं है कि सभी राजनीतिक दल भ्रष्ट हैं। उनका मानना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुनाव पूर्व गिरफ्तारी का संबंध किसी और चीज से ज्यादा लोकप्रिय राजनेता को चुनाव अभियान में भाग लेने से रोकने के इरादे से है।

आम तौर पर, राजनीतिक दलों और अधिकांश मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार एक गैर-मुद्दा है। राज्य के विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अक्सर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद हटा दिये जाते हैं, जो केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रमुख राजनीतिक इकाई है, जो चुनाव




पूर्व भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का नेतृत्व करती है। यदि प्रफुल्लपटेल, जो केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये के विमान खरीद घोटाले में शामिल थे, के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ राजनीतिक गठबंधन के नेतृत्व में सरकार में शामिल हुई है, उसे भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने के बाद हटाया जा सकता है तो इसके मुकाबले दिल्ली की शराब नीति में सुधार के मामले में भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हाल ही में ईडी की गिरफ्तारी में भ्रष्टाचार की राशि मामूली प्रतीत होगी क्योंकि इसमें दिल्ली के सत्तारूढ़ दल को केवल 100 करोड़ रुपये का हस्तांतरण शामिल होने का दावा किया गया है।

प्रफुल्ल पटेल के कार्यकाल के दौरान एयर इंडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट को लेकर

**कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है कि सत्ताधारी पार्टी का फॉर्मूला है भाजपा में शामिल हो जाओ, केस बंद। इस तथ्य को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का मकसद आप सुप्रीमो को चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान से रोकना हो सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2020 में, केजरीवाल की आप ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को चौंका दिया।**

कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने दाग हटाने के लिए भाजपा की वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है, इसका लाइव डेमो दिया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है कि सत्ताधारी पार्टी का फॉर्मूला है भाजपा में शामिल हो जाओ, केस बंद। इस तथ्य को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का मकसद आप सुप्रीमो को चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान से रोकना हो सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2020 में, केजरीवाल की आप ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को चौंका दिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी ईडी द्वारा अन्य विपक्षी राज्य-स्तरीय नेताओं के खिलाफहाल ही में की गई इसी तरह की कार्रवाई से अलग है। आम चुनाव से एक महीने से भी कम समय पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी आप कार्यकर्ताओं और जनता के बीच कई सवाल खड़े करती है। इसके विरोध में पूरा विपक्ष दिल्ली की सड़कों पर उतर आया था। तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले में राज्य सरकार द्वारा शराब की खुदरा बिक्री के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करना शामिल था। राष्ट्रीय सरकार द्वारा सस्ते में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निजीकरण के बारे में क्या कहना है? दुर्भाग्य से भाजपा के लिए, केजरीवाल की गिरफ्तारी ने भारत सरकार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आलोचना पैदा करने के अलावा राष्ट्रीय सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ पूरे विपक्ष को एकजुट करने में मदद की है। भारत को दुनिया के सबसे भ्रष्ट बड़े लोकतंत्रों में से एक माना जाता है। भारत के बड़ी संख्या में राजनीतिक क्षत्रप वित्तीय भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक कार्रवाइयों में शामिल माने जाते हैं। उनमें से कुछ को अपने खिलाफ लगाये गये ऐसे आरोपों या यहां तक कि अपनी दोषसिद्धि पर गर्व भी महसूस हुआ होगा। उदाहरण के लिए, लगभग 10,000 करोड़ रुपये के बड़े चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराये गये 75 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन इंडिया में एक प्रमुख नेता बने हुए हैं। दोषी ठहराये जाने पर, लालू प्रसाद यादव ने 17 अप्रैल, 2021 तक जेल की सजा काट ली, और उन्हें एक अन्य मामले में पटना उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई।

विपक्ष को एकजुट करने में लालू प्रसाद की सक्रिय भूमिका को लेकर अब किसी को शिकायत नहीं है। न ही लालू प्रसाद शर्म से मुंह छिपा रहे हैं। अपराध और भ्रष्टाचार लोकतांत्रिक भारत के राजनीतिक जीवन का हिस्सा रहे हैं। जेल में रहने के कारण अक्सर राजनीतिक नेताओं को रिहा होने के बाद उनके अनुयायियों के सामने एक शक्तिशाली नेता की छवि मिल जाती है। इससे यह स्पष्ट हो सकता है कि विभिन्न पार्टियों में इतने सारे दागी राजनीतिक नेता विधायक बनने के लिए सार्वजनिक जनादेश प्राप्त करने में कैसे कामयाब होते हैं।

## कंगना जैसे लोग भाजपा के आभूषण

भारतीय जनता पार्टी के दस वर्षीय शासनकाल में जो विवेकशून्य और ज्ञानहीन लोगों की खेप इस संगठन में उतारी गई है उनमें हालिया नाम कंगना रनौत का है। भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आंखों में बहुत कम समय में चढ़ने वाली कंगना को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। हिन्दी सिनेमा की सफल अभिनेत्री के रूप में उनकी पहचान बनी है परन्तु उनका भाजपा में स्वागत व समावेश इस कारण से हुआ है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय से भाजपाविरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ सतत बयानबाजी की है। बयान भी ऐसे ऊलजलूल कि वे भाजपा जैसे दल के लिये ही स्वीकार्य और स्वागत योग्य हो सकते हैं। वैसे तो कंगना अपने बयानों से लोगों का ध्यान खींचती रही हैं परन्तु उनका ताजा-तरीन बयान विशेष चर्चा में आया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल में कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री सुभाषचन्द्र बोस थे जिनका आज तक कहीं पता नहीं है। उनके इस बयान पर नेताजी के पोते चंद्रकुमार बोस ने उन्हें फटकार लगाई है। देश के सर्वाधिक सम्मानित नेताओं में से एक सुभाष बाबू के वारिस ने कहा कि श्किसी को भी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिये इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिये। सवाल यह है कि क्या कंगना रनौत इतिहास से इतनी अनभिज्ञ हैं कि उन्हें यह भी नहीं पता कि जिस लोकसभा में प्रवेश पाने के लिये वे मतदाताओं के बीच पसीना बहा रही हैं, उसी सदन में (बेशक पुराना भवन) करीब 75 वर्ष पहले जवाहरलाल नेहरू नामक व्यक्ति ने पीएम के पद पर बैठकर एक-दो नहीं वरन 17 वर्ष देश का नेतृत्व किया था। स्कूल की निचली कक्षाओं में भी गये हर छात्र को नेहरू का नाम अनगिनत सन्दर्भों में पढ़ने का अवसर मिलता है। कंगना इतनी तो पढ़ी-लिखी हैं ही कि वे भी एकाध ऐसे अध्यायों से जरूर होकर गुजरी होंगी। असली बात यह है कि 2014 में खुली वाट्सएप यूनिवर्सिटी में वे स्वेच्छा से पढ़ाई करने के लिये दाखिल हुई छात्रा हैं। इस विश्वविद्यालय की खासियत यह है कि इसमें दीक्षित होने के लिये किसी भी विद्यार्थी को अपनी पहले की स्लेट को पूरी तरह से पोंछकर आना पड़ता है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा तैयार किये गये सिलेबस को रटकर समाज के बीच जाना पड़ता है तभी उसे इतना होनहार माना जाता है कि वह बगैर किसी अनुभव के ही सीधे लोकसभा चुनाव का टिकट पा सकता या सकती है। कहना न होगा कि इस पाठ्यक्रम का सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय इतिहास होता है। नये सिरे से लिखे गये इतिहास में पराजितों को विजेता घोषित करने से लेकर गद्दारों को देशभक्त बनाने और मध्ययुग के अंधकार को विकसित भारत का प्रकाश बतलाने से लेकर दुनिया भर के ज्ञान-विज्ञान को अपनी उपलब्धियां बतलाने वाले लम्बे-लम्बे अध्याय हैं। छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से इसमें तोड़-मरोड़ की भी पर्याप्त सुविधा व स्वतंत्रता होती है। कंगना इस विश्वविद्यालय की होनहार छात्रा हैं। ऐसा नहीं कि उनकी इस योग्यता को रातों-रात मान लिया गया हो। उन्होंने कई मौकों पर यह साबित किया है। उन्होंने ही कुछ अरसा पहले बतलाया था कि देश को वास्तविक आजादी 1947 में नहीं वरन 2014 में मिली थी। यह वही बयान हैं जिससे मोदी एवं भाजपा को उनकी प्रतिभा का भान हुआ होगा। हालांकि उसके पहले जब वे महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चली शिवसेना-कांग्रेस-एनसीपी सरकार से उलझती रहीं, तो भी माना गया था कि वे पार्टी के लिये उपयोगी हैं। उन्हें बाकायदे उच्चस्तरीय सेक्युरिटी दी गई है। उन्हें उनके अभिनय के लिये पद्मश्री पुरस्कार भी दिया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन अवसर पर जिन गिने-चुने लोगों को आमंत्रित किया गया था उनमें वे अग्रिम पंक्ति की मेहमान थीं। उनके वे वीडियो भी खूब वायरल हुए हैं जिनमें वे उमंग में भरकर इतनी ऊंची आवाज में जयश्री राम के नारे लगा रही हैं कि वह सम्भवतरू स्वर्ग में विराजमान प्रभु तक अवश्य पहुंची होगी। उसी का यह नतीजा हो सकता है कि उन्हें बगैर किसी सियासी अनुभव या पार्टी में प्राथमिक स्तर पर काम किये बिना लोकसभा में पहुंचाने की भाजपा ने ठानी।



## राशिफल

**मेषः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफ्लताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# इस्लामोफोबिया से मुकाबिल संयुक्त राष्ट्र संघ एक प्रशंसनीय पहल

राम पुनियानी

कुछ सालों पहले संयुक्त राष्ट्र संघ में एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर पाकिस्तान ने यह मांग की थी कि वर्ष के किसी एक दिन को इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाए। उस समय कई देशों, जिनमें भारत भी शमिल था, ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि फोबिया अर्थात उनके प्रति डर के भाव से कई अन्य धर्म भी पीड़ित हैं। प्रस्ताव का विरोध करने वाले देशों की संख्या कम थी और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंततः 15 मार्च को इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित कर दिया। दुर्भाग्यवश, पिछले महीने इस दिवस पर कोई चर्चा नहीं हुई। इस साल संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए विशिष्ट कार्रवाइयां करने हेतु विशेष दूत की नियुक्ति की जाए। यह मांग भी पाकिस्तान की ओर से आई थी और इसका भी भारत सहित कई देशों ने विरोध किया था। प्रस्ताव पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी.एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि पूरी दुनिया में धर्मों और पंथों पर लक्षित हिंसा में बढ़ोतरी हो रही है। कुछ लोग यहूदियों के विरूद्ध हैं, कुछ ईसाईयों के और कुछ हिन्दुओं के। बौद्धों




और सिक्खों के विरूद्ध हिंसा की घटनाएं भी होती रहती हैं। उनके अनुसार दुनिया में बहुत से फोबिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि -हम सब जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 16 नवम्बर को सहिष्णुता दिवस घोषित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुवाद इन सभी फोबिया से निपटने के लिए पर्याप्त है और इस्लामोफोबिया के लिए अलग से कुछ किये जाने की जरूरत नहीं है सच क्या है? क्या अन्य धर्मो के खिलाफ फोबिया और इस्लामोफोबिया में कोई फर्क है? यह सही है कि दुनिया में अलग-अलग धर्मो के लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फोबिया का सामना पड़ा है। अगर हम दक्षिण एशिया की बात करें तो श्रीलंका में तमिल हिन्दुओं और पाकिस्तान में सभी हिन्दुओं को प्रताड़ित किया गया। इसी तरह श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत में भी ईसाई प्रताड़ित किये गये हैं। वर्तमान में तालिबान-शासित

**प्रस्ताव पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी.एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि पूरी दुनिया में धर्मों और पंथों पर लक्षित हिंसा में बढ़ोतरी हो रही है। कुछ लोग यहूदियों के विरूद्ध हैं, कुछ ईसाईयों के और कुछ हिन्दुओं के। बौद्धों और सिक्खों के विरूद्ध हिंसा की घटनाएं भी होती रहती हैं। उनके अनुसार दुनिया में बहुत से फोबिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि -हम सब जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 16 नवम्बर को सहिष्णुता दिवस घोषित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुवाद इन सभी फोबिया से निपटने के लिए पर्याप्त है और इस्लामोफोबिया के लिए अलग से कुछ किये जाने की जरूरत नहीं है सच क्या है? क्या अन्य धर्मों के खिलाफफोबिया और इस्लामोफोबिया में कोई फर्क है? यह सही है कि दुनिया में अलग-अलग धर्मों के लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फोबिया का सामना पड़ा है। अगर हम दक्षिण एशिया की बात करें तो श्रीलंका में तमिल हिन्दुओं और पाकिस्तान में सभी हिन्दुओं को प्रताड़ित किया गया।**

अफगानिस्तान में रह रहे सिक्ख हर तरह से परेशान हैं। तो फिर इस्लामोफोबिया अन्य धर्मों के प्रति फोबिया से इतना अलग क्यों है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को उससे मुकाबला करने के लिए एक विशेष दिवस की घोषणा करनी पड़ी और एक विशेष दूत नियुक्त करना पड़ा? यह हमारा दुर्भाग्य है कि वर्तमान में वैश्विक राजनीति पर पहचान से जुड़े मुद्दों का वर्चस्व है। श्रीलंका में लिट्टे के सदस्यों के दमन के पीछे नस्लीय मुद्दे थे। वैश्विक स्तर पर इस्लामोफोबिया की आमद से बहुत पहले से भारत में मुसलमान अलग-अलग तरह से डराये-धमकाये जाते थे और उनके प्रति नफ्रत का भाव भी था। इसके कारण उनके खिलाफहिंसा भी होती थी। तो ऐसे में इस्लामोफोबिया अलग क्यों है और वह अन्य धार्मिक फोबिया से अधिक डरावना क्यों है? केवल धर्म के आधार पर किसी को प्रताड़ित करने या किसी से नफ्रत करने का पागलपन बहुत पुराना है। इस मामले में इस्लामोफोबिया एक नई परिघटना है। इस्लामोफोबिया का उदय सन् 1970 के दशक में हुआ जब अमेरिका के पिट्ठू रजा शाह पहलवी को अपदस्थ कर अयातुल्ला खुमैनी ने ईरान में सत्ता संभाली। उस समय अमेरिका ने यह कहा कि इस्लाम दुनिया के लिए नया खतरा है। टाईम पत्रिका की कवर स्टोरी का शीर्षक था इस्लाम एज द न्यू थ्रेट। नया खतरा क्यों? वह इसलिए क्योंकि उस समय तक अमरीकी मीडिया कम्युनिज्म को स्वतंत्र दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बताता था। स्वतंत्र दुनिया से आशय था अमेरिका के वर्चस्व वाली दुनिया। उस समय अमेरिका की राजनैतिक और आर्थिक दादागिरी को रूस (सोवियत संघ) के नेतृत्व वाला समाजवादी गुट ही चुनौती दे रहा था। उस समय अमेरिका ने दुनिया को यह समझाया कि कम्युनिज्म उसके लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस विचार, जिसे दुनिया का सबसे ताकतवर देश फैला रहा था, को पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया। इससे कार्ल मार्क्स का वह कथन एक बार फिर सही साबित हुआ कि श्शासक वर्ग के विचार ही शासन करते हैं। शनैः शनैः समाजवादी रूस कमजोर होता गया और फिर 1990 के दशक में वह पूरी तरह बिखर गया। अब दुनिया के सबसे ताकतवर देश को लड़ने के लिए कोई और दानव चाहिए था। यह वह समय था जब अमेरिका अपने पिट्ठूपाकिस्तान में मदरसों की स्थापना कर रहा था। महमूद ममदानी ने अपनी पुस्तक गुड मुस्लिम, बैड मुस्लिमश् में सीआईए के दस्तावेजों के हवाले से लिखा है कि अमेरिका ने ही इन मदरसों का पाठ्यक्रम तैयार किया। यह पाठ्यक्रम इस्लाम के एक संकीर्ण (वहाबी) संस्करण पर आधारित था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# भाजपा सांसद ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**भाजपा सांसद ने पार्टी की विचारधारा से कार्यकर्ताओं को चिर-परिचित कराते हुए भाजपा की नीतियों पर चलने का संकल्प दिलाया**




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पार्टी के संवाद कार्यक्रम मे शिरकत करने पहुंचे महोबा हमीरपुर सांसद पुष्पेंद्र चंदेल ने कार्यकर्ताओं मे नया जोश भरा। इस दौरान भाजपा वरिष्ठों ने जमकर पार्टी की नीतियों का बखान किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल सतौरा के नेतृत्व मे आयोजित स्वागत समारोह मे भाजपाइयों ने सांसद को फूल मलाओं से लादकर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठां दिखाई। कार्यक्रम मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल सतौरा ने राम नाम की पटिका पहनाते हुये माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह के दौरान भाजपा सांसद ने पार्टी की विचारधारा से कार्यकर्ताओं को चिर - परिचित कराते हुए भाजपा की नीतियों पर चलने का संकल्प दिलाया।

महोबकंठ के अमर गार्डन मे आयोजित संवाद कार्यक्रम के जरिये भाजपा वरिष्ठो ने पार्टी की नीतियो का बखान किया। इस दौरान एमएलसी जीतेन्द्र सेंगर ने कहा की बीजेपी का पहला लक्ष हर जरुरतमंद को उसका वास्तविक हक़ दिलाना है। पार्टी लगातार जनता के हित कार्य कर रही है। भाजपा के राज मे हर मजलूम को न्याय मिल रहा है। संवाद कार्यक्रम के दौरान महोबा हमीरपुर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा की मोदी और योगी के राज मे देश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। आज बीजेपी के कार्यकाल मे हर गरीब के सिर पर छत है। वही प्रदेश मे जीरो टॉलरेंस नीति ग्राउंड जीरो पर जारी है। इस दौरान भाजपा सांसद ने कार्यकर्त्ताओ को जीत का गुरुमन्त्र भी दिया। वही कार्यक्रम दौरान पूर्व जिला पंचायत संदस्य अनिल सतौरा ने कहा की भाजपा की कल्याणकारी नीतियो ने आम जन मानस मे पार्टी के प्रति विश्वास को और बढ़ाया है। लगातार जनहित मे कार्य कर रही बीजेपी कई मायनो मे देश की लोकप्रीय पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम दौरान पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू, पूर्व विधायक अम्ब्रीस कुमारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव, कोपरेटिव बैकं के अध्यक्ष चक्रपाढी त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर जीतेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य बैंदो मृत्युंजय सिंह, प्रीतम किसान सहित तमाम भाजपायी मौजूद रहे।

## सीसीटीएनएस योजना में पुलिस ने पाया प्रदेश में तीसरा स्थान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में प्रत्येक माह जनपदों की प्रेषित की जाने वाली रैंकिग में इटावा पुलिस द्वारा प्रदेश मे तीसरा स्थान प्राप्त किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये शीर्ष 5 मे जगह बनाकर कानपुर जोन एवं कानपुर रेंज मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। एनसीआरबी द्वारा प्रत्येक माह सीसीटीएनएस के सम्बन्ध में विभिन्न पैरामीटर्स की सूचना के आधार पर सभी राज्यों से उक्त सूचना प्राप्त करके प्रगति डेशबोर्ड के रूप में राज्यों की रैकिंग प्रेषित की जाती है। उक्त के अनुसार ही मुख्य सचिव, उ.प्र. के निर्देशानुसार सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में प्रत्येक माह जनपदों की भी रैंकिग की जाती है । इसी क्रम में माह मार्च 2024 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिग की गयी जिसमें जनपद इटावा ने कानपुर जोन एवं कानपुर रेंज में प्रथम तथा प्रदेश मे तीसरा स्थान प्राप्त किया गया।

# एसपी ने मतगणना-पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र महोबा के लिये स्थापित स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल एवं पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल-राजकीय पालीटेक्निक कालेज महोबा का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम में सुरंक्षात्मक उपयो तथा पोलिंग पार्टी रवानगी/सामांग्री वितरण एवं जमा करने की तैयारियो के संबंध में बारीकी से निरीक्षण करते हुए जानकारी प्राप्त की गई एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मतगणना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर लें।

निरीक्षण के दौरान मानचित्र के माध्यम से स्ट्रांग रूम में आने जाने वाले रास्तो एवं मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, यातायात एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवानों के लिये मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी लेते हुए सम्बन्धित को मानक के अनुसार प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम्, पीआरओ पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार राय, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नगर में चलाया गया सघन विद्युत चेकिंग अभियान

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।** नगर चरखारी में वार्ड तुर्कयाना, झंडा बजार में एस डी ओ अखिलेश कुमार के द्वारा सघन विद्युत चैकिंग अभियान चलाकर बकायादारों के बिल एवं मीटर रीडिंग चैक की गयी बढ़ती गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मीटर का लोड चैक किया एवं विद्युत लोड बढ़वाया गया और एसडीओ अखिलेश कुमार ने बकायादारों से कहा की पावर हाऊस जाकर अपने अपने बिल जमा करें एवं वार्डों जाकर विद्युत कनैक्शनों को चैक किया गया साथ में विद्युत विभाग के कर्मचारी,मीटर रीडर मुबीन अख्तर,रोहित कुमार संविदा कर्मी,अमित पाल आदि संविदाकर्मी मौके पर उपस्थित रहे।

### बैठक में राम नवमी कार्यक्रम की रूपरेखा पर हुआ विचार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** श्रीएकाशरानंद आश्रम बिरारी की प्रबन्ध समिति की बैठक स्वामी ज्योतिरमयानंद सरस्वती की अध्यक्षता में आश्रम परिसर के सत्संग हाल में हुयी। बैठक में आश्रम के निर्माणाधीन भवन की प्रगति पर, राम नवमी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार, नये सदस्यों को जोड़ने सहीं कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी मैनपुरी को संरक्षक, डॉ. ग्या प्रसाद दुबे, सच्चिदानंद त्रिपाठी, देवेश शुक्ला, अवधेश किशोर तिवारी, अवध बिहारी तिवारी, को सदस्य सर्व सम्मति से चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से मंत्री मेहर चंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा बॉबी, यतेंद्र सिंह, लालता प्रसाद, उपेंद्र चौधरी, शरद कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



### अमरनाथ यात्रा के लिए 35 रजिस्ट्रेशन हुए

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा विधिवत अमरनाथ यात्रा बोर्ड का शुभारंभ करते हुए 35 लोगों के मेडिकल रजिस्ट्रेशन हेतु प्रमाण पत्र जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार इस वर्ष मंगलवार व शुक्रवार को राजकीय अवकाश छोड़कर अमरनाथ यात्रियों को जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे जो अमरनाथ यात्री वर्ष 2024 में यात्रा करना चाहते हैं वह मंगलवार और शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पर उपस्थित होकर अपना मेडिकल कराने की व्यवस्था करें अमरनाथ यात्रा मेडिकल फॉर्म विजय इलेक्ट्रॉनिक पुल कहारान एवं न्यू गुप्ता ज्वेलर्स भरथना चौराहा पर 10 बजे से 5 तक उपलब्ध रहेंगे जो अमरनाथ यात्री यात्रा करना चाहते हैं वह फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में वैकिंग अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व यातायात अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात नागेंद्र चौबे के नेतृत्व मे वैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ट्रैवटर ट्राली के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसमें 18 वाहनों का 87,000 रु. का चालान किया गया तथा शहर क्षेत्र में ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के विरूद्ध अभियान चलाकर 149 वाहनों का चालान किया गया, जिस पर 3,15,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया। अभियान के दौरान प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह, हे.का टीपी गुड्डू सिंह चंदेल, का. टीपी दुर्गेश कुमार, का. टीपी श्रीपाल सिंह व हे.का. चालक मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक की लहर




**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** देश के एक प्रख्यात न्यूज चैनल के जिला संवाददाता विशाल सिंह चौहान का बीते दिवस हृदयगति रुकने से निधन हो गया। मिलनसार, तेजतर्रार युवा पत्रकार की मौत की जानकारी होने पर बडी संख्या मे पत्रकारों, समाजसेवियो ने उनके सिविल लाइन्स स्थित आवास पर अन्तिम दर्शन करने पहुंचे। सुबह उनकी अन्तिम यात्रा गंगाघाट स्थित मिश्रा घाट पर पहुंची जहां उनके बडे पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान वहां पर मौजूद सभी लोगों के आंखो में आंसू थे। बेहद मिलनसार विशाल सिंह ने कुछ ही वर्षों में अपनी अलग छाप बना लोकप्रियता हासिल की। अन्तिम यात्रा में सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा, राजेश बाजपेई, वीरेन्द्र यादव, शेखर अमर, प्रवेश सिंह, अनुराग भारती, ज्ञानेंद्र, अजय शर्मा, नीरज द्विवेदी, नरेन्द्र अवस्थी, भानु सिंह, अमित त्रिवेदी, शशांक मिश्रा, गोपाल, अजय यादव, संजय यादव, शुभम निगम, धर्मेंद्र, दीपक, नवीन सिंह, विपिन शर्मा, योगेन्द्र सिंह, शाबान मलिक, आरिफ देवेश गुप्ता, कामोद पांडे, धर्मेंद्र सिंह नान्हा, अशोक दुबे, जितेन्द्र गौर, राघवेन्द्र तिवारी, मनू शुक्ला सहित सैकडो पत्रकार मौजूद रहे।

### वाहन स्वामियों को जारी की गयी चेतावनी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा वाहनो के अधिग्रहण की शुरू कार्यवाही के तहत भेजे जा रहे नोटिस से बचने के लिए अधिकांश वाहन स्वामी अधिग्रहण आदेश प्राप्त न कर वापस कर रहे हैं जिसका संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अरविन्द कुमार सिंह ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से अपील की है कि जनपद के समस्त वाहन स्वामी लोकसभा चुनाव हेतु वाहन अधिग्रहण के आदेश को वापस करने के बजाय प्राप्त करें और निर्धारित तिथि व स्थान पर अपने वाहनो की उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-160 के अन्तर्गत उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जायेगी।

# पुलिस ने असुरक्षित व क्रिटिकल बूथ क्षेत्र में किया रुट मार्च

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



तहसील बीघापुर क्षेत्र के असुरक्षित व क्रिटिकल बूथ पर थाना अध्यक्ष बारा सगवर ने पुलिस बल के साथ रूट मार्च कर लोगों से भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत असुरक्षित व क्रिटिकल बूथ वाले गांव चिलौली, गढ़ेवा, सहिबीखेड़ा में थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी के नतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च कर एरिया डोमिनेशन किया गया और लोगो से आगामी लोकसभा चुनाव में निर्भीक मतदान करने की अपील की गई। रूट मार्च के बाद थाना अध्यक्ष ने लोगों से मिलकर कहा कि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले अराजकतत्वों की सूचना दें जिससे उनके ऊपर पहले से ही प्रभावी कार्यवाई की जा सके।

# साड़ी से लटका मिला महिला का शव

**खरेला महोबा, समृद्धि न्यूज।**



थाना खरेला अन्तर्गत ग्राम ऐचाना में 30 वर्षीय युवती के फांसी लगने से मौत का मामला प्रकाश में आया है। परिवारीजन जहां इसे आत्महत्या बता रहे हैं वहीं मृतका के भाई ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है हालांकि भाई द्वारा अभी कोई तहरीर थाना में नहीं दी गई है।

विवरण में मिली जानकारी के अनुसार ऐंचाना निवासी मिथलेश उम्र 30 वर्ष पत्नी राजेश प्रजापति का अपने ही पति से मामूली विवाद हो गया था जिसके चलते महिला द्वारा मकान के कड़ी मे साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली गई है। मृतक के जेठ राकेश कुमार पुत्र बहादुर प्रजापति द्वारा थाना खरेला में सूचना दिए जाने पर थाना प्रभारी गोपालचन्द्र कन्नौजिया एसआई सुनील कुमार द्वारा शव को फांसी के फंदे से उतारा गया तथा मजिस्ट्रेट को सूचना दी गयी जहां मजिस्ट्रेट हेमकान्त त्रिपाठी नायब तहसीलदार चरखारी घटना स्थल पर पहुंचे तथा शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतका के भाई पवन निवासी पश्चिमी तरौस मौदहा का आरोप कि मृतक बहिन का पति आए दिन शराब पीकर मारपीट करता था विगत रात्रि में पति द्वारा बहन के साथ मारपीट करते हुए शव को लटकाया गया है। भाई ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद थाना में ससुरालीजनों के विरूद्ध तहरीर दी जाएगी।

महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ था। बताते चलें कि मिथलेश का विवाह राजेश कुमार से 19 फरवरी 2019 को हुआ था जिनसे एक लड़का तीन वर्ष और लड़की 5 वर्ष की है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में लाखों की फसल राख

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर तहसील क्षेत्र के पट्टी उस्मान में अज्ञात कारणो से कलौजी के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसमें लाखों रुपए की फसल जलकर राख हो गई। बताते चले कि सफीपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पट्टी उस्मान निवासी तौकीर हुसैन, अली हुसैन, बेवा मैसूरी बेगम के गेहूं व कलौंजी के खेतों में आज दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया किसी तरह किसानों ने आग पर तो काबू पा लिया लेकिन आग लगने से पीड़ित किसानों पर जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक नुकसान का आंकलन करने के लिए सरकारी अमला नही पहुंचा है। आग लगने की वजह का पता नही लग पाया है। लगभग एक एकड़ एरिया की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई है।

# कब्जे की शिकायत पर जांच करने पहुंची राजस्व टीम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड की ग्राम सभा पाही हरदो निवासी राम विनोद ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार के निर्देश के बाद गठित टीम द्वारा भूमि की नापजोख की गई जिसमें शिकायतकर्ता ही मुख्य रूप से ग्राम समाज की भूमि पर काबिज निकला।

पाही ग्राम सभा निवासी राम विनोद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि ग्राम सभा पाही हरदो में प्राथमिक व जूनियर स्कूल के पीछे खलिहान के लिए आवंटित भूमि पर गाँव के ही लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मकान बनवाया जा रहा हैं। उपरोक्त भूमि खलिहान के साथ-साथ विद्यालय के छात्रों के लिए खेलकूद मैदान में भी प्रयोग की जाती है। राम विनोद की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार अरसला नाज ने कानून गो प्रेम प्रकाश, लेखपाल कुलदीप श्रीवास्तव, लेखपाल दिव्या यादव की टीम गठित कर भूमि की नापजोख के निर्देश दिए। गठित टीम ने ग्राम सभा पाही पहुंचकर ग्राम प्रधान सीमा पटेल व अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में नापजोख की। जांच में शिकायतकर्ता राम विनोद व उसके सहयोगियों द्वारा ही खलिहान, ग्राम समाज के गलियारे की भूमि पर कब्जा किया पाया गया। लेखपाल दिव्या यादव ने बताया कि राम विनोद को नोटिस दी गई थी, लेकिन उन्होंने लेने से इनकार कर दिया। वर्तमान में राम विनोद उक्त भूमि पर गेहूं की फसल बोए हुए हैं। रिपोर्ट तहसील मुख्यालय को दे दी जाएगी। शीघ्र ग्राम समाज की जमीन को राम विनोद व उनके सहयोगियों से मुक्त कराया जाएगा।

## नवीन पुल, फोरलेन और सरैयां में जाम लगने से राहगीर परेशान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सुबह पीक ऑवर के समय शुक्लागंज नवीन पुल पर जाम लगा रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भी वाहनों का भार अधिक होने से दिन में कई बार जाम लगा रहा। सुबह करीब पौने दस बजे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने से जाम लग गया। इस दौरान पुल से लेकर बालूघाट मोड़ तक वाहन सवार जाम में फंसे रहे। जाम को देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित नई सरैयां रेलवे क्रासिंग ट्रेनों के आने जाने के दौरान बंद रही। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। जिससे राहगीर परेशान रहे। इसके अलावा दुर्गा मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं ने अपने वाहन फोरलेन के दोनों ओर खड़े कर दिये। जिस कारण सुबह दोपहर और शाम को कई बार फोरलेन पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

# युवक गोली लगने से घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा लखना मातन मोहल्ला में मुर्गा मीट बिक्रता को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घटना की जानकारी पर भरथना सीओ, लखना चौकी व बकेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस पूरे घटनाक्रम की तहकीकात कर रही है

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बकेवर क्षेत्र के लखना मातन मोहल्ला मुर्गा मीट विक्रेता राकेश बाल्मिकी उम्र 30 पुत्र मुन्नालाल निवासी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के जांघ मे गोली लगी है। जिसको पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक के जांघ में गोली लगने की बात सामने आई है। गोली चलने की आवाज तो आयी थी, परंतु बाहर भागते हुए कोई नजर नहीं आया। यह एक जांच का विषय है। गोली चली गोली लगी परन्तु किसने मारी है। मौके पर पहुंचे सीओ भर्थना अतुल प्रधान इंस्पेक्टर बकेवर राकेश कुमार शर्मा लखना चौकी प्रभारी ललित कुमार गहनता से मामले की जांच पड़ताल में जुटे है। वहीं घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि गोली उसके साले द्वारा मारी गयी। अब इसकी जांच गम्भीरता से की जा रही है। बकेवर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध है। बच्चे को लेकर पति-पत्नी का विवाद चल रहा था जिसके चलते युवक ने दबाव बनाने के लिए घटना को अंजाम देने का प्रतीत हो रहा है। एक पुलिस टीम महिला के यहां भेजी गई है उसके बाद घटना स्पष्ट हो पाएगी।देर रात फॉरेंसिंग टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की जिसमें एक खोखा बरामद किया गया लेकिन बुलेट नहीं मिला। पैर से खून का रिसाव अधिक होने पर घायल को जिला अस्पताल से सैफई अस्पताल के लिए रेफर करने की बात सामने आ रही है। घायल युवक के परिजन ससुरालियों द्वारा घटना को अंजाम देने का आरोप लगा रहे है।



## डीएम, एसएसपी ने मतदाता बाइक रैली को दिखाई झंडी

**इटावा।** जनपद में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदान की अलख-ज्योति जगाने के लिए ऐतिहासिक मतदाता जागरूकता बाईक रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम चौराहा, एस एस पी चौराहा एवं नौरंगाबाद पुलिस चौकी से पक्का तालाब चौराहा होते हुए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार तक निकाली गयी। स्वीप के अन्तर्गत इस शानदार व सफल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगो ने सहभागिता किया। इस अवसर पर डीजे रथ व बाईक सवारों ने मतदान आधारित गीत व विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया।

# किताबें-कॉपी पाकर खिले छात्रों के चहरे

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**




शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में आज किताबे कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वतौर पधारे नेहरू इंटर कालेज पनवाड़ी के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक के एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर मुरली मनोहर तिवारी नीरज द्विवेदी एवम श्री प्रकाश मिश्रा साथ मे फरीदाबाद से आये सी के मिश्रा व यू एस अग्रवाल जी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब हो हर नए सत्र में शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में उत्तर प्रदेश मण्डल एसोसिएशन ऑफ अमेरिका के सौजन्य से निशुल्क किताबे कॉपी ड्रेस आदि का वितरण किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद कुमार पाठक ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि केवल लगन से ही स्टूडेंट्स पढ़ाई कर सकता है उन्होंने1कहा कि डॉ मोतीलाल गुप्ता के अथक प्रयास से आज यह साईंधाम शिक्षा के क्षेत्र में अपनी धाक जमाये हुए हैं जिसमे निशुल्क होकर भी बहुत उम्दा किस्म की सुविधाएं उपलब्ध है अच्छा माहौल है जिसमे विना कोलाहल के स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर सकता है फरीदाबाद से आये सी के मिश्रा ने कहा कि यह उन लोगो के लिए ही है जो शिक्षा से वंचित हैं या आर्थिक तंगी के चलते अभिवावक शिक्षा ग्रहण नही करा पा रहे उनके लिए यह वरदान साबित हो रहा है स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि यह स्कूल ब्लॉक के सभी कांवेंट्स स्कूलों से बेहतर है यह का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत आता है उन्होंने कहा तहजीब के साथ तालीम स्टूडेंट्स के नैतिक मूल्यों में विकास करती है और अच्छा नागरिक तैयार किया जाता है उक्त अवसर पर सभी स्टूडेंट्स व टीचर स्टाफ उपस्थित रहे।

## पुलिस ने खोए बैग को बरामद कर यात्री के सुपुर्द किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस ने खोए हुए बैग को बरामद कर यात्री के सुपुर्द किया। आगरा से इटावा आ रहे भूपेन्द्र कुशवाहा इटावा में बस से उतर कर बस में अपना बैग भूल गए थे। भूपेंद्र की सूचना पर यातायात प्रभारी सुबेदार सिंह ने बस को ट्रेस कर बस से बैग बरामद कर भूपेंद्र को वापस सौपा।

बैग में सामान के अलावा 18000 रुपये रखे थे। अपना बैग व सामान और रुपये सुरक्षित पाकर भूपेन्द्र कुशवाहा ने यातायात पुलिस को दिया धन्यवाद और उनके इस कार्य की सराहना की। इस दौरान यातायात पुलिस कर्मी गुड्डू चंदेल, श्रीपाल सिंह और चालक मनोज कुमार साथ रहे।

# यूपीयूएमएस के डाक्टरों ने सात वर्षीय मासूम बच्ची को दिया नया जीवन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा की रहने वाली एक सात साल की मासूम बच्ची के पेट में तीन किलोग्राम की गांठ की सफल सर्जरी यूपीयूएमएस में की गई । बच्ची के पिता राजू ने बताया की बच्ची का पेट पिछले तीन-चार महीनों से फूल रहा था। पेट फूलने की वजह से बच्ची को खाना खाने में दिक्कत हो रही थी।।

बच्ची को अक्सर पेट में दर्द रहा करता था और उल्टी भी हो जाती थी। जब बच्ची का पेट अधिक फूल गया तब शहर के निजी चिकित्सालय में दिखाया लेकिन बच्ची को आराम नहीं मिला। राजू ने बताया जब बच्ची की बीमारी की सही पता नहीं लगा तब सैंफई अस्पताल में आकर अस्पताल में पीडियाट्रिक सर्जरी (बाल शल्य चिकित्सा) विभाग के प्रमुख डॉ उमेश कुमार गुप्ता को दिखाया। उनके द्वारा बच्ची की जांचें की गई ।जांचों से पता चला की बच्ची के पेट में एक बड़ी गांठ बन गयी है। डॉ उमेश गुप्ता ने बताया कि जांच करने पर भी गांठ की उत्पति का अंग जांचों से भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। डॉक्टरों के पास बड़ी चुनौती थी ऐसे जटिल बीमारी को ठीक करने की क्यों की बच्ची की हालत गंभीर होती जा रही थी । डॉक्टरों की टीम ने बहुत सोच विचार के बाद ऑपरेशन करने का कठिन निर्णय लिया। क्यों की गांठ की उत्पति का अंग जांचो द्वारा भी स्पष्ट नहीं था इसलिए ऑपरेशन अत्यधिक जटिल और जोखिम भरा था। डॉ सूचि निगम के नेतृत्व में अनेस्थेसिआ के डॉक्टरों की टीम ने बच्ची को सुचारू रूप से अनेस्थेसिआ देने की चुनौती स्वीकारी। डॉक्टर उमेश कुमार गुप्ता, डॉ राफे अब्दुल रहमान और डॉ सर्वेश कुमार गुप्ता की शल्य चिकित्सकों के टीम ने ऑपरेशन 5 अप्रैल को ऑपरेशन किया। डॉ गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान गांठ की उत्पति का अंग दाहिना अंडाशय में मिला । दो घंटे तक चली जटिल शल्य चिकित्सा द्वारा तीन किलोग्राम की बड़ी गांठ को सफलता पूर्वक निकाल दिया गया। डॉ गिरजा और डॉ अक्षय ने शल्य क्रिया के बाद बच्ची की सफलता पूर्वक देखभाल की । ऑपरेशन के उपरांत बच्ची के स्वास्थय में तेज़ी से सुधार आ रहा है और उसकी जल्द ही छुट्टी कर दी जाएगी। ऑपरेशन के बाद बच्ची के पिता ने अस्पताल और डॉक्टरों का बहुत आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभेच्छा दी। डॉ उमेश कुमार गुप्ता ने बताया की ऐसी गांठ का इलाज सही समय पे किया जाये तो परिणाम बहुत सकारात्मक होते हैं। इस सफल ऑपरेशन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह , प्रति कुलपति प्रो .डॉ रमाकांत यादव, चिकित्स अधीक्षक प्रो .डॉ एसपी सिंह संकायाध्यक्ष प्रो .डॉ आदेश कुमार और आदि ने बाल शल्य चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को बधाई दी।

# डीएम, एसएसपी ने रात्रि गश्त कर चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण माहौल मे सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस बल के साथ मैनपुरी अन्तर्राज्यीय बॉर्डर का निरीक्षण कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया।

जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों एवं भारी संख्या मे पुलिस बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण माहौल मे सकुशल संपन्न कराने एवं चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये रोकथाम हेतु मैनपुरी अन्तर्राज्यीय बॉर्डर का निरीक्षण किया गया। थाना सैफई पुलिस व थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों को रोककर चैक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों को रोककर चैक करने व पूछताछ करने इत्यादि के संबंध निर्देश दिये ताकि अपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाया जा सकें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी इटावा श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी सैफई शैलेन्द्र प्रताप गौतम एवं पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वालंटियर्स को दिया प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का शुरुआत से ही लक्ष्य रहा है कि न्याय को आपके दरवाज़े तक बिना रोक-टोक के पहुँचाया जाये**

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण (ओरियंटेशन) जनपद जालौन में संचालित 'लीगल एड क्लीनिक' प्रायोजना के अन्तर्गत विभिन्न तहसील क्षेत्रों में कार्यरत समस्त पीएलवी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज जिला दीवानी न्यायालय सभागार उरई में जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागी पैरालीगल वालंटियर्स को प्रशिक्षक/रिसोर्स-पर्सन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव/अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का शुरुआत से ही लक्ष्य रहा है कि न्याय को आपके दरवाज़े तक बिना रोक-टोक के पहुँचाया जाये। इसी बात को ध्यान में रखते हुये वर्ष 2009 से प्राधिकरण द्वारा पैरा-लीगल वालंटियर नाम की एक स्कीम शुरू की गयी। जिसके अंतर्गत समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों का चयन करके उन्हें न्यायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। पैरा-लीगल वालंटियर का मतलब यह है कि एक ऐसा व्यक्ति जिसे क़ानून का बुनियादी ज्ञान तो है लेकिन वह पूर्ण रूप से वक़ील नहीं है। इनका मुख्य काम समाज और न्याय संस्थाओं के बीच की दूरी को कम करना है तथा समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंच बनाकर उन्हें दैनिक जीवन में आ रही कानूनी परेशानियों को दूर करवाना है।

पैरालीगल वालंटियर द्वारा नागरिकों को विवादो/समस्याओं की प्रकृति के संबंध में जागरूक कर उन्हें विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से अपने प्रकरणों/विवादों को निराकरण हेतु सम्पर्क करने हेतु प्रोत्साहित/जागरूक करना तथा पीएलवी द्वारा गांव-गांव जाकर न्याय के लिए तरस रहे ऐसे हीं लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए उन्हें सही रास्ता बताना है। पैरा लीगल वालंटियर जनता के छोटे-छोटे झगड़ों में मध्यस्थता की भूमिका निभा कर समझौता करवाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसी क्रम में उन्होने ''पराविधिक स्वयंसेवक प्रायोजना'' के अन्तर्गत पीएलवी को क्या करना है और क्या नहीं करना ? के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा भारत के संविधान की उद्देशिका में निहित सिद्धान्तों एवं राज्य कि नीति निर्देशिक तत्वों के बारे में विस्तृत से व्याख्यान दिया गया। हमें जीवन भर अपने मौलिक कर्तव्यों और देश का कानून का पालन करने का प्रण लेना चाहिए। देश का अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने से न सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा बल्कि संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा। संविधान की प्रस्तावना में वर्णित स्वतंत्रता का महत्व समझाते हुये पराधीनता को त्याग राष्ट्रहित में कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

# गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग करा उपज का किया आंकलन

- क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े किए जाते हैं तैयार

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



राजस्व ग्राम पंचायत बोहदपुरा में गेहूं की फसल का क्रॉप कटिंग जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में उपज का आंकलन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा, रजिस्टर आदि भू-अभिलेखों की जांच करते हुए किसानों से बोए गए गेहूँ के बीज के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं, जिससे जनपद में हो रहे गेहूं उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जाती है। अंतिम आंकड़े परीक्षण के उपरांत राज्य स्तर पर कृषि निदेशालय जारी करता है। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति और फसल बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। राजस्व विभाग ने राजस्व ग्राम बोहदपुरा में कृषक संजय दत्त मिश्रा के गेहूं के खेत में 43.3 वर्गमीटर का प्लाट बनाकर क्रॉप कटिंग की गई। जिसमें 21.09 किग्रा गेहू निकला। क्रॉप कटिंग के दौरान उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# हाजीपुर के जंगल में आग लगने से ग्रामीणांचल में हड़कंप

- जंगल में तीन एकड़ रकवा हुआ खाक, फायरबिग्रेड जवानों ने बुझायी आग

**कुठौंद,जालौन। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के ग्राम बिजुआपुर तथा हाजीपुर के बीच में अज्ञात कारणों के चलते जंगल में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आग जंगल में लगी थी। इसलिए कोई नुकसान तो नहीं हुआ वैसे जंगल का एरिया जरूर तीन एकड़ के आसपास आग के चपेट में झुलस गया।

शुक्रवार की दोपहर 11 बजे के आसपास जंगल में आग की लपटे उठने लगी ग्रामीण जन जब तक वह समझ पाते तब तक आग ने अपनी विकरलता धारण कर ली थी। लोगों द्वारा तत्काल थाना पुलिस को सूचना दी गई थाना पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड जालौन को सूचना दी जो तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना पुलिस की कोबरा टीम के हमराही अंशुल व लोकेश ने भी ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए प्रेरित किया जिससे ग्रामीणों ने भी ज्ञान की बाजी लगाकर आग बुझाने में पूरी तत्परता दिखाई वहीं हाजीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक सिंह भी गांव वालों के साथ पूरी मदद के साथ आग बुझाने में डटे रहे।

क्षेत्र वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है की ग्रीष्म ऋतु में ब्लॉक स्तर पर अस्थाई रूप से अग्नि शमन केंद्र की दो गाड़ियां ब्लॉक मुख्यालय पर 24 घंटे उपलब्ध रहें जिससे किसी होने वाली अनहोनी को बचाया जा सके यही क्षेत्रवासियों की मांग है।

# गरीब बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में मिला बड़ा योगदान

- शिक्षा आगे जारी रखने के लिए समाजसेवियों के द्वारा कुमारी निशा जाटव को मिला लैपटॉप

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



जनपद के समाजसेवियों के द्वारा शुक्रवार को कुमारी निशा जाटव को समाजसेवियों में रामराजा निरंजन उद्योगपति, नितिन मित्तल शिक्षाविद, शशिकांत द्विवेदी समाजसेवी, अजय इटोरिया शिक्षाविद, सुनील इलेक्ट्रॉनिका व्यवसायी, रमाकांत प्रबंधक, शैलेंद्र सोनी, अजय पांडे, और महेंद्र भाटिया शिक्षक, समाजसेवियों द्वारा कुमारी निशा जाटव को जालौन में लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। कुमारी निशा जनपद जालौन में 2018 से चलाए गए नवाचार ष्किशोरी शिक्षा समाधान योजना के तहत पढ़कर हाईस्कूल,इंटर के बाद आज दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यनरत है। पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल एवं जनपद के समाजसेवियो के द्वारा जालौन में किए गए लगभग 300 गरीब छात्राओं को हाईस्कूल, इंटर में मदद की गई थी। उसी क्रम में यह कुछ बच्चियों हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनमें से यह एक बच्ची है, जिसको समाजसेवियों ने अपनी उसी परंपरा को आगे बढाते हुए नवचारी सहयोग तथा मदद को जारी रखा है। तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ मन्नान अख्तर साहब तथा तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत प्रसाद पटेल द्वारा समाज सेवियों का आभार व्यक्त करते हुए गरीब छात्राएं जो की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है,को अपने सपने पूरा करने में पूरी मदद का भरोसा दिलाते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुमारी निशा जाटव द्वारा लैपटॉप प्राप्त करने के बाद विचार व्यक्त किए गए, की अब उसकी पढ़ाई में चार चांद लगेंगे और अच्छे मन से लगन के साथ टेक्नोलॉजी का ऑनलाइन सिस्टम का प्रयोग करते हुए हो पढ़ाई जारी रखेगी, और परवाह परिवार के सदस्यों का निशा ने आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं आप लोगों द्वारा जो सहयोग और संबल तथा मार्गदर्शन प्राप्त कराया जा रहा है उससे मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव आया है और मैंने भी एक सपना देखा है कि मैं कुछ बनकर के समाज को जरूर वापस करूंगी। कुमारी निशा जाटव यह वही बच्ची है जिसके माता-पिता नहीं है और चार बहने हैं अत्यधिक गरीब है लेकिन प्रतिभाशाली है और जिसको 2019 में उत्तर प्रदेश सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नारी शक्ति फेज 3 में मेगा इवेंट के दरमियान जनपद का एक दिन का डीएम भी बनाया गया था।

## भीम जयंती पर शोभायात्रा व वैचारिक सभा 14 को

**उरई (जालौन)।** बहुजन नायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति के संयोजक मंडल की बैठक प्रविंद्र पाल सिंह के आवास में हुई संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ आंबेडकर जयंती के अवसर पर समिति की ओर से नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अंबेडकर चौराहा बजरिया घंटाघर होते हुए जीआईसी मैदान में वैचारिक सभा में परिवर्तित हो जाएगी सभा को राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की राष्ट्रीय अध्यक्ष दीदी निर्देश सिंह, स्वतंत्र मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री महेश चंद्रा एवं हाई कोर्ट दिल्ली के वरिष्ठ एडवोकेट रविंद्र कुमार संबोधित करेंगे। मिशन गायिका बबली बौद्ध भिंड और कंपनी की एवं बच्चों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

# खबरें एक नजर में

## डीएम ने सशस्त्र बलों के प्रवास हेतु आदेश किया जारी

**बलरामपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जनपद में आने वाले सशस्त्र बलों के प्रवास हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 की धारा 160 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदर्श धर्मशाला भगवतीगंज, शक्ति स्मारक महाविद्यालय दुल्हनपुर, स्टार वर्ड इंटर कॉलेज तुलसीपुर, एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला जनपद बलरामपुर के परिसर एवं उनके समस्त कमरों को अधिग्रहित आदेश जारी कर दिया गया हैं।

## उतरौला विधानसभा में 231 बूथों पर रहेगी कड़ी नजर

**उतरौला,बलरामपुर।** तहसील क्षेत्र के 231 बूथों की बेब कास्टिंग मतदान के दौरान होगी। इस मतदान केन्द्रों के गतिविधियों को सीधे चुनाव आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने कम्प्यूटर पर सीधे देख सकेंगे। इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी उतरौला/ सहायक निर्वाचन अधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उतरौला तहसील क्षेत्र में विधानसभा उतरौला व विधानसभा बलरामपुर आशिक में 436 बूथ है। इसमें निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रशासन ने सभी उपाय किए हैं। बूथों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए 231 मतदान केन्द्रों की बेब कास्टिंग कराई जाएगी।

## शांतिभंग में तीन आरोपी गिरफ्तार



**उतरौला,बलरामपुर।** बीते शुक्रवार को थाना रेहराबाजार बलरामपुर द्वारा शांति भंग के मामले में 03 व्यक्तियों अनिल वर्मा पुत्र झीनकन निवासी महतिनिया रेहरा थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर उम्र 26 वर्ष, रंजीत वर्मा पुत्र राम उजागर निवासी अचलपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर उम्र 40 वर्ष व सतीश उर्फ गोली पुत्र राम उजागर निवासी अचलपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर न्यायालय उतरौला रवाना किया गया।

## बुजुर्ग के साथ मारपीट करने पर दो खिलाफ मुकदमा

**कालपी (जालौन)।** बहन के साथ गाली गलौज करने से रोकने पर बाबा को तीन लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के द्वारा आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर निवासी मुलायम पुत्र करन सिंह ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि आरोपियों सरनाम पुत्र कृपा यादव तथा कृपा यादव पुत्र गयाप्रसाद निवासीगण जयरामपुर बहन के साथ गाली गलौज कर रहे थे। खबर पाकर वादी तथा वादी के दादा सुधर सिंह मौके पर पहुँचे तो आरोपियों ने मेरे दादा को लाठी डंडों से हमला करके सर में चोट पहुचाई है तथा आरोपी गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## तमंचा व कारतूस संग पकड़ा गया आरोपी

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली के सुरही चौकी प्रभारी संदीप कुमार अपने हमराही कांस्टेविल के साथ शांति व्यबस्था जुर्म जरायम रोको अभियान के तहत गस्त पर मामूर थे और ग्राम परेछा नहर पुलिया से गुजर रहे थे तभी रास्ते पर एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर तेज तेज कदमों से भागने लगा पुलिस को शक होने पर उसे दौड़कर पकड़ लिया और जामा तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 वॉर व एक जिंदा कारतूस 315 वॉर बरामद हुआ पुलिस द्वारा उसका नाम पूंछे जाने पर उसने अपना नाम अमित कुमार पुत्र कल्लू बरार निवासी ग्राम चांदनी बताया जिसे पुलिस पकड़ कोतवाली ले आयी जहां पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ मुकद्दमा संख्या 77/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम 20 हजार ठगे

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर छह माह पूर्व युवक ने 20 हजार रुपये ले लिए। अब तक न तो योजना का लाभ मिला है और न ही युवक रुपये वापस कर रहा है। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर उसके रुपये दिलाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी मीना देवी ने पुलिस को बताया कि उसका आवास कच्चा था। उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए अवास बनवाने के लिए फार्म भरा था। इसी दौरान करीब छह माह पूर्व उसके पास शिवम नाम का युवक आया और उसने बताया कि वह उसका आवास स्वीकृत करा देगा। वह अपने सभी फार्म और आधार कार्ड आदि उसे दे दे। साथ ही आवास स्वीकृत होने के लिए 20 हजार रुपये भी लगेंगे। विश्वास में आकर उसने सभी जरूरी कागजात और 20 हजार रुपये शिवम को दे दिए। करीब एक माह बाद जब उन्होंने आवास के बारे में जानकारी की तो पहले वह कुछ दिनों में पहली किश्त आने का भरोसा देता रहा। लेकिन अब तक उसका आवास स्वीकृत न होने पर जब उसने युवक से उसके रुपये वापस मांगे तो वह रुपये भी वापस नहीं कर रहा है। उल्टा उसे धमका रहा है। पीड़िता ने युवक से उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व सैनिकों के आश्रित नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठायें

**उरई (जालौन)।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल सुधीर सिंह राठौर ने बताया कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों, बलिद्गनी व वीर नारियों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों व उनके आश्रितों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी प्रशिक्षण (ओ लेवल स्तर का), एसएसबी कोचिंग, कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स तथा कम्प्यूटर टैली नि:शुल्क प्रशिक्षण कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न कोर्स के प्रशिक्षण का विवरण निम्नवत है जिसमे 480 घंटे का इन्फारमेशन टेक्नालाजी प्रशिक्षण (ओ लेवल स्तर), 30 दिन का एसएसबी कोचिंग, 300 घंटे कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स, 180 घंटे कम्प्यूटर टैली कोर्स है। आपसे अनुरोध है कि प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु हेतु शीघ्र से शीघ्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय जालौन स्थान उरई में अपने अपने नाम जल्द भिजवायें।



## अमन चैन की दुआ के साथ ईद-उल-फितर सम्पन्न

**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय नगर के गौरव नगर स्थित ईदगाह पर बृहस्पतिवार को ईद उल फितर की नमाज पढ़ने के लिए सैकड़ों की संख्या में नमाजियों से ईदगाह खचाखच भरी रहीं। रमजानुल मुबारक मौके के बाद ईद उल फितर की अपना अलग महत्व देखते हुये सुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ईद की नमाज पढ़ने की तैयारियों में जुट गये वहीं सुबह 8 :30 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने ईदगाह पर तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई गई। वहीं चेयरमैन उस्मान अली ने सभी लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमारे मुल्क की संस्कृति गंगा जमुनी है यहां हमेशा मुहब्बत का राज रहा है और हमेशा रहेगा। बाद नमाजे ईद लोगों ने अपने खुदा की बंदकरीम से गुनाहों की तौबा करने के साथ अल्लाह के रास्ते पर चलने की ताकत देने की और मुल्क की सलामती के लिये अमन-चैन की दुआ मांगी गई।

# बॉर्डर पर एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई सकुशल संपन्न



**कोन,सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को वीजेड चुनाव सेल लोक सहायक निर्वाचन के निर्देशन के क्रम में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत मय हमराह वरिष्ठ उप निरीक्षक चौकी प्रभारी चाचीकला व स्थानीय थाना के पर्याप्त पुलिस बल फोर्स 66 वीं बटालियन कैंपियरगंज 732 कंपनी के नेतृत्व में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही रामगढ़ बैंक से प्रारंभ कर खेमपुर कचनरवा पीपर खाड़ केवाल नकतवार हर्रा देवाटन बरवाखाड़ पड़रछ कुढ़वा चाचींकला नरहट्टी मझिगाँव रानीडीह बागेसोती सलैयाडीह बाजार रामगढ़ बाजार कचनारवा बाजार कस्बा कोन तथा कचनरवा अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर एरिया डोमिनेशन की कार्यवाई करते हुए कुशलता पूर्वक संपन्न हुई।

# शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

- फ्लैग मार्च से लोगों को सुरक्षा का कराया एहसास व भयमुक्त होकर मतदान की की गई अपील

**उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत थाना रेहरा बाजार, थाना सादुल्लानगर पुलिस व पीएसी बल की संयुक्त टीम के द्वारा एरिया डोमिनेशन / फ्लैग मार्च किया गया। बताते चले कि बीते शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद में भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना रेहरा बाजार, थाना सादुल्लानगर पुलिस व पीएसी की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत समस्त संवेदनशील पोलिंग बूथ, चौराहों आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च/ एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया व लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी।

## गेहूं खरीद केंद्रों पर लोडिंग ठेकेदार की लापरवाही आयी सामने

**जालौन (उरई)।** पीसीएफ के सरकारी गेंहू खरीद केंद्रों पर लोडिंग ठेकेदार द्वारा माल की उठान न किए जाने से गेंहू खुले में पड़ा हुआ है। जिससे केंद्र पर फसल बेंचने के लिए आने वाले किसानों को भी परेशानी हो रही है। इस समय नवीन गल्ला मंडी में खुले सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों पर गेंहू की खरीद चल रही है। केंद्रों पर किसान काफी तादाद में अपनी फसल बेचने के लिए आ रहे हैं। अब तक लगभग 12 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। नीलामी चबूतरे पर खुले क्रय केंद्रों पर नौ केंद्र पीसीएफ के संचलित हो रहे हैं। गेंहू की आवक होने से नीलामी चबूतरे पर गेंहू की बोरी रखने के लिए जगह नहीं बची है। ऐसे में गेंहू नीलामी चबूतरे के नीचे खुले में रखा जा रहा है। केंद्र के बाहर खुले में रखे गेंहू रखे होने से अधिक जगह नहीं बची है। ऐसे में केंद्र पर अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। पीसीएफके केंद्र प्रभारी योगेंद्र सिंह, नरेश तिवारी, अरविंद कुमार, लाखन सिंह, रविंद कुमार, श्याम बिहारी तिवारी, बलराम पाल आदि ने बताया कि पूर्व में गेंहू की खरीद होने के साथ ही उनकी ठेकेदार द्वारा उसकी उठान करा ली जाती थी।

## नगर आयुक्त ने ड्रोन से ली सफाई व्यवस्था की जानकारी

**अयोध्या।** शुक्रवार को नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र में निगम द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया।मेला क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से पायी गयी समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिये गये तथा सम्बन्धित अधिकारियों को सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सतत पर्यवेक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरान्त प्रथम चैत्र रामनवमी मेला का आयोजन अयोध्या में हो रहा है, जिसमे भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है,जिसमें जन सुविधार्थ कार्यवाही निगम द्वारा निरन्तर की जा रही है।नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम अयोध्या श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

# लोकसभा निर्वाचन पर सुचारू परिवहन व्यवस्था को लेकर आरटीओ सख्त

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यालय व मंडलायुक्त द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन तथा रामनवमी व अन्य पर्वों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के दृष्टिगत निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन को लेकर आरटीओ सुश्री ऋतु सिंह ने मातहत अधिकारियों को न केवल पत्र जारी किया है बल्कि स्वयं भी अपील की है। इन निर्देशों के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा श्रद्धालुओं व पर्यटकों हेतु सुचारु परिवहन व्यवस्था देने के लिए ट्रांसपोर्टर,बस ऑपरेटर वाहन स्वामी व चालकों को तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं कि सभी वाहन स्वामी वाहनों में सभी प्रपत्र अद्यतन वैद्य करा ले जो मानक के अनुसार लगे हो? सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों/ यात्री कर अधिकारी व संभागीय निरीक्षक(प्राविधिक)यह सुनिश्चित करें कि चुनाव ड्यूटी हेतु वाहनों के प्रपत्र वैद्य हैं व अनफिट वाहनों का संचालन किसी भी दशा में न किया जाए।

इस संबंध में दूरभाष तथा व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाकर फिटनेस व बकाया टैक्स अद्यतन जमा कराया जाए।सभी वाहनों के मोबाइल नंबर व पते अभिलेखों में अद्यतन अपडेट करा दिया जाए।

## मृतक महिला का कराया गया पोस्टमार्टम

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसर गांव में 55 वर्षीया महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले को लेकर इलाकाई पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। विदित हो कि उसरगांव निवासिनी साधना पत्नी रमाकांत शुक्ला की 11 अप्रैल को मृत्यु हो गई।इस मामले की खबर मायके वालों को हुई तो मायके पक्ष के लोग उसरगांव पहुंच गए। मायके पक्ष के लोगों ने साधना की मृत्यु को संदिग्ध माना। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक महिला के कोई बच्चे नहीं थे।

# गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण में बलरामपुर रहा अव्वल

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

कोविड की तर्ज पर टीकाकरण की निगरानी शुरू की गई है। 13 मार्च से अब तक हुए आठ सत्र दिवस यू विन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण की निगरानी कराई गई। जारी की गई सूची में बलरामपुर को प्रदेश में पहला, अलीगढ़ को दूसरा व बरेली को तीसरा गाजियाबाद को चौथा स्थान मिला है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के नेतृत्व में टीकाकरण के लिए जिले में विशेष निगरानी के लिए टीम लगाई गई हैं। टीकाकरण पर सरकार का सबसे अधिक जोर है। ऐसे में कोविड के समय जिस तरह कोविन एप चलाया गया था, उसी तरह से यू विन पोर्टल शुरू किया गया है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 13 मार्च से अब तक जिले में 5828गर्भवती को टिटनेस का टीका लगाया गया है जबकि शून्य से एक साल की अवधि के भीतर 19122 बच्चों व एक साल से पांच साल की अवधि के 3237 बच्चों को बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइटिस सहित अन्य बीमारियों का टीका लगाया गया है। जिले में 22950 लोगों का टीकाकरण हुआ।

## जानलेवा हमला करने पर चार पर मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमना गांव में घर के बाहर खड़े किसान के ऊपर प्राणघातक हमला करने की घटना के मामले में पीड़ित के द्वारा एक महिला सहित 3 लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमना निवासी अखिलेश कुमार पुत्र वंशगोपाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि वादी अपने घर के बाहर खड़ा होकर बातचीत कर रहा था गांव के ही रहने वाले आरोपी संतोष पुत्र रामबाबू तथा संतोष की पत्नी तथा एक अन्य व्यक्ति आ गए व गाली गलौज करते हुए कहने लगे बहुत राजनीत करते हो और हमारा विरोध करते हो तथा तीनों लोगों ने लाठी डंडे व सरिया से हमला करके गम्भीर चोटें पहुंचाई है।

**INFORMATION**
I, Ishri Devi W/o Jeeva Ram Vill- Langhu PO- Gadiara. Distt- kangra (H.P) has declared that my name Ishwari Devi &DOB 15/01/1952 is wrongly written in my son NK-3004572F Daljeet 's 31Rajput service records. My correct name is Ishri DEVI &DOB is 20/10/1955

# अराजकतत्वों ने आम्बेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

- तिर्वा क्षेत्र के पाला गांव में गुरूवार की मध्य रात्रि को हुई घटना
- एएसपी कन्नौज ने घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों को समझाया

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



क्षतिग्रस्त पड़ी डॉ आंबेडकर की प्रतिमा



ग्रामीणों को समझाते अपर पुलिस अधीक्षक — समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** क्षेत्र के पाला गांव में लगी डॉ आंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अराजतकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मूर्ति को क्षतिग्रस्त देख ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटकर अपराधियों को पकड़ने की मांग रखी। मौके पर पहुंचे अफसरों ने ग्रामीणों को समझाकर मामले को शांत कराया।

कोतवाली क्षेत्र के पाला गांव निवासी मुनेश दोहरे पुत्र रामसनेही के खेत में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित थी। 14 अप्रैल आंबेडकर जयन्ती को लेकर वहां पर ग्रामीणों ने प्रतिमा के आसपास फर्श आदि को बनवाने का कार्य करा रहे थे। बीती रात कुछ अराजकतत्वों ने प्रतिमा का हाथ तोड़ दिया व सिर पर प्रहार कर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाते ही सैकड़ो ग्रामीण व महिलाएं घटनास्थल पर एकत्रित हो गए एवं नारेबाजी कर अपराधियों को पकड़ने की मांग करने लगे। उधर सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह, उपजिलाधिकारी अशोक कुमार, कोतवाल जयन्ती प्रसाद अपने भारी पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को जल्द अपराधियों को पकड़कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जल्द ही नई मूर्ति को स्थापित करने की बात कही। घटनास्थल के पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फूटेज को पुलिस प्रशासन द्वारा चेक किया एवं अपराधियों को पकड़ने में जुट गई है।

### चार घंटे में लग गई प्रतिमा

डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया। आनन फानन में इटावा से दूसरी नई प्रतिमा को लाया गया एवं क्षतिग्रस्त प्रतिमा को हटाकर उसके स्थान पर नई प्रतिमा को स्थापित किया गया। कोतवाल जयन्ती प्रसाद ने बताया कि अपराधी को जल्द ही पकड़कर कर जेल भेजा जाएगा। उन्होने बताया कि प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर ही क्षतिग्रस्त प्रतिमा को हटाकर नई प्रतिमा को स्थापित करा दिया गया है।

# नागरिकों की समस्याओं को समय से करें निस्तारित: अनिल पंडित

- अधिशासी अधिकारी ने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



पालिका में कर्मियों को निर्देशित करते ईओ अनिल पंडित

**पालिका** कर्मी राजस्व वसूली में तेजी लाएं। जनहित की समस्याओं को समय रहते निस्तारित करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कर्मी प्रतिदिन टाइम टेबल के अनुसार कार्य करें और अपनी रिपोर्ट को उनकी टेबल पर पहुंचाएं। पालिका स्तर से किये जा रहे सभी कार्यों की वह स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे।

यह निर्देश शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने अधीनस्थ कर्मियों की बैठक लेने के उपरांत दिए। कहा कि पालिका कर्मी वार्ड के नालों एवं नालियों सहित जल भराव बाले स्थानों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव करें। साथ ही नागरिकों को उनके आसपास जल भराव न होने देने के लिए जागरूक करें। जिस समय रहते संचारी रोगों की रोकथाम की जा सके। इस दौरान उनके साथ प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पालिका ने प्रमुख मार्गों सहित वार्डों में कराई फॉगिंग




**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शासनादेश के अनुपालन में स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख मार्गों पर फागिंग कराई गई। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि स्थानीय नगर पालिका परिषद पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के निर्देशन में संचारी रोगों की रोकथाम के लिये पालिका कर्मियों द्वारा जहां एकओर नगर के वार्डों में रूट बार माइक्रो प्लान के तहत स्वच्छता अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा है। तो वही दूसरी ओर पालिका कर्मियों द्वारा फागिंग मशीनों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो सहित वार्डो की संकरी गलियों में फॉगिंग कराई जा रही है। उधर पालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन पालिका की दो गाड़ियों द्वारा नगर में फॉगिंग कराई जा रही है। इस दौरान उनके साथ प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को वितरित की पुस्तकें



**छिबरामऊ कन्नौज।** नवीन सत्र की पुस्तकों का वितरण आज खंड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय डाइट छिबरामऊ से शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री रमेश चंद चौधरी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को शीघ्र पुतकों का वितरण कर प्रेरणा पोर्टल पर भी समय से अपडेट किया जाए। सभी विद्यालयों में नवीन नामांकन पर जोर दिया जाए। बच्चों को शिक्षण कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य कराया जाए । जिन विद्यालयों में सामान्य लोकसभा निर्वाचन बूथ बने हैं वह सभी विद्यालय कमियों को समय से पुरा कर लें। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा,ऋक्क कुलदीप यादव,संजीव सिंह,राहुल पाठक निर्मोध कुमार ,प्रधानाध्यापक अरुणा यादव,आरती गुप्ता,विनीता यादव, विजय कुमार,राजन बती, आदि उपस्थित रहे।

## युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी इकबाल पुत्र हमीद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 अप्रैल की शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही मुन्ना, सलमान, खुर्शीद, बिलाल ने रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की त्रैमासिक बैठकों एवं योजनाओं की कियान्वयन हेतु 15 अप्रैल को आयोजित होगी बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रभारी जनपद न्यायाधीश /जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की त्रैमासिक की प्रथम बैठक दिनांक 15 अप्रैल को आयोजित होगी।अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला कारगार कन्नौज में विचाराधीन बंदियों में से पात्र बंदियों की रिहायी हेतु महाअभियान संचालित किया गया है, जिसके अर्न्तगत अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यगण से विचार विमर्श तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को पात्रता के आधार पर बंदियों के जमानत प्रार्थना पत्र, निजी बंध पत्र, 436ए सीआरपीसी के अंतर्गत पात्र बंदियों की रिहायी हेतु समिति द्वारा विचार विमर्श किया जाएगा तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संबंधित न्यायालयों में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाएंगे।

# किसानों को सिंचाई के लिए दिन में मिलेगी सिर्फ आठ घंटे बिजली: अधिशाषी अभियंता

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय किसान** यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के द्वारा विद्युत वितरण उपकेंद्र छिबरामऊ में बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियंता को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसका मुख्य मुद्दा सिंचाई के लिए सुचारू विद्युत आपूर्ति न किया जाना था जिसके जवाब में अभियंता महोदय ने जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला को बताया की शासन द्वारा निर्देश है की सिंचाई के लिए 8घंटे की विद्युत आपूर्ति की जाएगी और वह भी केवल दिन के समय में इससे अधिक सिंचाई के लिए बिजली मिलना संभव नहीं है इस मुद्दे पर जिलाध्यक्ष ने मीडिया को बताया की सरकार किसानों के हितों को लेकर ढोंग कर रही है चुनाव के समय बहुत बड़े बड़े वादे किसानों के वोट पाने के लिए किए जाते है लेकिन सरकार अब वादा खिलाफी कर रही है जब आप सिंचाई के लिए किसान को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं दे सकते तो किसान खेत में पैदा क्या करेगा और पैदा नहीं करेगा तो खायेगा क्या और देश को खिलाएगा क्या और सरकार उद्योगपतियों का तो हजारों करोड़ों का कर्ज माफ कर सकती है लेकिन किसानों का नही किसान सिर्फ वोट देकर आपकी सरकार बनवाने के लिए बने है जब बिजली नहीं मिलेगी तो मुफ्त बिजली का लॉलीपॉप सरकार किसानों को क्यों दे रही है ये सरकार किसान विरोधी है आने वाले समय में किसान ईट का जवाब पत्थर से देगा।

इसके साथ ही अघोषित बिजली कटौती, बिजली चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली और बिजली विभाग में तैनात सभी तरह से कर्मचारियों का ब्योरा भी ज्ञापन के माध्यम से मांगा गया जिससे की विभाग के नाम पर दलाली करने वालो का पर्दाफाश किया जा सके , ग्राम महमूदपुर जागीर में बीच सड़क पर खड़े बिजली के खंबे को हटवाने को लेकर कहा इसके साथ ही अगर उपरोक्त समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में न हुआ तो भाकियू किसान बिजली घर का घेराव वा धरना प्रदर्शन करेगा । इस मौके पर पुनीत दुबे , अभिषेक पाठक , सनी शाक्य , शांतनु यादव, कल्पेंद्र शाक्य , भूपेंद्र कुमार , अरुण सैनी, त्रिलोकी आदि भारी संख्या में किसान भाई और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्षय रोग अब असाध्य नहीं: प्राचार्य

- मेडिकल कॉलेज के एलटी-3 सभागार में क्षय रोग पर हुई गोष्ठी
- मेडिकल कॉलेज सहित सभी सरकारी अस्पतालों में जांच व दवाईयां मुफ्त

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन सभागार में क्षय रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एमबीबीएस स्टूडेंट्स, स्टॉफ नर्स व पैरामेडिकल स्टूडेंट्स को क्षय रोग से संबन्धित जानकारियां दी। उन्हें रोग के लक्षण व उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरूआत मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सीपी पाल , सीएमएस डॉ दिलीप सिंह व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस मौके पर प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करने हुए कहा कि क्षय रोग अब असाध्य नही रह गया है। शुरूआती लक्षण दिखते ही परीक्षण कराएं। जिला चिकित्सालय, नजदीकी सीएचसी, मेडिकल कॉलेज में आकर चिकित्सकों का परामर्श लेकर उपचार शुरू करें। बीमारी जड़ से खत्म हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ दिलीप सिंह ने कहा कि हर छात्र को टीबी जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी होना आवश्यक है। जिससे क्षय रोग पर रोकथाम लगाई जा सके। उन्होने बताया कि भारत सरकार व प्रदेश की सरकार क्षय रोग उन्मूलन के लिए निरंतर कार्यक्रम चला रही है। क्षय रोग से प्रभावित व्यक्ति को संतुलित आहार के लिए भी एक निश्चित धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है। क्षय रोगी का उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में मुफत होता है। नोडल अधिकारी डॉ विवेक द्विवेदी सहित कई डॉक्टर व छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# ईदगाह में शांतिपूर्ण ढंग से अदा की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**हर्षोल्लास** से ईद का फॉर्म बनाया गया है गुरुवार की सुबह ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नवाज अदा कर अमन जैन और सुख समृद्धि की दुआ मांगी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जनप्रतिनिधियों ने समाज से भी सहमित हिंदू समाज के लोगों ने गंगा जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ईद के त्यौहार को लेकर कस्बे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए वहीं पुलिस क्षेत्राधिकार ओंकारनाथ शर्मा उप जिलाधिकारी प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रसाद सिंह भारी पुलिस बल के साथ ईदगाह पर मौजूद रहे।

समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंडाल लगाकर सरवत पानी की बोतल हाथ वितरित की और मुस्लिम समाज के लोगों के बधाई देने के लिए पहुंचे समाज सेंवी भी उमर फारूक उर्फ बंटी अपने पंडाल लगाकर लोगों को पानी वितरित कर किया ईदगाह पर ईद उल फितर के अवसर पर पहुंचे तमाम जनप्रतिनिधि और मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह भाईचारा बना रहे हम सब मिलकर एक दूसरे को बधाई देते रहें नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अधिकारी व्यवस्था में लग रहे पुलिस प्रशासन ने हर तरह से नमाजियों को अशुद्धि नहीं होने दी तिवारी निरीक्षक जितेंद्र प्रसाद सिंह ने पूरे दिन भारी पुलिस बल के साथ ईदगाह के चारों तरफ व्यस्त करते रहे और चौराहा पर पुलिस बल लगाकर गाड़ियों का डिवाइड करते रहे ईदगाह पर जामा मस्जिद के पेश इमाम सैयद फुरकान अहमद ने ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज अदाकारा आई और देश के लिए अमन चैन की दुआ मांग।

# जिस ग्राम के अभिलेख तैयार करने में जो कार्य शेष बचा है उसे शीघ्र पूर्ण किया जाए: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने एवं गेहूं खरीद और दर्पण पोर्टल के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 35 जले हुए ग्रामों में से जिन ग्रामों के अभिलेख बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। फील्ड में जाकर कार्य करें और चको का मौके के अनुसार भू चित्र पर चक निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ करे। कहा कि ग्राम उस्मानपुर के बाद सरदामई और अकबरपुर ग्राम में अभिलेख बनाए जाने का कार्य शुरू किया जाए। खातों की खतौनी तस्दीक के कार्य को समय से पूर्ण किया जाएं। जिस ग्राम के अभिलेख तैयार करने में जो कार्य शेष बचा है उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होने कहा कि मौके पर जाकर सेक्टर और चकरोड कहां है, उसकी पुष्टि करें और समय से चकरोड बनाए जाएं। रिकॉर्ड बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। टीम बनाकर पूरी लगन के साथ कार्य करें, छोटा-बड़ा कार्य कैसा भी हो यदि मन लगाकर किया जाएगा तो सफलता जरुर मिलेगी।उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जाकर गेहूं खरीद के विषय में बताएं और किसानों से अधिक से अधिक गेहूं क्रय करें। लक्ष्य के सापेक्ष गेंहू की खरीद पूर्ण की जाए। डीएम ने दर्पण पोर्टल की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि विद्युत बिल संशोधन हेतु जो आवेदन आए हैं उन्हें समय सीमा के अंदर निस्तारण किया जाए। डीएम ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल बदला जाए। विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि पर ड्रॉप मोर क्रॉप की काफी डिमांड है लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए और एकीकृत बागवानी पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि जो भवन निर्माण के कार्य अवशेष हैं उन्हें समय से पूरा किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांग पेंशन योजना से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित नहीं रहना चहिए। प्रत्येक पात्र को लाभ दिया जाए। वार्षिक पेंशन सत्यापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। बिना क्रॉस चेकिंग के पेंशनर्स का नाम नहीं कटना चाहिए। मृतक पेंशनरों का ही नाम सूची से हटाया जाये। श्री शुक्ल ने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी, जिनको विद्यालय विद्यालय निरीक्षक का लक्ष्य दिया गया है, वह विद्यालय निरीक्षक के लक्ष्य को पूर्ण करें और जिन मतदान केंद्रों पर कुछ कमियाँ दिखाई दें उसे भी पूर्ण कराएं।

## आदिशक्ति मां कूष्माण्डा की पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे भक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**चैत्र नवदुर्गा** के चौथे दिवस नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के चतुर्थ स्वरुप कूष्मांडा का पूजन किया। घरों में लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कूष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हँसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इनकी उपासना से सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

# नमाज के बाद दो पक्षों में संघर्ष, युवक की मौत

- पुरानी रंजिश में संघर्ष ,क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी फोर्स तैनात इलाके में गस्त

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**ईद की** नमाज के बाद पुरानी रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों के बीच एट पत्थर चलने से मोहल्ला चौधरी आयन में बागड़ा मच गई इसमें एक युवक की मौत हो गई तनाव देखकर इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ने के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों से गाली गलौज के साथ हत्या पाई शुरू हो गई मौजूद लोगों ने किसी तरह समझो जाकर उनको शांत कर दिया लेकिन घर पहुंचने पर दोनों पक्ष फिर मिल गए मारपीट के साथ दोनों तरफ से पत्र शुरू हो गया त्यौहार के मौके पर पत्थर से भगदड़ और अफरा तफरी का माहौल बन गया खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल फोर्स मौके पर पहुंच गया जिसके बाद दोनों पक्ष इधर-उधर भाग गए इस संघर्ष में एक पक्ष में युवक सहवाग की फर्रुखाबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई मौत की खबर आते ही एक बार फिर से तनाव बढ़ गया आज अहमद उसके भाई फैयाज अहमद ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी तनाव देखकर को ओंकारनाथ शर्मा भी मौके पर पहुंच गए कोटवाल जीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनको मारपीट और पथराव की सूचना मिली थी लेकिन मौके पर ही पहुंचने पर ऐसा कुछ नहीं मिला पुलिस ने सब को कब्जे में में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था इसके बाद देर दोपहर सब घर पर आया और अंतिम संस्कार किया गया जहां पर पुलिस प्रशासन काफी से लग रहा वही प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ अंतिम संस्कार तक डटे रहे।

### सीसीटीवी फुटेज लगाने में लगी पुलिस

छिबरामऊ कन्नौज वाद विवाद और पथराव की वारदात के बाद एक विभाग की मौत के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई ऐसे में कोतवाली पुलिस ने अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज लगाने शुरू कर दी थी पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सभी सीसीटीवी को चेक किया जिस मामले से संबंधित कोई सुराग मिल सके

### मोहल्ला चौधरीयान बना छावनी

ईद के त्योहार पर मोहल्ला चौधरियन में दो बच्चों के बीच विवाद बाद स्थिति को तनावपुर देखते हुए पूरे मामले में छावनी में बदल दिया गया मोहल्ला सैयद वाढा चौधरीयान आदि में छिबरामऊ कोतवाली के अलावा गुरसहायगंज सॉरी सकरावा बिशनपुर थाने के फोर्स को तैनात कर दिया गया इसके अलावा पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर बैठे हुए हैं घटना के बाद कस्बा इंचार्ज अभिनेश चौधरी मैं पुलिस बल के साथ देर रात तक घटना स्तर पर डटे रहे और अपनी पहली नजरों से घटना को के बारे में आदर जानकारी लेते रहे

### 4 साल से चल रही खूनी रंजिश

मोहल्ला चौधरीयान अयाज अहमद और जुल्फिकार बादशाह के परिवारों के बीच पिछले करीब 4 साल से खूनी रंजीत चल रही है आज के भाई फैयाज अहमद ने बताया कि 4 साल पहले 27 अप्रैल 2021 को जुल्फिकार हुआ उसके अन्य परिजनों ने हैं लाठी डंडों से पीट-पीट कर उसके भांजे की हत्या कर दी थी यह मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है और ट्रायल पर चल रहा है 18 अप्रैल को इसमें अंतिम बाइस होनी है आरोपी पक्ष सुला समझौता करने के दबाव बना रहे हैं उसी को लेकर ईद के दिन आरोपियों ने एक बार फिर से उन लोगों पर जानलेवा हमला बोल दिया जिससे कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए

### जुल्फिकार का आरोप शहजाद ने साथियों के साथ मिलकर भाई को कब्रिस्तान में पीटा

दूसरे पक्ष के जुल्फिकार का कहना है कि ईद की नमाज के बाद भाई पिता की कब्र पर पता पढ़ने गया था वहां पर शहजाद ने भाई को घेर कर पीटा इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से ईद पत्थर चले जबकि सहवाग और सबवे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे उनकी मौत से स्वाभाविक भैया मारपीट से मौत के आरोप बे बुनियाद है पोस्टमैन रिपोर्ट में सब सामने आ जाएगा।

# पुत्री के लिए वर देखने जा रहे बाइक सवार पिता सहित दो लोगों की मौत, एक घायल

**संकिसा/नवाबगंज। समृद्धि न्यूज**

**दो बाइकों** की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया और उसका साथी मौके से भाग गया। घटना की सूचना पर दोनों मृतकों व घायल युवक के परिजन अस्पताल पंहुच गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रामप्रसाद राजपूत निवासी ग्राम भूलनपुर थाना कमालगंज अपनी पुत्री रेशम के लिए लड़का देखने अपने रिश्तेदार देवकीनंदन निवासी ग्राम रसीदपुर तराई थाना शमशाबाद के साथ बाइक पर सवार होकर अचरा होते हुए थाना मेरापुर के गांव मुरलीधर बेहटा निवासी उनकी बहन बबली पत्नी देवानन्द के घर जा रहे थे। जब वह अचरा-अलीगंज मार्ग मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव धुवईया नगला चौराहे से मुरलीधर बेहटा के लिए मुड़ रहे थे कि



मृतक का फाइल फोटो

तभी इनकी बाइक में पीछे से आ रहे बाइक सवार विक्रम सिंह पुत्र पाती राम निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना मेरापुर ने टक्कर मार दी। जिससे एक बाइक पर सवार देवकीनंदन राजपूत व रामप्रसाद राजपूत तथा दूसरी बाइक पर सवार विक्रम सिंह गम्भीर रुप से घायल हो गए और विक्रम के गांव का ही रहने वाला साथी धनपाल पुत्र



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

हर नाथ मौके से भाग गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। अचरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी नवाबगंज भेज दिया। जहां चिकित्सक ने देवकीनंदन को मृत घोषित कर दिया और गम्भीर रुप से घायल रामप्रसाद व विक्रम सिंह को प्राथमिकता उपचार के बाद लोहिया के रेफर कर दिया। लोहिया में रामप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। घायल विक्रम का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पर दोनों मृतकों व घायल विक्रम के परिजन अस्पताल पंहुच गए। घटना के बाद से मृतक देवकीनंदन की पुत्री अल्का आदि परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल हो गया। अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने अस्पताल पंहुचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही की।

# संदिग्ध अवस्था में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध अवस्था** में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रजीपुर के पास बुलबुल कोल्ड के सामने एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने रेलवे गेटमैन को सूचना दी। इसके बाद रेलवे गेटमैन मिथिलेश कुमार ने बताया कि सुबह 7:40 से पहले यह किसी ट्रेन से कटा है। इसके बाद गेटमैन मिथिलेश ने अधिकारियों तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी



जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

खुदागंज इंचार्ज दीपक कुमार भाटी ने ट्रेन से कटे हुए व्यक्ति की शिनाख्त करवाने के लिए लोगों से पूछताछ शुरू की, लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चल सका। फिर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर फॉरेंसिक टीम को बुलवाया गया। इसके बाद ट्रेन से कटे हुए अज्ञात व्यक्ति का शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, तो वहीं अन्य लोगों तथा पुलिस का मानना है यह भी हो सकता है कि यह व्यक्ति ट्रेन के गेट के किनारे खड़ा हो शायद गिर गया हो। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

- पैर में गोली मारकर फर्जी घटना बनायी थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपराध एंव** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11 अप्रैल को थाना कादरीगेट पर मु0अ0सं0. 101/24 धारा-307, 323, 504, 506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वादी मुकदमा आकाश कटियार द्वारा 03 अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। तमामी विवेचना से यह तथ्य सामने आया कि वादी ने अपने भाई मोनू उर्फ अमन कटियार व साथी अमर जाटव के साथ मिलकर अपने पैर में षडयंत्र के तहत गोली अमर जाटव से चलवाकर झूठी घटना बनाकर अभियोग पंजीकृत कराया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित फर्जी साक्ष्य गढ़ने वाले 02 नफर अभियुक्तगण 1. आकाश कटियार पुत्र कप्तान सिंह, 2. मोनू कटियार पुत्र



पुलिस हिरासत में आरोपीगण — समृद्धि न्यूज

कप्तान सिंह निवासीगण निनौआ कोतवाली फतेहगढ जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वादी आकाश कटियार उपरोक्त का विपक्षी वैभव कटियार आदि से मुकदमेबाजी को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। मुकदमों में राजीनामा के लिये दवाब बनाने हेतु वादी आकाश कटियार ने अपने भाई मोनू उर्फ अमन कटियार व साथी अमर जाटव के साथ मिलकर अपने पैर में षडयंत्र के तहत अमर जाटव से गोली चलवाकर झूठी घटना बनाकर पंजीकृत करा देना पाया गया। जिससे मु0अ0सं0 101/24 धारा 195, 201, 211, 120बी भादवि में प्रकाश में आये 1. आकाश कटियार पुत्र कप्तान सिंह, 2. मोनू कटियार पुत्र कप्तान सिंह, 3. अमर जाटव पुत्र वीरेन्द्र निवासीगण निनौआ कोतवाली फतेहगढ जनपद फतेहगढ़ में तरमीम किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित फर्जी साक्ष्य गढने वाले 02 अभियुक्तगण 1. आकाश कटियार, 2. मोनू कटियार को गिरफ्तार किया गया। आकाश कटियार पर इस सहित तीन मुकदमे पंजीकृत हैं।

# शादी तोड़ने में एसपी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**अतिरिक्त दहेज** की मांग पूरी न होने पर शादी तोड़ने में एसपी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकार के अनुसार गांव हजरतगंज निवासी विनोद कुमार ने अपनी बहिन कविता की शादी एक माह पूर्व जनपद कासगंज के थाना सुनगढ़ी के गांव किसौल निवासी छत्रपाल के पुत्र प्रमोद के साथ तय की थी। विनोद ने अपनी सामर्थ्य अनुसार शादी में पांच लाख रुपए खर्च करने व रोक में पचास हजार नगद पांच सोने की अंगूठी, बर्तन आदि लगभग अस्सी हजार रुपए का सामान दिया। कुछ समय बाद प्रमोद ने फोन कर अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगा। विनोद ने अतिरिक्त दहेज में कार देने से मना कर दिया। जिसके बाद मझिया शिवकुमार के घर कई बार मामले की पंचायत भी हुयी, लेकिन युवक शादी करने के लिए राजी नहीं हुआ। शादी के लिए दबाब बनाने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार रात प्रमोद, उसके भाई कृष्णपाल, नीरज, बहन पूनम, रूमा बहनोई, सुभाष, हंसराज, भाभी रेखा, चाचा रिषीपाल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### खेतों की तरफ जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सुबह खेतों की तरफ जा रहे युवक को गांव के ही दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव धूरीहार निवासी भानु प्रताप पुत्र धीर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया उसका छोटा भाई रामजीत ऊर्फ भागी आज सुबह अपने खेतों की तरफ जा रहा था, तभी गांव के ही आरोपीगणों ने रास्ते में घेर लिया तथा लाठी-डंडों से बुरी तरह मारने पीटने लगे। जिससे भाई रंजीत उर्फ भागी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजन घायल अवस्था में थाने लेकर आए। जहां सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों ने अलग-अलग तहरीर दी। वहीं थाना अध्यक्ष ने पीड़ित को ही थाने में बैठा लिया तथा आरोपीगण पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं पीड़ित ने भाई के साथ हुई मारपीट की घटना में गांव के ही नामजद दबंग आरोपी पुष्पेंद्र पुत्र अनार सिंह, गौरव पुत्र विनोद कुमार, करू पुत्र अनार सिंह, गौरव पुत्र विनोद, सुदेश पुत्र नेकराम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पीड़ित 'पक्ष को थाना पुलिस ने थाने में बैठा रखा था और मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की थी।

### 18 अप्रैल को आनी है पुत्री की बारात, गांव वाले ससुरालीजनों को दे रहे धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला वारग निवासी चिंतावती पत्नी चंद्रपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री खुशबू की 18 अप्रैल को पटियाली थाना क्षेत्र के सैझन नगला निवासी आदेश पुत्र सिपाही लाल के साथ शादी होना तय हुई है। जिसकी बारात आनी है। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गांव से ही कुछ लोग अलग-अलग नंबरों से उसकी पुत्री के ससुरालवालों को धमकी दे रहे हैं। जिससे वह परेशान है। महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस से अपनी फरियाद की है। पुलिस ने महिला से जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओ में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव सवितापुर निवासी विनय (20) नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी अरुण यादव (26) व कुबेरपुर निवासी रियाजुद्दीन (36) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद विनय व अरुण को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मासूम की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मासूम बच्ची की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर के चिलौली निवासी नासिर अली की 7 माह की पुत्री मन्नत की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया।

### किशोर न्यायालय बोर्ड को लेकर बार एसो0 ने डीएम को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व महासचिव नरेश चन्द्र यादव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर किशोर न्यायालय बोर्ड को मनमाने तरीके से मध्य स्थित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिस कारण न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता व अभियोजन, पुलिस पैरोकार व अपचारी, संरक्षकों को भी असुविधा है। जिससे न्याय कार्य प्रभावित होगा। अपचारियों की पहचान भी जन सामान्य में प्रकट होगी। प्रस्तावित भवन अधिनियम के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के लिए मानक अनरुप नहीं है। किशोर न्याय बोर्ड को कलेक्टर परिसर अथवा उनके निकट स्थान पर संचालित कराया जाये। अन्यथा अधिवक्ता आंदोलित होने के लिए मजबूर होंगे।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, फोटोग्राफर की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**अनियन्त्रित कार** एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। जिससे कार के परख्च्चे उड़ गए। हादसे में फोटोग्राफर की मौत हो गयी। जबकि साथी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मांझगांव निवासी उत्कर्ष वर्मा उर्फ मधुर गुरूवार शाम अपनी कार से मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी राजकुमार उर्फ डिम्पल पांडेय (40) के साथ लखनऊ गए थे। शुक्रवार सुबह घर वापस लौटते समय आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फतेहाबाद टोल प्लाजा के निकट कार अनियन्तत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। जिससे कार के परख्च्चे उड़ गए। कार उत्कर्ष चला



मृतक का फाइल फोटो

रहा था। हादसे में राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उत्कर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक की पत्नी रागिनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक पुत्री काशवी व एक पुत्र अर्पित है। मृतक फोटोग्राफर का काम करता था।

# टेंपो और बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में, चार घायल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाइक और** टेंपो में आमने-सामने भिड़ंत में दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा तथा वाहनों को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव धोबियन नगला निवासी बाइक चालक उमेश चंद्र अपनी बाइक पर बैठाकर अपने पिता बालक राम को फर्रुखाबाद में हृदय रोग विशेषज्ञ के यहां दवा लेने के लिए आ रहा था। दूसरी बाइक पर गांव के कन्हैयालाल अपने दामाद अमन के साथ बाइक पर बैठकर दवा लेने जा रहे थे। फर्रुखाबाद की तरफ से शमशाबाद की तरफ जा रहे टेंपो ने नगला नान गांव के सामने चिंतामणि तालाब के पास



घायलों को ले जाती एंबूलेंस — समृद्धि न्यूज

मुख्य मार्ग पर उमेश चंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उमेश चंद्र व उनके पिता बालक राम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों के पैर टूट गए। इसके पीछे से आ रहे उमेश के गांव के साथी कन्हैयालाल की बाइक में टेंपो ने टक्कर मार दी। जिसमें कन्हैयालाल और अमन के हल्की चोटें आयीं। दोनों बाइक सवार खंदक में जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर शमशाबाद थाना पुलिस, फैजबाग चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को दो एंबुलेंस से मुख्यालय भेजा। टेंपो और बाइकों को कब्जे में लिया। चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक और टेंपो को कब्जे में लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।

## नकदी जेवर लेकर महिला अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों पति मजदूर करने चला गया। इसी बीच मौका पाकर पत्नी अज्ञात व्यक्ति के साथ घर में रखे जेवरात लेकर फरार हो गयी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कक्योली बदकिनी निवासी राम अवतार पुत्र सोनेलाल जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 5 तारीख को थाना मेरापुर के गांव खलवारा में मजदूरी करने गया हुआ था, तभी दिन के 11:00 बजे उनके परिजन भी खेतों की तरफ चले गए थे, तभी उसकी पत्नी निशा घर में बक्से में रखे जेवर और नगदी लेकर अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गयी। पीड़ित ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला, तो पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पांच दुकानों पर मारा छापा, भरे नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**खाद्य सुरक्षा** एवं औषधि प्रशासन के आदेश के अनुपालन में चैत्र नवरात्र पर्व पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकधाम हेतु शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत व अरुण कुमार मिश्र द्वारा द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। बड़े हनुमान मंदिर भोलेपुर फतेहगढ़ स्थित बिजेन्द्र अग्निहोत्री पुत्र प्रेम नारायण अग्निहोत्री के खाद्य प्रतिष्ठान श्रीजी स्वीट्स से खाद्य पदार्थ वर्फी का एक नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। वहीं सेंट्रल जेल चौराहा पर फल विक्रेता मोहित कुमार पुत्र राजेश से खाद्य पदार्थ डेट्स (गोल्डन कीमिया) मूलपैक में एक नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। वनखड़िया रखा रोड फतेहगढ़ स्थित सुबोध सिंह कटियार पुत्र विजय सिंह कटियार के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ कुट्टू का आटा (हिम गोल्ड ब्रान्ड) पैक्ड का एक नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। इस्माइलगंज साहनी स्थित अशलम पुत्र रशीद अहमद के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ छुआरा का एक नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। छोटी जेल चौराहा फतेहगढ़ स्थित अनूप गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ साबूदाना का एक नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया।



किराना स्टोर से नमूने भरती टीम — समृद्धि न्यूज

**गोरखधंधा** — कुख्यात लकड़ी माफिया दानिश और गुड्डा द्वारा खुलेआम काटे जा रहे हरे वृक्ष

# वन दरोगा की नाक के नीचे धड़ल्ले से हो रहा प्रतिबंधित हरी लकड़ी का चिरान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद** थाना क्षेत्र में हरे वृक्षों के अवैध कटान का गोरखधंधा अपने चरम पर है। जिसमें शमशाबाद के लकड़ी माफियाओं के सरगना दानिश व गुड्डा के संरक्षण में इस कार्य को अमली जामा पहनाया जा रहा है।

ये दोनों कुख्यात लकड़ी माफिया दानिश व गुड्डा शहर के कई अन्य लकड़ी माफियाओं के सरगना भी कहलाये जाते है। यह दोनों शहर के अन्य लकड़ी माफियाओं के रहनुमा बनकर अवैध लकड़ी कटान के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। जिनमें से एक तय रकम का हिस्सा वन दरोगा जहीर खान को भी दिया जाता है। जिससे की लकड़ी माफियाओं द्वारा काटी गई लकड़ी को वन दरोगा जहीर खान द्वारा पकड़ा ना जाए। इसके अलावा इन दोनों लकड़ी माफियाओं को वन विभाग से जुड़े कुछ अन्य कर्मचारीयों का भी संरक्षण प्राप्त हैं। ज्ञात हो कि लकड़ी माफिया दानिश एक आरा मशीन का भी संचालन भी कर रहा है। ऐसा ही एक ताजा मामला उस समय देखने को मिला जब कुख्यात लकड़ी माफिया गुड्डा एक ट्रैक्टर में नीम की हरी लकड़ी काटकर उसको ठिकाने लगाने ले जा रहा था। जब ट्रैक्टर चालक से लकड़ी कटान के संबंध में जानकारी की गई, तो उसने बताया कि यह लकड़ी गुड्डा की है। इस लकड़ी को शाहिद की आरा मशीन पर पलट दिया और उसके ऊपर से छूट वाली लकड़ी को पलट दिया गया। इस संबंध में जब रेंजर राजेश कुमार को जानकारी दी गई तो उन्होंने वन दरोगा जहीर खान को तुरंत मौके पर भेजकर जांच पड़ताल करवाई, लेकिन वन दरोगा जहीर खान ने लकड़ी माफियाओं से मिले होने की वजह से क्षेत्रीय वन्य अधिकारी राजेश कुमार को भी गुमराह कर दिया और बताया कि यहां कोई लकड़ी काटकर नहीं लाई गई है। बताते चलें कि शमशाबाद नगर में इस वक्त लगभग दो दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया सक्रिय है। जिनमें मुख्य रूप से राजू जादौन, काले, मंसूर, नन्हे, इशरार, छोटे, रईस, गुईया, इस्सू, शारिक, शाहिद, लालू, भुल्लन, भूरा, फिरोज, मुन्नलाल, सर्वेश शर्मा सहित कई लकड़ी माफिया इस कार्य में शामिल हैं।



काटकर ले जायी जा रही नीम की लकड़ी — समृद्धि न्यूज

# भाकियू नेताओं पर दर्ज किये गये मुकदमों के विरोध में होगा बड़ा आंदोलन: प्रभाकांत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भाकियू नेता बोले मेरा मुकदमा लिखने में 36 घंटे लगे, जबकि मेरे ऊपर दो घंटे में तीन मुकदमे दर्ज किये गये: अजय कटियार**

**भारतीय किसान** यूनियन के मण्डलीय नेता प्रभाकांत मिश्रा ने जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य के साथ नवनियुक्त प्रवक्ता अजय कटियार के नेकपुर स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता में अमृतपुर सीओ व थानाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला। बीते दो दिन पूर्व राजेपुर क्षेत्र कमालुद्दीनपुर निवासी रामनारायण पाण्डेय ने अपनी जमीन पर निर्माण करने का विरोध किया तो ग्राम प्रधान व उनके पति ने उन्हें अपमानित किया। जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हे राजेपुर सीएचसी ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर भेजा गया। हालत सुधरने के बाद उनकी पत्नी ने किसान यूनियन के साथ मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंचे। जहां मुकदमा न लिखने पर उन्हें धरना देना पड़ा। बाद में मुकदमा लिखा गया, तभी दूसरे किसान यूनियन भानू गुट ने प्रधान के समर्थन में आ गये और भाकियू नेताओं का विरोध किया। भानू गुट के साथ प्रधान भी बड़ी संख्या में पहुंचे और दबाव बनाते हुए अपनी बात रखी। ग्राम प्रधान पति की तहरीर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट पर दर्ज किया गया। साथ ही दूसरा मुकदमा लेखपाल द्वारा दर्ज कराया गया। तीसरा मुकदमा आचार संहिता उल्लंघन सहित कई धाराओं में भाकियू नेताओं पर दर्ज किया गया। जिसके विरोध में पत्रकार वार्ता में प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि मुकदमों से डरने वाला नहीं। शनिवार को प्रतिनिधि मण्डल राकेश टिकैट से मिलेगा। उसके बाद आगे की रणनीति बनाकर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि सत्ता के इशारे पर किसानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसका हम विरोध करते है। किसान हमेशा सच की लड़ाईलड़ता रहेगा। नवनियुक्त प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि मेरे ऊपर भू-माफिया का जो झूठा आरोप लगाया गया है वह गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए। शीघ्र ही कानूनी नोटिस प्रधानपति के खिलाफ भेजूंगा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, पुजारी कटियार आदि लोग मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता करते प्रभाकांत मिश्रा, अरविन्द शाक्य, अजय कटियार आदि

# सपा नेताओं ने जोनल व सेक्टर प्रभारियों के साथ बूथवार की समीक्षा

**सपा प्रत्याशी के लिए किया जन सम्पर्क**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव, छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव, छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव अभिनव पाण्डेय, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, अमन चतुर्वेदी के साथ जोनल एवं सेक्टर प्रभारियों के साथ बूथवार समीक्षा की गई। ग्राम उजरामऊ, राजेपुर, परतापुर, अमृतपुर, गूजरपुर, किराचन आदि गांव में जन सम्पर्क कर बूथ समीक्षा की गई। साथ ही प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगे। इस मौके पर धर्मेन्द्र यादव, हरवीर यादव, गोविन्द यादव, अंकित यादव, कृपाल सिंह, परवेन्द यादव, विनोद यादव, विपिन यादव आदि लोग मौजूद रहे।


जन सम्पर्क के दौरान मौजूद सपा नेता समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराधा वल्लभ धर्माथ सेवा समिति के तत्वाधान में नेकपुर चौरासी में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीधाम वृन्दावन से पधारी कथा वाचक साध्वी आर्या पंडित ने कन्हैया जी के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मथुरा के राजा उग्रसेन से अपनी वृद्धावस्था आने पर कंस को राजा बना दिया। कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ किया। एक दिन कंस अपनी बहन देवकी को रथ पर बैठाकर जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई है कंस तू जिस बहन को इतने प्यार से लिए जा रहा है, इसी के आठवें पुत्र द्वारा तेरी मृत्यु होगी। आकाशवाणी सुनकर कंस घबरा गया और उसे अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को मथुरा की कारागार में डाल दिया। पहरेदारों को आदेश दिया कि जब भी कोई संतान हो तुरन्त सूचना दे। कंस की आज्ञानुसार देवकी और वसुदेव की होने वाली 7 संतानों को कंस एक-एक कर मार रहा है। जब आठवीं संतान के रुप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष में अष्टमी तिथि दिन बुधवार को रात्रि 12 बजे हुआ तो उस समय सारे पहरेदार सो गये। देवकी के कहने के अनुसार वसुदेव उसे तुरन्त ही लेकर यमुना नदी को पार करके नंदगांव में यशोदा जी के घर रख आये और यशोदा की जन्मी कन्या को ले आये तथा उस कन्या को देवकी के पास रख दिया, तभी पहरेदार जगा गये और कंस को सूचना दी। कंस आया और उसने कन्या के पैर पकड़कर पत्थर पर पटकने का प्रयास किया, तभी कन्या उससे छूट गयी और उसने आकाशवाणी की है कंस तुझे मारने वाला संसार में आ चुका है। इस प्रकार कृष्ण जन्म की कथा कहते हुए उन्होंने कीर्तन कराया। नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की उपस्थित कई भक्तों में से दर्जनों स्त्री, पुरुष भावनृत्य करने लगे। आयोजक अनमोल दीक्षित और उनकी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह, जवाहर मिश्रा, अनिल प्रताप, कौशलेन्द्र सिंह, राजीव चतुर्वेदी, भप्पू सोनी आदि ने व्यवस्था संभाली। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।

### संस्कार भारती की भजन संध्या 14 अप्रैल को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती के तत्वाधान में नव संवत्सर के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन होगा। संस्था के अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता, सचिव दिलीप कश्यप ने बताया कि तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 14 अप्रैल को 2:30 बजे रेलवे रोड स्थित पाण्डेश्वनाथर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में संस्था सदस्य नरेन्द्र नाथ मिश्रा सहित जनपद के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### सद्भावना मंच का ईद मिलन समारोह कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन समारोह 14 अप्रैल को मनाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार होंगे। 14 अप्रैल को शाम 3 बजे नेहरु रोड स्थित विनयाशा होटल के सभागार में कार्यक्रम होगा। जिसमें डा0 रामकृष्ण राजपूत, डा0 मोहसीन, मोहम्मद हफीज खान आदि लोग शामिल होंगे।

### एबीएसए के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** षड्यंत्र के तहत वेतन रोकने व धमकी देने के मामले में सहायक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गइ थाना मेरापुर के ग्राम दहेलिया निवासी सचिन कुमार पुत्र यतेन्द्र सिंह ने न्यायालय में 156(3) के तहत याचिका दायर की है। जिसमें दर्शाया कि उसका भाई ललित कुमार प्राथमिक विद्यालय मेरापुर में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। 8 दिसम्बर 2023 को सहायक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी मोहम्मदाबाद भारती शाक्य ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उस दिन ललित अवकाश पर था। सहायक शिक्षाधिकारी ने निरीक्षण आख्या में भी भाई को अवकाश पर होना व सहायक अध्यापक के उपस्थित होने का उल्लेख किया। साथ ही कुछ गलत तथ्यों की रिपोर्ट एमडीएम संबंधित प्रेषित की गई। षड्यंत्र के तहत मेरे भाई को बिना कोई सूचना/नोटिस दिये 18 दिसम्बर को वेतन रोक दिया। जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 का आदेश है कि किसी भी कार्मिक का वेतन अथवा वेतन वृद्धि को रोका नहीं जायेगा अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही करने वाले अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। दिसम्बर माह में वेतन न मिलने के कारण भाई का परिवार आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है। भाई ललित का लखनऊ में इलाज चल रहा है, जो दवाई न लाने पर बहुत दुखी है। 4 अप्रैल व 8 अप्रैल को दवाई लेने की तारीख थी। वेतन न मिलने पर दवाई नहीं ले पाया। अवकाश के समय निरीक्षण आख्या में कमियो को पूरा कर लेने तथा रोका गया वेतन दिये जाने हेते प्रार्थना पत्र दिये, लेकिन वेतन नहीं दिया गया। भाई ने दवाई कराने के लिए लोन आवेदन किया।

# महिला मतदाताओं को जागरुक कर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बूथ संख्या 111, 112 व 113 ग्राम नोनमगंज में महिला मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने समस्त महिलाओं को से अपील की कि वह राष्ट्र हित में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। महिलाओं की अनेक समस्याएं हैं जिनमें से अधिकांश समस्याओं का निराकरण वे सरकार के माध्यम से चाहती हैं। यदि अपनी समस्याओं का समाधान कराना है तो सरकार चुनने में भी अपनी महती भूमिका निभानी होगी। इस दौरान सभी महिला मतदाताओं को जागरुकता की शपथ दिलायी गई। महिलाओं ने मत देने का संकल्प करते हुए अपने-अपने हस्ताक्षर भी किए। अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि जिस प्रकार परिवार और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है उसी प्रकार से सरकार चुनने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने दायित्व का निर्वह्न करें। 13 मई को वोट अवश्य करें। महिलाओं ने नारे लगाए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, पहले बूथ पर वोट पड़ेगा, चूल्हा घर में तभी चलेगा। इस अवसर पर रेनू कश्यप, बबली, सरिता, धर्म देवी, लीलावती, पार्वती, नीता, सुमन, सरल, पूजा, धनदेवी, सुमनलता, गिरिजा देवी, संगीता, रेनू, शिखा, सनोवर, संजीत, राजन, रजत, पप्पू, इंद्रजीत, कौशल प्रताप, मिथिलेश, रेशम, सावित्री, रीना, रीता आदि मौजूद रही।



हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती महिला समृद्धि न्यूज

# बसपा का अभी तक नहीं हुआ प्रत्याशी घोषित, कार्यकर्ता असमंजस में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बहुजन समाज** पार्टी की ओर लोगों की निगाहे लगी हुई है। अभी तक बसपा ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है और न ही पत्ते खोले है। बसपा में प्रत्याशी को लेकर नेता को तरासा जा रहा है। संगठन की ओर से अभी तक कोई नाम दावेदारी के रुप में नहीं आया है और न ही कोई अधिकारिक बयान आया है। भाजपा ने अपना लोकसभा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को घोषित कर चुकी है। वहीं सपा ने डा0 नवल किशोर शाक्य पर प्रत्याशी बनाकर दांव लगाया है। बसपा ने अभी तक अपना पत्ता नहीं खोला, इस कारण हाथी किस करवट बैठेगा, अभी पता नहीं है। बसपा में सभी कुछ तय राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन कु0 मायावती तय करती है। कोआर्डिनेटर केवल रिपोर्ट बनाकर भेजते है। जिलाध्यक्ष केवल संगठन की बात करते है। यह ऐसी पार्टी है इसमें बिना निर्देश कोई बयान देने पर शीघ्र पार्टी से निकाला जाता है। जिस कारण बसपा का कोई नेता मुहं खोलने के लिए तैयार नहीं है। धीरे-धीरे बसपा के कई नेता दूसरे दलों में जा चुके है। कुछ दिन पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व उनकी पत्नी चेयरमैन वत्सला अग्रवाल भी भाजपा में शामिल हो गई। जिस कारण बसपा में कोई बड़ा नेता दिख नहीं रहा है। ऐसे में जनपद के अलावा बाहरी कोई प्रत्याशी बनाये जाने के कयास लगाये जा रहे है।

# डम्पर की टक्कर से मेडिकल कालेज के कर्मचारी की मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार मेडिकल कालेज कर्मी को तेज रफ्तार डम्पर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डम्पर चालक व हेल्पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम जनैया सठैया निवासी 35 वर्षीय सदानन्द शाक्य पुत्र रूपलाल बघार मेडिकल कालेज में कर्मचारी था। वह अपनी बाइक से मेडिकल कालेज की तरफ से आ रहा था। उसी दौरान ढिलावल बाईपास के निकट तेज रफ्तार डम्पर ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सदानन्द की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रायपुर चौकी इंचार्ज तरुण सिंह भदौरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ का दबाब बढ़ता देख शव को डीसीएम में रखाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# करणी सेना के जिलाध्यक्ष सहित एक दर्जन लोग शेर सिंह राणा की पार्टी में शामिल

**गुजरात में करणी सेना के साथ अभद्रता व प्रदेश में समाज की उपेक्षा करने का भाजपा पर आरोप**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विगत विधानसभा** चुनावों में जनपद में भाजपा गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने वाली करणी सेना का भाजपा से मोहभंग हो गया। करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, जिला महासचिव सहित दर्जन भर कार्यकर्ताओं के साथ राजपा में शामिल हो गए। जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि गुजरात में भाजपा प्रत्याशी पुरोषत्तम रूपाला ने समाज की बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर करणी सेना के नेताओं की पगड़ी उछाल दी गई। अब यह भाजपा के साथ रहना संभव नहीं है। आने वाले समय में जिले में जल्द प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से सैकड़ो लोग राजपा में शामिल होगे। शहर के राजीव गांधी नगर स्थित राजपा सत्य के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मनोज सिंह गौर ने करणी सेना के पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिला अध्यक्ष मनोज सिंह गौर ने कहा कि हमारी पार्टी सभी को साथ लेकर चलने का काम करेगी। क्षत्रिय समाज अब किसी का झंडा नहीं धोएगा। हर पार्टी ने क्षत्रिय समाज को वोट बैंक ही समझा है, जिसका नतीजा है कि हमारा इतिहास बदला जा रहा है। इसे बचाने को अपनी पार्टी को मजबूत करना जरूरी है। करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि जिले में करणी सेना के 1000 से अधिक कार्यकर्ता है। सभी से राय लेने के बाद भी संगठन ने फैसला लिया है। आने वाले सभी चुनावों में पार्टी हिस्सा लेगी। पश्चिम में जो भाजपा का विरोध शुरू हुआ है। वह मध्य उत्तर प्रदेश में भी जारी है। जनपद में भाजपा प्रत्याशी ने सिर्फ दस हवा हवाई दावे है। इसलिए बदलाव जरूरी है। इस दौरान हिमांशु सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, शिव प्रताप, सुशांत दुबे, विश्वजीत सिंह, सूरजभान सिंह, अमन सिंह परमार, शिवम सिंह राठौड़, नितिन सिंह, अभय सिंह चौहान, शिवदेश सिंह, राहुल सिंह परिहार, मोंटू दुबे आदि मौजूद रहे।


राजपा की सदस्यता लेते करणी सेना के पदाधिकारी

# परमात्मा किसी के साथ कभी अन्याय नहीं करता: आचार्य योगेश भारद्वाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ईश्वर को भक्ति और उपासना के साथ ही प्राप्त किया जा सकता: अल्का आर्या**
**तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव यज्ञ सम्पन्न**

**विकास खण्ड** कमालगंज के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में चल रहे आर्य समाज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञ में आस-पास के गांवो के श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मलित हुए। आर्य विद्वानों द्वारा सभी ग्रामवासियों को सामाजिक कुरीतियों व पाखंड को त्याग कर नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि हमें इतना सुंदर शरीर ईश्वर की भक्ति के लिए मिला है। परमात्मा ने बुद्धिमत्ता पूर्वक इस शरीर के प्रत्येक अंग को बनाया है, इसलिए उसको सर्वज्ञ कहते हैं। परमात्मा किसी के साथ कभी अन्याय नहीं करता। हम सबको उसकी भक्ति करनी पड़ेगी। हमारे वेदों के अनुसार परमात्मा एक है। परन्तु मतमतान्तरों के लोगों ने अनेक ईश्वर मान रखे हैं। इसी कारण आज ईश्वर के नाम पर जगह-जगह झगड़े हो रहे हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों का प्रमाण देते हुए हमें ईश्वर के सच्चे स्वरूप का बोध कराया। आज यदि दुनिया में धर्म के नाम पर हो रहे झगड़ों को हमे रोकना है तो हमे आर्य समाज के साथ मिलकर एकेश्वरवाद को अपनाना होगा। नोएडा से आयीं भजनोपदेशिका अल्का आर्या ने अपने भजनों के माध्यम से संगीत की सरिता बहाई। उनके गीत धर्म वैदिक आर्य नाम एक ईश्वर की करें उपासना मिलके सुबह और शाम उन्होंने कहा कि ईश्वर को भक्ति और उपासना के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। भक्ति और उपासना का मार्ग हमें वेदों से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आज मातृशक्ति सबसे ज्यादा पाखंड की शिकार है। ढोंगी बाबाओं और गुरुघंटालों के बहकाबे में आकर ये अपना धन और समय गंवा रही हैं। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि समाज को पाखंड से सिर्फ आर्य समाज ही बचा सकता है, इसलिए युवा पीढ़ी को इससे जुड़कर अपने जीवन मे परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मांदेव आर्य, सुरेंदर रीस, राजीव, रामप्रकाश आर्य, काशीराम आर्य, मुन्ना यादव, हरी सिंह, विजय सिंह, अर्जुन सिंह, आदि मौजूद रहे।



प्रवचन करती अल्का आर्या

# दबंगों ने युवती के साथ किया दुष्कर्म, वीडियो वायरल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते तीन दिन पूर्व अपने घर से दूसरे घर जा रही युवती का दबंगों ने दुष्कर्म कर उसका वीडियो बनाया। लोक लाज की वजह से पीड़िता शिकायत घर पर नहीं की। वीडियो वायरल होने पर पीड़िता ने थाने में की शिकायत की। पुलिस मामले की जांच में जुटी गयी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिलाह निवासी युवती ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 8 तारीख को वह अपने दूसरे घर में जा रही थी, तभी गांव के ही आरोपीगणों ने उसको रास्ते में पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा वीडियो बनाया। पीड़िता को जानमाल की धमकी देते हुए कहा कि यदि तूने कहीं शिकायत की तो तुझको जान से मार देंगे और तेरा वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने अपने परिजनों को नहीं बताया और चुप बनी रही। जब वीडियो वायरल हुआ तो पीड़िता के परिजनों को जानकारी दी। जानकारी पाकर परिजनों ने मामले की शिकायत आरोपीगणों के घर पर जाकर की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। आरोपीगण लगातार धमकी देते रहे। तब पीड़िता अपने पिता के साथ थाने आई और थाना पुलिस को गांव के ही आरोपी सचिन पुत्र राजीव, अंकेश पुत्र बालकराम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस तुरंत ही घटनास्थल पर जांच हेतु रवाना हो गई। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर पीड़िता की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक पीड़ित परजनों के साथ थाने में बैठी थी।

# दिव्यांग को पीटने व मंदिर परिसर में अवैध कब्जा करने के विरोध में हिन्दू महासभा ने किया हंगामा

**फूल माला विक्रेता ने बीते दिनों को दिव्यांग को पीटा था**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पाण्डेश्वर नाथ मंदिर परिसर में फूल विक्रेता द्वारा बीते दिनों दिव्यांग को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। जिसके विरोध में हिन्दू महासभा ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने बताया कि पाण्डेश्वर नाथ मंदिर परिसर में फूल माला विक्रेताओं ने पहले दिव्यांग नाबालिक बच्चे को मारपीट कर घायल कर दिया था। मंदिर परिसर के अंदर इन लोगों के द्वारा विगत कई वर्षो से अवैध कब्जा किया गया है। इसके साथ ही उक्त लोगों द्वारा बाहर बने औषधालय पर भी कब्जा कर रखा है। उन्होंने बताया कि मंदिर कमेटी इन सभी अराजक तत्वों को अपनी सह दिए हुए हैं। यह लोग आए दिन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से मारपीट करते हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने होने वाले अवैध कब्जे और मारपीट का विरोध किया और जमकर हंगामा किया। वहां मौजूद लोगों ने आश्वासन दिया कि मंदिर कमेटी से बात कर मंदिर परिसर से अराजकतत्वों के अवैध कब्जों को हटवाया जायेगा। इस दौरान मिथुन राठौर, विशाल दुबे, केशव वर्मा सहित तीन दर्जन हिंदू महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। बीते दिन दिव्यांग ने फूल विक्रेता के खिलाफ पीटने का मुकदमा दर्ज कराया था।


विरोध करते हिन्दू महासभा के पदाधिकारी

# परिषदीय विद्यालय में उत्कृष्ट व्यवस्थाएं देख बीएसए गदगद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय कुसुमापुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु स्वीप के अन्तर्गत चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद, खंड शिक्षाधिकारी राजेपुर अनूप सिंह, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा नागेंद्र सिंह व जिला स्काउट मास्टर स्वीप कॉर्डिनेटर सुधीर कुशवाह के द्वारा सभी ग्रामवासिओं को मतदान के प्रति जागरूक किया साथ ही मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही रैली भी निकाली गई। इस वर्ष नवोदय व सर्वोदय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया गया व विद्यालय में हुए टाइलीकरण का उद्घाटन बेसिक शिक्षाधिकारी ने फीता काटकर किया। इस वर्ष कक्षा एक प्रवेश लेने वाले नौनिहालों को उपहार भेंटकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीएसए गौतम प्रसाद ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों की शुरुआती शिक्षा से उनका भविष्य तय होता है। इस विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। खंड शिक्षाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने विद्यालय की तारीफकरते हुए इसी तरह सभी विद्यालयों में नवाचार व खेलकूद के माध्यम से शिक्षा पर बल देने को कहा। जिससे विद्यालय पर बच्चों का ठहराव हो सके। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा नागेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को उपहार भेंटकर नई कक्षा में प्रवेश पाने वाले बच्चों को मेहनत करने, निरंतर विद्यालय आने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वीप कॉर्डिनेटर सुधीर कुशवाह ने सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराते हुए अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। प्रधानाध्यापक शिवम् दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिवद्ध है, ताकि हर क्षेत्र में बच्चों का बेहतर विकास हो सके। एआरपी अजय शुक्ला, योगेश दीक्षित, नोडल शिक्षक संकुल दीपक मिश्रा व शिक्षक संकुल नितिन द्विवेदी, प्रेमलता यादव, खुशबू चौहान ने व्यवस्था में सहयोग किया। इस दौरान अभिभावक शालिनी, सीमा, सुनील, अमर सिंह, अशफी लाल, गीता, रामकुमार, अजय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वैभव सोमवंशी ने किया।



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते बीएसए समृद्धि न्यूज

# बौखला गए हैं घमंडिया गठबंधन के लोग : नड्डा

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष के प्रधानमंत्री मोदी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर बोला हमला

एजेंसी

**सीधी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन वाले बौखला गए हैं, इनको हार सामने दिख रही है। बौखलाहट में ये मोदी जी को पता नहीं क्या-क्या गालियां दे रहे हैं। कल मीसा भारती ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम मोदी को जेल भेज देंगे। मोदी जी 12 साल मुख्यमंत्री रहे और 10 साल से प्रधानमंत्री हैं, उन पर एक भी दाग नहीं है और ये लोग उनके लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं।



भाजपा अध्यक्ष नड्डा शुक्रवार को मध्यप्रदेश के सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में बहरी सिंहावल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 10 करोड़ 74 लाख परिवारों, यानी 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत हर वर्ष पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूरे देश में 11 करोड़ 30 लाख कनेक्शन दिए गए। जिनमें से 55 लाख कनेक्शन मध्य प्रदेश में और 1.60 लाख कनेक्शन यहां सीधी में दिए गए। मोदी जी ने पिछले 10 साल में गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, युवा, महिला और किसान सबकी चिंता की है, सबको आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में अमेरिका जैसे देश की भी आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही है। आज सारे यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया की भी आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही है लेकिन आईएमएफ को सबसे सुनहरा भविष्य भारत का दिख रहा है। आज भारत 11वें से पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### कांग्रेस ने किए कई घोटाले

उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जमाने में पनडुब्बी घोटाला, चीनी घोटाला, चावल घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला हुआ, हेलीकॉप्टर वेस्टलैंड घोटाला, 2जी, 3जी का घोटाला हुआ। कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न धरती छोड़ी और न पाताल, तीनों लोक में घोटाला किया। इंडी घमंडिया गठबंधन में सभी भ्रष्टाचारी एक जगह इकट्ठा हो गए। इनके आधे नेता बेल पर हैं या जेल में हैं। उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी बेल पर नहीं है, क्या अरविंद केजरीवाल जेल में नहीं है?

### भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के लिए हम लड़ रहे चुनाव

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव हम भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के लिए लड़ रहे हैं और यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता बूथ पर कमल खिलाएं और अपने-अपने बूथ पर जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां बताएं। भाजपा अध्यक्ष नड्डा शुक्रवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। नड्डा मध्य प्रदेश के सीधी और छिंदवाड़ा जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करने जा रहे थे। इस दौरान कुछ क्षण के लिए एयरपोर्ट पर रुके, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, कौशाम्बी के प्रत्याशी विनोद सोनकर और फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जीत की अग्रिम बधाई दी। उपस्थित कार्यकर्ताओं को विजय का मंत्र भी दिया। नड्डा लगभग 11 बजे दिल्ली से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे और लगभग 15:20 बजे तक रहे और कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना।

# अफगानिस्तान में हिन्दू व सिखों की संपत्ति बहाली के फैसले का भारत ने किया स्वागत

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान की तालिबान हकुमत की ओर से हिन्दू और सिख नागरिकों के संपत्ति अधिकार बहाल किए जाने को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पाकिस्तान के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर जायसवाल ने कहा कि पड़ोसी देश की नेताओं की ओर से परस्पर विरोधी बयान दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद ग्रहण किए जाने पर उन्हें बधाई दी थी। द्विपक्षीय संबंधों के बारे में पाकिस्तानी पक्ष ने परस्पर विरोधी बयान दिए हैं जिन पर हम गौर कर रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान से इस आशय की रिपोर्ट आई थी कि ताबिलान शासन ने हिन्दू और सिख अल्पसंख्यकों की निजी जमीन एवं अन्य संपत्तियां बहाल करने का फैसला किया है। इस नए रुख के बाद कुछ अल्पसंख्यक अब अफगानिस्तान लौटे हैं। अमेरिका में कुछ भारतीय छात्रों की मौत से जुड़े सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय राजनयिक मिशन वहां अध्ययनरत छात्रों के संपर्क में है। हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। दो छात्रों की मौत का उल्लेख करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि हमें आशा है कि इसका कारण जल्द ही सामने आएगा। एक छात्र की मौत को आत्महत्या बताया जा रहा है जबकि एक अन्य छात्र को गोली मारी गई थी।

यह दो मामले हैं जिनकी कानून-व्यवस्था के नजरिए से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय राजनयिक मिशनों ने छात्रों के साथ संपर्क बढ़ाया है तथा छात्रों से अपनी देखभाल उचित रूप से करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत हैं। पिछले कुछ महीनों के दौरान भिन्न-भिन्न कारणों से 10 भारतीय छात्रों की मृत्यु हुई है।

# बंगाल को बदनाम करने की साजिश रच रही है भाजपा : ममता बनर्जी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा है। राज्य के आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों पर भाजपा की आलोचना की और कहा कि बेंगलुरु विस्फोट मामले के आरोपितों की गिरफ्तारी राज्य पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण ही संभव हो सकी है।

दरअसल बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया जिसके बाद से राज्य में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। राज्य में विपक्षी दल भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन ने राज्य को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना दिया है। इसके बाद बनर्जी ने कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,



''सुना है कि भाजपा के एक नेता कह रहे थे कि बंगाल सुरक्षित नहीं है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो घंटे के भीतर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन राज्यों के बारे में क्या जहां आप सत्ता में हैं?'' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और बिहार के बारे में क्या कहना है? बनर्जी ने भाजपा पर राज्य के खिलाफ अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने और चुनावों में राजनीतिक दलों को समान अवसर नहीं देने का आरोप भी लगाया। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल को किसी भी तरह से बदनाम करने के लिए हर तरह से साजिश रची जा रही है।

### सेंट्रल फोर्स चली जाएगी तो हमसे कौन बचाएगा, टीएमसी विधायक का वीडियो वायरल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह मतदाताओं को धमकी देते नजर आ रहे हैं। वे तृणमूल कांग्रेस को वोट नहीं देने वालों को चुनाव बाद सबक सिखाने की चेतावनी दे रहे हैं। वे यह भी कह रहे हैं कि चुनाव के बाद सेंट्रल फोर्स चली जाएगी तो हमसे (तृणमूल कांग्रेस से) कौन बचाएगा। इसे लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। बताया जा रहा है कि उनका यह वीडियो एक दिन पहले गुरुवार का है। इस पर कांग्रेस और वाम दलों के नेताओं ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। पार्टी नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि इस वीडियो को चुनाव आयोग के पास पहुंचाया गया है। दरअसल उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हमीदुल रहमान का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वह भाजपा के साथ ही दूसरे विपक्ष दलों के कार्यकर्ताओं को भी धमकी दे रहे हैं।

# मोदी ने सामरिक दृष्टि से भारत को किया मजबूत

**धामी ने जनसभा में सरकार के कार्यों का किया गुणगान**

समृद्धि न्यूज

**द्वाराहाट/दन्या।** लोकसभा चुनाव में अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में दो चुनावी सभाएं कीं। द्वाराहाट में शीतला पुष्कर मैदान और दन्या में इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी जनसभाओं में भाजपा सरकार के कार्यों का बखान किया। धामी ने कांग्रेस पर तीखे हमले भी किए।

उन्होंने कहा कि जनता के बीच में वो भाजपा उम्मीदवार अजय टम्टा के लिए समर्थन मांगने आए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का अजय टम्टा को दिया गया हर वोट सीधा नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज



भारत विकास की नई उड़ान भर रहा है। पिछले 10 वर्षों में महिलाओं, सैनिकों, युवाओं और गरीबों के लिए काम हुआ है। सड़कों, अस्पतालों और विश्वविद्यालयों का वृहद स्तर पर निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में नई शक्ति के रूप में उभरा है।

मोदी ने सामरिक दृष्टि से भारत को मजबूत करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मोदी ने देश के हर गरीब और पिछड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, किसान समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दशकों बाद वन रैंक-वन पेंशन की मांग को पूरा किया गया है। सैनिकों को अच्छे वस्त्र और शस्त्र देने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार शहीदों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के राज में हर दिन घोटाला होता था और लोग कहने लगे थे कि सरकार में घोटाला नहीं चल रहा है बल्कि घोटाले में ही सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में एक भी घोटाला नहीं हुआ। 10 साल तक कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी परिवारवाद की जननी है, इन्होंने देशहित की जगह परिवारहित को हमेशा ऊपर ऱखा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी परिवारवाद के ब्रांड एंबेसडर हैं।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही केंद्र सरकार : आतिशी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साजिश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना ग़ैरक़ानूनी, ग़ैर संवैधानिक और दिल्ली की जनता के जनादेश के ख़िलाफ़ होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के ख़िलाफ़ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा किए जा रहे काम है, चाहे वह मुफ़्त बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो। 'आप' नेता ने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के ख़िलाफ़ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। पिछले कुछ दिनों से इसके संकेत देखने को मिल रहे है।

### बारामूला सीट से चुनाव लड़ेंगे उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस उपाध्यक्ष अमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कश्मीर के दो निर्वाचन क्षेत्रों से पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा की। श्री उमर अब्दुल्ला को बारामूला से उम्मीदवार बनाया गया है जबकि प्रभावशाली शिया नेता आगा रुहुल्लाह को श्रीनगर से प्रत्याशी घोषित किया गया है। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लोकसभा चुनावों के लिए अपने गठबंधन की घोषणा की है। सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस उधमपुर, जम्मू और लद्दाख लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और नेशनल कांफ्रेंस अनंतनाग, श्रीनगर और बारामूला में अपने उम्मीदवार उतारेगी। नेशनल कांफ्रेंस लोकप्रिय गुर्जर नेता मियां अल्ताफ को अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

### विरोधी दलों के विरोध के बीच संसद सत्र समाप्त करने का फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने रविवार की आधी रात से संसद का चालू सत्र समाप्त करने का फैसला लिया है। इसके लिए सरकार ने राष्ट्रपति के पास सिफारिश भी कर दी है। सरकार की प्रवक्ता और सूचना एवं संचार मंत्री रेखा शर्मा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई बैठक में संसद सत्र समाप्त करने का फैसला लिए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की तरफ से संसद सत्र चलाने को लेकर कोई सहयोग नहीं मिलने के कारण संसद सत्र समाप्त करने का निर्णय किया गया। नेपाल में इस महीने के आखिर में होने वाले निवेश सम्मेलन के मद्देनजर संसद से 15 महत्वपूर्ण कानून बदलने के लिए सरकार की तरफ से कई प्रयास किये गए लेकिन एक भी कानून बनाए बिना ही सत्र का अवसान कर दिया गया।। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने कल ही भारतीय उद्योग परिसंघ फिक्की के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात में कहा था कि संसद से कानून नहीं बना पाने के कारण अध्यादेश के मार्फत कानून बदलेंगे, ताकि निवेश सम्मेलन को सफल बनाया जा सके।

### यात्रियों की तलाशी में आठ किग्रा सोना बरामद, 11 गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग की टीम ने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार रात यात्रियों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान छुपाकर रखा गया 4.69 करोड़ रुपये का आठ किलोग्राम सोना बरामद हुआ। विभाग ने आरोपित 11 यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो विदेशी नागरिक शामिल हैं। विभाग के अधिकारियों ने गिरफ्तार किए आरोपितों ने यह सोना रैकेट की मोम, रेडियम प्लेटेड तार, बकल, वॉशर के आकार की अंगूठियों में छुपाकर रखा था। इसके अलावा सोमवार को अलग-अलग अभियान में कुल 6.11 किलोग्राम सोना, 20,000 डॉलर और मोबाइल फोन जब्त किया गया।

### कुल्लू में बड़ा हादसा, कार एक्सीडेंट में चार लोगों की मौके पर मौत

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एख बड़ा हादसा हो गया जिसमें मौके पर 4 लोगों की मौत हो गई। कुल्लू के पुलिस थाना आनी के अंतर्गत राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला में एक मारुति आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे के बाद मौके पर पंहुची टीम ने जांच की। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक (40) पुत्र धर्मचन्द और सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम निवासी बिशल डाकघर डिगेढ, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम और संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल, निवासी खनेरी डाकघर डिगेढ के रूप में हुई है।

### नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेन

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा सहित कुल तीन ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें कुल 116 फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली आरक्षित त्योहार स्पेशल (38 फेरे) रेलगाड़ी संख्या 04075 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक बुधवार और रविवार को चलेगी। रेलगाड़ी संख्या 04076 श्री माता वैष्णो कटरा-नई दिल्ली 29 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को चलेगी। ये ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 38 फेरे लगाएंगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जंक्शन, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशनों पर रुकेगी।

# डॉ. रेड्डीज़ ने यूरोप में लॉन्च किया ड्रग-फ्री माइग्रेन मैनेजमेंट डिवाइस नेरिवियो

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेटरीज़ लिमिटेड (बीएसई 500124, एनएसई डीआररेड्डी, एनवाईएसई आरडीवाई, एनएसईआईएफएससी डीआररेड्डी, बाद में बदलकर डॉ. रेड्डीज़ कर दिया गया) ने इसकी सहायक कंपनी, बीटाफार्म के तहत जर्मनी में ड्रग-फ्री, नॉन-इनवेसिव माइग्रेन मैनेजमेंट वियरेबल डिवाइस, नेरिवियो0 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लॉन्च यूरोप में कंपनी की डिजिटल थेरेप्यूटिक्स की शुरुआत को दर्शाता है।

नेरिवियो0 यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसएफडीए) द्वारा समर्थित है और यूरोप में सीई-मार्क प्रमाणित है। नेरिवियो0 को डॉ. रेड्डीज़ द्वारा वर्ष 2023 में बर्लिन में जर्मन एसोसिएशन ऑफ न्यूरोलॉजी द्वारा आयोजित डीजीएन कॉन्ग्रेस और बार्सिलोना, स्पेन में आयोजित 17वीं यूरोपियन हेडेक कांग्रेस में प्रस्तुत किया



गया था। डॉ. रेड्डीज़ 17 अप्रैल, 2024 को न्यूरोलॉजिकल एसोसिएशन ऑफ साउथ अफ्रीका की वार्षिक कांग्रेस के दौरान नेरिवियो0 प्रस्तुत और लॉन्च करेगा। इस दौरान डॉ. स्टीवर्ट टेपर, गीज़ेल स्कूल ऑफ मेडिसिन-डार्टमाउथ में न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर और वाइस प्रेसिडेंट, न्यू इंग्लैंड इंस्टिट्यूट फॉर न्यूरोलॉजी एंड हेडेक उपस्थित रहेंगे। मई 2024 में, नेरिवियो0 को बर्लिन, जर्मनी में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल हेडेक सोसाइटी 2024 आईहेड बैठक में भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद, आगामी महीनों में डॉ. रेड्डीज़ की योजना नेरिवियो0 को स्पेन और यूके में पेश करने की है। विगत वर्ष, डॉ. रेड्डीज़ ने थेरानिका के साथ एक विशेष एग्रीमेंट किया था।

### इजरायल और ईरान न जाएं भारतीय : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बनते हालात के मद्देनजर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी भारतीयों को अगली सूचना तक इजरायल और ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एडवाइजरी में कहा कि क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करें। वहीं ईरान या इजरायल में रह रहे सभी भारतीयों से अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। साथ ही अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और आवाजाही को सीमित रखें। उल्लेखनीय है कि सीरिया में ईरान के एक प्रतिष्ठान पर हमले के बाद मध्यपूर्व के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। दोनों देश के बीच युद्ध जैसे हालात पनप रहे हैं।

# बांसुरीवाला ने दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर चौथे आउटलेट का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत के फेमस फैमिली रेस्टोरेंट और स्वीट चेन बांसुरीवाला ने अपने चौथे आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह नया आउटलेट दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर खुला है। यह विस्तार बांसुरीवाला की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है । हाई-वे पर सफर कर रहे मुसाफिर इस नए आउटलेट पर अपने पसंदीदा व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

नया आउटलेट 12 अप्रैल 2024 को दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर खुल गया। बांसुरीवाला गुणवत्ता, परंपरा और नए-नए उत्पाद बनाने के अपने वादे के लिए जाना जाता है। यह रेस्टोरेंट परंपरागत भारतीय मिठाइयों और स्वादिष्ट व्यंजनों का बड़ा मेन्यू प्रदान करता है, जिन्हें सावधानी और सटीकता के साथ बनाया जाता है। मेहमानों को एक बेजोड़ खाने का अनुभव देने के लिए प्रत्येक व्यंजन को शुद्ध देसी घी सहित प्रीमियम




सामग्री का उपयोग करके तैयार किया जाता है। इस मौके पर बांसुरीवाला के संस्थापक और प्रबंध निदेशक विक्रांत सिंह ने कहा, हम अलवर-दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर बांसुरीवाला लाने के लिए रोमांचित हैं । हमारा मिशन अपने ग्राहकों को असली स्वाद और शानदार सेवा से खुश करना है, और हम इस क्षेत्र में एक लोकप्रिय भोजन स्थल बनने के लिए उत्सुक हैं। बांसुरीवाला के इस नए आउटलेट का माहौल शानदार होगा, जहां आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। आप इस नए आउटलेट में गुलाब जामुन, पाव भाजी, छोले भटूरे और मोतीचूर लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

# अष्टमी में मां दुर्गा को इन टोटकों से करें प्रसन्न, दिन दोगुनी-रात चौगुनी होगी तरक्की

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करते हैं। कहते हैं कि अगर सच्चे मन से मां की आराधना की जाए तो वो प्रसन्न होकर भक्तों के सारे दुख- दर्द दूर कर देती हैं। वहीं इन दिनों मां को प्रसन्न करने के लिए कुछ उपाय भी किए जाते हैं। खासकर अष्टमी के दिन। अष्टमी को महा दुर्गाष्टमी भी कहा जाता है। इस बार ये 16 अप्रैल को है। मान्यता है कि इस दिन मिट्टी के नौ कलश रखकर देवी दुर्गा के नौ रूपों का आह्वान किया जाता है। इस दिन कुछ टोटके करके आप दुर्भाग्य और दरिद्रता दूर करते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

**अष्टमी पर चमत्कारी टोटके**

मनोकामना पूरी करने के लिए

मां दुर्गा को कमल का फूल बहुत प्रिय है। ऐसे में अष्टमी के दिन मां दुर्गा के मंदिर जाकर उनकी चरणों में 8 कमल के फूल अर्पित करने से विशेष लाभ मिलता और आपकी हर मनोकामना पूरी होती है।

**सुख- समृद्धि के लिए**



नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा सप्तशती का पाठ करना जरूरी है, लेकिन अगर आप अब तक नहीं कर पाए हैं तो इसे महाअष्टमी के दिन जरूर करें। अष्टमी की रात को घर में या दुर्गा मंदिर में जाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। इससे घर में सुख- समृद्धि आती है।

**सौभाग्य की वृद्धि के लिए**

इस दिन रात को अपने घर के मुख्य दरवाजे पर गाय के घी का एक दीपक जरूर जलाएं। माना जाता है कि इससे सारे ग्रह दोष दूर होते हैं और साथ में सौभाग्य की वृद्धि होती है।

**मधुर दांपत्य जीवन के लिए**


महाअष्टमी की रात को देवी मंदिर में उन्हें सोलह श्रृंगार अर्पित करने से जीवन की सारी मुसीबतें दूर होती हैं। माना जाता है कि इससे पति-पत्नी के संबंधों में मजबूती आती है।

**कर्ज से निजात के लिए**

अगर आप काफी समय से कर्ज के भार से दबे हैं तो दुर्गाष्टमी के दिन ये टोटका जरूर करें। इस दिन मां दुर्गा को 9 लौंग चढ़ाएं और फिर मां काली के दर्शन करें। ऐसे करने से कर्ज से निजात मिलता है।

# श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं थावे दुर्गा मंदिर में होती हैं पूरी

**पटना।** बिहार में गोपालगंज जिले के थावे दुर्गा मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है। गोपालगंज के सुप्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर दो तरफ से जंगलों से घिरा है और इस मंदिर का गर्भगृह काफी पुराना है। इस मंदिर में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने आते हैं। वैसे यहां सालों भर भक्तों की कतार लगी रहती है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र में पूजा करने का विशेष महत्व है।



नवरात्रि के नौ दिनो में यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र में यहां खास मेला भी लगाया जाता है। इसके अलावा इस मंदिर में सोमवार और शुक्रवार को विशेष पूजा होती है। सावन के महीने में भी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस मंदिर को लोग थावे वाली माता का मंदिर, सिंहासिनी भवानी के नाम से भी जानते हैं। यहां नवरात्र में पशुबलि देने की भी परम्परा है। लोग मां के दरबार में खाली हाथ आते हैं लेकिन मां के आशीर्वाद से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। थावे दुर्गा मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है। थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना की कहानी काफी रोचक है। चेरो वंश के राजा मनन सिंह खुद को मां दुर्गा का बड़ा भक्त मानते थे, तभी अचानक उस राजा के राज्य में अकाल पड़ गया। उसी दौरान थावे में माता रानी का एक भक्त रहषु था। रहषु के द्वारा पटेर को बाघ से दौनी करने पर चावल निकलने लगा। यही वजह थी कि वहां के लोगों को खाने के लिए अनाज मिलने लगा। यह बात राजा तक पहुंची लेकिन राजा को इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था। राजा

रहषु के विरोध में हो गया और उसे ढोंगी कहने लगा और उसने रहषु से कहा कि मां को यहां बुलाओ। इस पर रहषु ने राजा से कहा कि यदि मां यहां आईं तो राज्य को बर्बाद कर देंगी लेकिन राजा नहीं माना। रहषु भगत के आह्वान पर देवी मां कामाख्या से चलकर पटना और सारण के आमी होते हुए गोपालगंज के थावे पहुंची। राजा के सभी भवन गिर गए। इसके बाद राजा मर गया। एक अन्य मान्यता के अनुसार, हथुआ के राजा युवराज शाही बहादुर ने वर्ष 1714 में थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना उस समय की जब वे चंपारण के जमींदार काबुल मोहम्मद बड़हरिया से दसवीं बार लड़ाई हारने के बाद फौज सहित हथुआ वापस लौट रहे थे। इसी दौरान थावे जंगल मे एक विशाल वृक्ष के नीचे पड़ाव डाल कर आराम करने के समय उन्हें अचानक स्वप्न में मां दुर्गा दिखीं। स्वप्न में आये तथ्यों के अनुरूप राजा ने काबुल मोहम्मद बड़हरिया पर आक्रमण कर विजय हासिल की और कल्याण पुर, हुसेपुर, सेलारी, भेलारी, तुरकहा और भुरकाहा को अपने राज के अधीन कर लिया। विजय हासिल करने के बाद उस वृक्ष के चार कदम उत्तर दिशा में राजा ने खुदाई कराई, जहां दस फुट नीचे वन दुर्गा की प्रतिमा मिली और वहीं मंदिर की स्थापना की गई।

**गोपालगंज के सुप्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर दो तरफ से जंगलों से घिरा है और इस मंदिर का गर्भगृह काफी पुराना है। इस मंदिर में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने आते हैं। वैसे यहां सालों भर भक्तों की कतार लगी रहती है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र में पूजा करने का विशेष महत्व है।**